

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 335 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 25 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# राम मंदिर से पहले भक्तों को मिलेगा अयोध्या एयरपोर्ट का उपहार

**न्यूज एजेंसी**

अयोध्या. अगले साल जनवरी में श्री राम मंदिर के उद्घाटन से पहले इस दिसंबर में नए अयोध्या हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन शुरू हो सकता है. केंद्र की हवाईअड्डे को करीब पांच गुना विस्तार करने की भी योजना है. वर्तमान हवाईअड्डा, जो दिसंबर से काम शुरू करेगा, में 6250 वर्ग मीटर के क्षेत्र में एक टर्मिनल भवन है. यह पीक आवर्स के दौरान 500 यात्रियों को संभाल सकता है, इसका रनवे 2,200 मीटर का है और यहां चार विमानों को पार्क करने की क्षमता है.

प्रोजेक्ट का प्रस्तावित चरण-2 काफी बड़ा होगा. इसमें 30,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाला एक नया टर्मिनल भवन होगा, जो पीक आवर्स के दौरान कुल 3,200 यात्रियों को सेवा देने में सक्षम होगा. चरण-2 में 2,200 मीटर से 3,125 मीटर तक रनवे विस्तार और आठ ए-321 प्रकार के विमानों को पार्क करने के लिए एप्रन विस्तार को भी ध्यान में रखा गया है.



### हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए प्रवेश द्वार का काम करेगा यह हवाईअड्डा

न्यूज18 द्वारा प्राप्त केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक दस्तावेज में कहा गया है, "इस क्षेत्र में लगातार यात्रियों की बढ़ती संख्या और मांग को पूरा करने के लिए, अयोध्या हवाई अड्डे के भविष्य के विकास में यात्रियों की सुविधा को पूरा करने मद्देनजर एक नया टर्मिनल भवन, एप्रन और रनवे एक्सटेंशन का निर्माण प्रस्तावित है. अयोध्या को हिंदुओं के सात सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों (मोक्षदायिनी सप्त पुरियों) में से पहला माना गया है. हवाईअड्डा हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए प्रवेश द्वार के रूप में काम करेगा."

### भूमि अधिग्रहण का काम जारी

अगले साल 22-24 जनवरी के बीच पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम मंदिर का उद्घाटन किए जाने की उम्मीद है. केंद्र ने पिछले सप्ताह परियोजना के चरण-2 के लिए पर्यावरण मंजूरी के लिए आवेदन किया था. उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों ने यह भी कहा कि विस्तारित हवाई अड्डे और बड़े रनवे के लिए युद्ध स्तर पर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है.

### चरण-1 का रनवे का काम पूरा

अयोध्या हवाईअड्डे को 'मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे' के नाम से जाना जाएगा. इस महीने की शुरूआत में अयोध्या प्रशासन ने कहा था कि परियोजना के चरण-1 का रनवे का काम पूरा हो गया है और एटीसी टावर भी तैयार हो गया है. पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद से और बाद में अन्य महानगरों से उड़ानें शुरू करने की योजना है.

# बेटी दिवस पर बेटियों ने दिया स्वच्छ भारत अभियान का संदेशः- अश्वनी जैन

सिरसागंज। नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर एवं जिला विज्ञान क्लब,फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत एक पोस्टर प्रदर्शन का आयोजन किया। जिसमें बेटियों ने स्वच्छ भारत मिशन पर अलग- अलग पोस्टर प्रदर्शित करके आम- जनमानस को जागरूक संदेश प्रदान किए। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि बेटियों ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान पर विभिन्न जागरूक एवं आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाए हैं। बेटियों ने इन पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता को अपनाने एवं गंदगी को दूर भगाने के प्रति आम- जनमानस को जागरूक किया है। उन्होंने सभी को बेटी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना कीं। उन्होंने बेटियों से अपने परिवार, पड़ोसियों, ग्रामवासियों, नगरवासियों एवं जनपद वासियों को इस पवित्र मिशन में अपना योगदान प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।



# नोएडा सेक्टर 62: आज होगा श्रीरामलीला महोत्सव 2023 का भूमि पूजन।।

**समाज जागरण डेस्क**

आज प्रातः 10 बजे से सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित होनेवाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि कल भूमिपूजन समारोह में शहर के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला मंचन का आयोजन करेगी।उन्होंने बताया कि श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा।



15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा।19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी।24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन होगा।25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।भूमिपूजन के साथ ही महोत्सव की सभी तैयारियां प्रारंभ हो जायेंगी।

बैठक में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल,महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, उपाध्यक्ष राजकुमार गर्ग, बजरंगलाल गुप्ता, पवन गोयल, एस एम गुप्ता, गौरव मेहरोत्रा, शांतनु मित्तल, प्रवीण गोयल, ललित कंसल, मनोज गोयल, र-किेश कुमार, अर्जुन कुमार, राजकुमार बंसल, संतोष त्रिपाठी, सुधीर पोड़वाल, ललित सिंघल, किशनलाल झारवार,संदीप पोरवाल, विनय हिन्दू सहित श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।


जनहित में जारी

## सभी मंदिरों के प्रधान एवं सदस्य गण कृपया ध्यान दें

यदि आप किसी मंदिर के ट्रस्टी या कार्यकर्ता हैं। या आपके आसपास कोई मंदिर है। उसकी दान पेटी 27 सितंबर 2023 को उपस्थित सदस्यों के बीच खुलवा दें, हो सकता है किसी सज्जन ने दान के रुप में 2000 का नोट डाला हो तो दूसरे दिन बैंक में मंदिर के खाते में जमा आसानी से हो जाएगा।अगर दान पेटी 30 सितंबर के बाद खोली गई और उसमें 2000 का नोट निकला तो वो नोट कहीं भी चलायमान नहीं होगा।

कृपया मंदिर हित में इस सन्देश को ज्यादा से ज्यादा शेयर करें।


# सीएम योगी ने भारत मोटो जीपी के विजेता मार्को बेजेची को प्रदान की ट्रॉफी

## ट्रॉफी वितरण से पूर्व सीएम योगी ने मोटो जीपी की मुख्य रेस का किया अवलोकन



लखनऊ, 24 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'मोटो जीपी भारत' के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी की मुख्य रेस का अवलोकन किया और रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की। इससे पहले सीएम योगी मोटो जीपी रेस के अंतिम क्षणों के रोमांच के गवाह भी बने, जब अंतिम लैप में शीर्ष राइडर्स के बीच आगे निकलने की होड़ मची थी। सीएम योगी के साथ केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है की मोटो जीपी का अयोजन भारत में पहली बार किया जा रहा है। 22 सितंबर से ही इस इवेंट के तहत विभिन्न रेस का आयोजन किया जा चुका है। रविवार सुबह ही सीएम योगी ने मोटो जीपी से जुड़े ऑर्गेनाइजर्स और स्टेक होल्डर्स को भारत में इस तरह के अंतरराष्ट्रीय खेल के अयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया था।

### सीएम ने देखा अंतिम लैप का रोमांच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य रेस का अवलोकन करने के लिए गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचे और कुछ देर रेस के अंतिम क्षणों का लुत्फ उठाया। इस दौरान फाइनल लैप में शीर्ष 2 राइडर्स मार्को बेजेची और जे मार्टिन के बीच रोमांचक मुकाबला चल रहा था। खासतौर पर अंतिम लैप में दोनो ही राइडर्स जान लगाते नजर आए। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के वर्ल्ड क्लास ट्रैक पर पावरफुल बाइक्स के शोर के बीच वीआईपी लाउंज के सेकंड फ्लोर की बालकनी में खड़े होकर सीएम योगी ने भारत में पहली बार आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता के रोमांचकारी आखिरी लम्हों का लुत्फ उठाया। इस बीच हरदीप सिंह पूरी के साथ वह रेस के विषय में चर्चा करते भी नजर आए। रेस खत्म होने के बाद सीएम योगी और अनुराग ठाकुर ने पोडियम एरिया में शीर्ष 3 राइडर्स को ट्रॉफी प्रदान की। विनर ट्रॉफी को भारत के नक्शे के आकार का बनाया गया था। ट्रॉफी वितरण के बाद तीनों राइडर्स पारंपरिक अंदाज में शैंपेन के साथ जश्न मनाते नजर आए।

### 21 लैप में पूरी हुई रेस

मोटो जीपी की मुख्य रेस 21 लैप में पूरी हुई। हर लैप्स में ड्राइवर्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शनिवार को क्वालीफाइंग के दौरान शीर्ष स्थान हासिल करने वाले मार्को बेजेची ने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विजेता होने का गौरव जसिलंक। उनके बाद प्रामैक के जॉर्ज मार्टिन दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने शनिवार को स्प्रिंट रेस जीती थी। वहीं फेबियो क्वाटारो ने चौंकाते हुए यामाहा को पोडियम तक पहुंचा दिया। हालांकि, चैंपियनशिप लीडर पेको बागनिया भारत ग्रां प्री से बाहर हो गए। यह इटैलियन राइडर टर्न 5 पर फिसल गया था।

### सीएम ने उद्यमियों और किसानों की हर समस्या के निस्तारण का दिया आश्वासन

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में हरियाणा टेक्सटाइल एसोसिएशन एवं निवेशकों से संवाद के साथ ही किसानों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी भेंटवार्ता की। इस दौरान किसानों और उद्यमियों ने सीएम के समक्ष अपने मुद्दों को रखा। किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने शोर भूमि के संबंध में मुख्यमंत्री जी द्वारा लिए गए फैसले को लेकर उनका आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सीएम ने किसानों और उद्यमियों को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी समस्या उनके सामने आएगी, उसका प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार किसानों और उद्यमियों के लिए हर समय उपलब्ध है और उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इसके बाद सीएम ने जिले के अधिकारियों से शहर की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

# पत्रकार की ठेली और नोएडा की सड़क

**जेई नोएडा प्राधिकरणः** ये किसका ठेली है सड़क से हटाओं यूपी ट्रैडफेयर है साहब का आदेश है और तुम बीच मे ही ठेली लगा लिये हो।

**ठेली पत्रकार** : ये जेई साहब शहर मे कितने ठेली लग रहे है जी, किस किसको हटायेंगे आप ?

हम तो सड़क के बीच मे लगाये है न जी ! एक पत्रकार की ठेली लग गया तो आप बुल्डोजर लेकर आ गए।

आप जानते नही है हम सीधे सीधे मुख्यमंत्री को टवीट करेंगे और संस्पेंड------

मुख्यमंत्री सुने न सुने उनका काम है । अगर नही सुनेंगे तो धरना प्रदर्शन के लिए भी हमारे पास मे एक टीम है बैठ जायेंगे प्राधिकरण के बाहर गेट पर।

नही मानेंगे तो लखनऊ जायेंगे और वहां पर मुख्यमंत्री आवास के बाहर हम ठेली लगा देंगे अपना।

चले आए पत्रकार के ठेली हटाने । जानते नही है हमारे पास मे राजनीतिक दल भी है जिसके कारण आज तक सेक्टर 2 से अतिक्रमण नही हटा पाये। हम थोड़े ही बोल रहे है जी प्राधिकरण ने तो खुद ही लिखकर दिया है।




कोई खबर लिखवाना हो तो, लिखा लेना लेकिन फ्री नही 500 रुपये लगेंगे। भाई हमे भी तो देना पड़ता है।

अब जाओ यहाँ से ज्यादा करोंगे तो तुम्हारे विडियों डाल देंगे टवीटर पर ..........

बात करते है आखिर क्या कमी है हमारे पास मे सरकारी लाइसेंस भी है, फूड लाइसेंस भी है, प्राधिकरण मे फार्म भी जमा किया हुआ है और कोर्ट मे केस भी कर रखा है हमने।

**जेई नोएडा प्राधिकरण** : अच्छा ये बताओं की फूड लाइसेंस किसलिए ?

**ठेली पत्रकारः** भईया जी इसके साथ-साथ पान बीड़ी सिगरेट गुटखा भी तो बेच रहे है। कभी कभी पुड़िया भी बेच लेते है तो फूड लाइसेंस तो चाहिए न।

**जेई नोएडा प्राधिकरणः** पुलिस कुछ नही कहती है ?

ठेली पत्रकारः पुलिस क्या कहेगी क्या हम यह काम अकेले करते है बहुत सारे ठेली पटरी वाले करते है।

**जेई नोएडा प्राधिकरणः** चलों अब ठेली हटा लो जब तक ग्रेटर नोएडा मे ट्रैडफेयर चल रहा है। नही तो हमारी नौकरी चली जायेगी। नये निजाम साहब दौड़े पर है।

ठेली पत्रकारः अरे भईया निजाम साहब तो साफ सुथरे सेकटरों मे घुम रहे है उनकों अतिक्रमण हटाना होता तो नोएडा प्राधिकरण के सामने ही सेक्टर, 6,5,4,2 और 8,9,10 है वहाँ नही जाते।


आकर्षक आॅफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm


संस्थान का एक ही नारा जागे भारत देश हमारा, जीओ और जीवन दो।

# भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान निकाली गई प्रभातफेरी।।



**समाज जागरण डेस्क नोएडा**

नोएडा सेक्टर 75: भारतीय योग संस्थान के द्वारा हर वर्ष मनाये जाने वाले योग दिवस को लेकर नोएडा सेक्टर 75 मे योग प्रभातफेरी का निकाली गई। नोएडा जिला 5 के प्रधान राकेश अग्रवाल एवं जिला मंत्री श्री अजय गोयल के मार्ग दर्शन मे सुपरटेक ईको विलेज के पांच योग कक्षा से 65 साधक साधिकाओं ने इस प्रभात फेरी मे भाग लिया। बताते चले कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय योग संस्थान के द्वारा नई दिल्ली के छत्रशाल स्टेडियम मे आगामी 2 अक्टुबर को योग दिवस का आयोजन किया जायेगा। अधिक से अधिक जन सामान्य को योग से जोड़ने के लिए इस विशेष प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। जिसमे सेक्टर 75 से सुपरटेक, पंचशील, स्टेलर वन, एपेक्स, हवेलिया योग कक्षा के साधक साधिकाओं ने मिलकर प्रभातफेरी का आयोजन किया।

# संसाधनों पर भारी पड़ती जनसंख्या

## भारत की बड़ी जनसंख्या वैश्विक बाजार की आवश्यकता

**दैनिक समाज जागरण**

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी मैं काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है संसाधनों के उचित प्रयोग एवं सदुपयोग की।

अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि हम जानते हैं कि समस्याओं को उत्पन्न करने में हम ही लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं हम लोग को यह समझना होगा कि समस्याओं से निपटने की हमारी भूमिका उतनी ही अहम है जितनी शासन-प्रशासन की। इसीलिए जनसंख्या नियंत्रण उपलब्ध संसाधनों के समुचित सही दोहन की जिम्मेदारी हम सब पर होती है इसमें समुचित सहयोग प्रदान करना होगा तब जाकर भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आकर खड़ा हो सकता है।



**संजीव ठाकुर,स्तंभकार, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस आज है

बेटियों, बहनों, माताओं सबका
अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस आज है,
मातृशक्ति वंदन कानून बना है,
आप सभी को अनंत बधाईयाँ हैं।

आधी आबादी को पचास प्रतिशत
आरक्षण अधिकार मिलना चाहिये,
जिसकी जितनी जनसंख्या, उसको
उतनी ही भागीदारी मिलनी चाहिये।

आरक्षण जैसी यह आवश्यकता,
आखिर क्यों आन पड़ी भारत में है,
विभिन्न जाति-वर्ग-भाषा के लोग हैं,
पर सबके अधिकार समान नहीं हैं।

बेटियाँ नहीं शिक्षित हो पाती हैं,
बेटों को सुविधायें मिल जाती हैं,
बेटे पढ़लिख कर आगे बढ़ जाते हैं,
बेटियाँ घरों तक सीमित रह जाती हैं।

बेटियों को अवसर जब मिलता है,
सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा, गार्गी और
गायत्री, सीता बनकर दिखलाती हैं,
रानी झाँसी लक्ष्मी बाई बन जाती हैं।

आज विश्व भर में इन्ही बेटियों ने
अपने दम पर परचम लहराया है,
आदित्य बेटियाँ मातृशक्ति होती हैं
ईंट के मकान को घर बना देती हैं।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य**
**लखनऊ - 24 सितंबर 2023**

# बैठकी सनातन झेल रहा है-"धर्मयुद्ध"(भाग-3)

**दैनिक समाज जागरण**

कालबेल की आवाज ने तंद्रा मंग की !दरवाजा खोला,फिर क्या था जम गई बैठकी......!!

बैठते हीं मास्टर साहब बोल पड़े--"ए सरजी, सनातन के विरुद्ध धर्मयुद्ध में विधर्मियों का सबसे बड़ा अस्त्र "जातिगत राजनीति" हीं रहा है और आज भी भारतीय राजनीति में, विपक्षियों के पास यही ब्रम्हास्त्र, दिख रहा है! तभी तो कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियां "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" में ओबीसी आरक्षण और "जातिय जनगणना" को चुनावी मुद्दा बना रहीं हैं!"

लेकिन जातिय जनगणना तो यूपीए सरकार 2008 से करायी थी और उसका रिपोर्ट भी 2011में आ गया था!2011-2014 तक तो कांग्रेस की सरकार थी फिर क्यों नहीं रिपोर्ट प्रकाशित किया गया!!--उमाकाका पुछ बैठे!







ठीक कह रहे हैं काकाजी,और सुना है कि इस जनगणना में देश का 5000 करोड़ रुपये खर्च हुए थे!अपने शासन काल में रिपोर्ट प्रकाशित नहीं करने की क्या वजह हो सकती है जबकि उस समय देश की आर्थिक स्थिति भी दयनीय थी!!--पारसनेता पुछ बैठे!

नेताजी,कर्नाटक का भी यही हिस्ट्री है! 2013 से 2018 तक वहां कांग्रेस की सरकार थी ! 2014 में जातिय जनगणना करने का आदेश हुआ और 162 करोड़ का बजट भी पास हुआ था! 2015 में रिपोर्ट भी आ गई !लेकिन कांग्रेस ने आंकड़े जारी नहीं किये !फिर कांग्रेस पार्टी ने कहा कि 23 में हमारी सरकार आयेगी तो आंकड़े जारी करेंगे लेकिन कांग्रेस की सरकार बने कई महिने हुए, अभी तक आंकड़े जारी नहीं हुए!
अब सवाल उठता है कि कांग्रेस ने तो केंद्र और कर्नाटक में जातिया जनगणना करा लिया था लेकिन आंकड़े जारी क्यों नहीं किये!! और आज मोदी सरकार को आंकड़े जारी नहीं करने का ब्लेम कर रही है!--कुंवरजी अखबार उठाते हुए!

कुंवरजी,साल 2021 में महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दी थी कि केंद्र सरकार 2011 के आंकड़े जारी करे ताकि उसके आधार पर महाराष्ट्र सरकार, नगरपालिका,और जिला पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू कर सके! जिसपर केंद्र सरकार ने हलफनामा दाखिल करके बताया था कि 2011 की जनगणना में भयंकर गलतियां की गई हैं ! ये आंकड़े जारी करने लायक हैं हीं नहीं !ये आंकड़े विश्वसनीय हीं नहीं हैं क्योंकि 2011की जनगणना के अनुसार भारत में 46 लाख जातियां दर्शाई गई हैं जो पूर्णतः गलत है !1931 में जातिय जनगणना हुई थी जिसके अनुसार पुरे देश में 4147 जातियां और उपजातियां थीं! इतने लम्बे अंतराल के पश्चात हो सकता है कि अन्य उपाजातियां बनीं हों लेकिन इतनी जातियों का तो सवाल हीं नहीं पैदा होता है! सरकार ने कोर्ट को बताया कि सिर्फ महाराष्ट्र में हीं 4 लाख 28 हजार जातियों का उल्लेख किया गया है !और महाराष्ट्र के 10 करोड़ जनसंख्या में एक करोड़ की आबादी के डाटा में जाति का उल्लेख हीं नहीं है !इसी वजह से,मोदीजी सरकार ने, 2011 का डाटा जारी नहीं किया!--डा.पिंटू तो बड़े अपटूडेट दिखे!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर, पुनः वार्ता की ओर........

ठीक कहनी हा ए डा. साहब! इ त महा वाहियात जनगणना रहल हा! भला हिंदूअन में 46 लाख जाति बा!! बाकि एकरे के लेके रहुलवा, राजनीति करता नू !आ ओबीसी वर्ग के देखावल चाहता कि मोदी सरकार, जानबूझ के जनगणना रिपोर्ट निइखे देखावल चाहत! कांग्रेसिया आ विपक्षिया कुल्ही, बाड़ा धूर्त बाड़न स!--मुखियाजी मुंह बनाये!

यही नहीं मुखियाजी! राहुल गांधी के नाना, जवाहर लाल नेहरु,अंबेडकरजी और सरदार पटेल ने मिलकर,यह भी फैसला किया था कि भारत में जातिय जनगणना सिर्फ एसटी और एससी का हीं किया जायेगा अन्यथा देश में अशांति और अव्यवस्था फैल सकती है!--मास्टर साहब बोल पड़े!

मास्टर साहब, सनातन के विरुद्ध जंग में,हिंदुओं को गुटों में बांटना, एक बड़ा अस्त्र है न! मोदी को हटाने के लिए, हिंदू वोट का बंदरबांट जरुरी है !तो बेचारे विपक्षी क्या करें!! इन्हें तो किसी तरह पिछड़ों को अपनी ओर करने की चिंता है!--उमाकाका कहकर मुस्कुराये!

असल में, विपक्षी पार्टियों की स्पष्ट नीति रही है कि मुस्लिम वोट तो उनका है हीं,बस हिंदू वोट में सेंधमारी कर लेंगें तो जीत निश्चित है!भले भाजपा वाले उपर से बोलें कि उन्हें, मुस्लिम वोट भी मिलता है लेकिन सच ये है हीं नहीं! ये सब झुठ और शाजिस की मोटरी हैं ! देखते नहीं हैं कैसे ये मुस्लिम अपना नाम हिंदू रखकर,हिंदू लड़कियों के साथ लव जिहाद करते हैं!--पारसनेता अपनी कहे!



अच्छा एक बात समझ में नहीं आती कि नेहरूजी, पंडित नेहरु कहलाते थे लेकिन आजादी के बाद सारे कर्म हिंदू विरोधी हीं क्यों किये!!--उमाकाका प्रश्न उठाये!




उनकी करनी तो हमलोगों ने देख लिया है !यूपीए के शासनकाल में "एन्टी कम्युनल वायलेशन बिल" को कांग्रेस ने दो बार संसद में पास कराने का प्रयास किया जो इतना सनातन धर्म के विरुद्ध था कि यदि पास हो जाता तो सनातन को समाप्त होने में मात्र 10 साल लगता! वो तो अटलजी का हम सनातनियों को, सुक्रगुजार होना चाहिए कि संसद में पारित नहीं होने दिया!--डा. पिंटूहाथ चमकाये!

इ का रहे!!डा. साहब!!--मुखियाजी चिहुंके!

किसी को मेरी बात झूठी लगे तो गुगल पर देख ले! ये बिल यदि लागू हो जाता तो कहीं भी हिंदू-मुस्लिम विवाद होता तो हिंदू को सिद्ध करना होता कि वो बेकसूर है! मुस्लिमों को दोषी माना हीं नहीं जाता! दंगा होने पर जिम्मेवार सिर्फ हिंदू हीं माना जाता!और जिस किसी न्यायालय में इससे संबंधित विवाद होता तो जज,मुस्लिम हीं होगा हिंदू नहीं! ऐसे अनेकों प्रावधान थे जिससे हिंदूओं की घोर प्रताड़ना की जाती!--डा. पिंटू चुप हुए!

मुखियाजी,आजादी के बाद से हीं भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने की पुरी तैयारी कर ली गयी थी! हिंदूओं के लिए सिर्फ आरक्षण दिया गया ताकि सनातनी सदा आपस में लड़ते रहें और कभी "गजवा ए हिंद" को समझ हीं न पायें !--मास्टर साहब मायूस लगे!

एकर मतलब साफ बा जे सनातन के संगे धर्म युद्ध अबहिंयो जारी बा! अब त भगवाने नु बचइहें !अच्छा अब चलल जाय, बड़ा देर भइल!--कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# भारत-कनाडा के बिगड़ते रिश्ते

**दैनिक समाज जागरण**

भारत और कनाडा के बीच रिश्ते पिछले कुछ समय से तनावपूर्ण रहे हैं। लेकिन बीते सप्ताह, भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के तुरंत बाद दोनो देशों के द्विपक्षीय संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए। कैनेडियन प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक कनाडाई सिख और खालिस्तान टाइगर फोर्स के चीफ हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाने के बाद, भारत ने ना सिर्फ. तुरंत आरोपों का सिरे से खंडन किया बल्कि आधिकारिक बयान जारी कर ट्रूडो के आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताय. दोनों देश अब आमने-सामने हैं और राजनीतिक और कूटनीतिक विवाद के निकट भविष्य में कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है।
भारत के आधिकारिक बयान में यह भी कहा गया की कनाडा के दावे पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं क्योंकि कनाडा ने केवल आरोपों के आधार पर बिना कोई सबूत के एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। गुरुवार को केंद्र ने कनाडा में वीजा प्रसंस्करण सेवाओं को यह कहते हुए निलंबित कर दिया की भारतीय राजनयिक खालिस्तान समर्थक ताकतों की धमकियों के कारण अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हैं।
भारत ने ओटावा से दिल्ली में अपने राजनयिक कर्मचारियों की संख्या कम करने के लिए भी कहा।
केंद्र ने कहा कि दोनों देशों में राजनयिक उपस्थिति के बीच समानता होनी चाहिए क्योंकि कनाडा की यहां अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक उपस्थिति है। सरकार औपचारिक रूप से राजनयिक संबंधों को कम करती है या नहीं, यह संभवतः इस बात पर निर्भर करेगा कि कनाडा इस कदम पर कैसे प्रतिक्रिया देता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत कनाडा से किसी भी विशेष जानकारी पर गौर करने के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है और भारत ने पूर्व में ही कनाडा के अधिकारियों के साथ 20 से अधिक खालिस्तान आतंकवादियों की एक सूची फिर से साझा की है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है. कनाडा यह कहता आ रहा है कि वह उचित समय पर निज्जर के हत्या में भारत के संपलितपता का साक्ष्य साझा करेगा, लेकिन अब तक उसने अपने इस आरोप को केवल 'विश्वसनीय खुफिया जानकारी' का हवाला दिया जा रहा है.

### कौन था खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर-

निज्जर भारत में कई अपराधों के लिए वांछित था। 2016 में, भारतीय अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल के पास रेड नोटिस दायर किया था। 18 जून को अज्ञात हमलावरों ने कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सिख मंदिर की पार्किंग में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस समय, कुछ कनाडाई पत्रकारों ने खालिस्तानी समूहों के भीतर आंतरिक लड़ाई की ओर इशारा किया था।
भारतीय खुफिया एजेंसियों ने हरदीप सिंह निज्जर को लेके डोजियर भी जारी किया है. इसमें कहा गया है कि निज्जर ने कनाडा में अपने संगठन में लोगों की ट्रेनिंग, वित्तीय सहायता और संचालन के केंद्रबिंदु में था. निज्जर का नाम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएस-।आई से भी जोड़ा गया है. उसने आईएस-।आई की सहायता से पाकिस्तान में ट्रेनिंग ली थी और देश के अन्य खालिस्तानी नेताओं से नजदीकी बढ़ाई. डोजियर में यह स्पष्ट किया गया है की निज्जर ने पंजाब और भारत के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों की फंडिंग भी की.

### ट्रूडो की राजनीति-

कनाडाई प्रधान मंत्री की अपने देश में चरमपंथ - अलगाववादी जो सिखों के लिए एक अलग मातृभूमि खालिस्तान की हिंसक वकालत करते हैं - के प्रति आंखें मूंद लेने की आदत ने उन्हें भारत में सबसे नापसंद विश्व नेता बना दिया है। ट्रूडो के प्रति भारत के रोष की जड़ें उनके पिता, पियरे ट्रूडो, जो 1968 से 1979 तक और फिर 1980 से 1984 तक कनाडा के प्रधान मंत्री थे, के साथ असंतोषजनक रिश्ते से भी जुड़ी है। पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर नामक एक सिख आतंकवादी को सौंपने के भारत के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। परमार बाद में उस आतंकवादी संगठन का प्रमुख बन गया जिसने 1985 में एयर इंडिया की जहाज को बम से उड़ाया जिसमें 268 कनाडाई नागरिक के साथ कुल 329 यात्री मारे गयें.

2016 में, जस्टिन ट्रूडो के प्रधान मंत्री बनने के तुरंत बाद, एक पैरोल बोर्ड ने 1985 के एयर इंडिया धमाके के लिए दोषी ठहराए गए एकमात्र व्यक्ति को नौ साल की सजा का केवल दो-तिहाई पूरा करने के बाद रिहा कर दिया।
2018 में, जब ट्रूडो ने भारत का दौरा किया, तो पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने उन्हें वांछित आतंकवादियों की एक सूची सौंपी - जिसमें निज्जर भी शामिल था। ट्रूडो ने इस संदर्भ में कुछ नहीं किया।

ऐसा कहा जाता है की अभी कनाडा में ट्रूडो की लोकप्रियता भी काफी कम है और अगले चुनाव में लिए उनकी लिबरल पार्टी का बहुमत लाना संभव नहीं है। इस हाल में ट्रूडो को उनके सहयोगी दल डेमोक्रेटिक पार्टी की समर्थन की खासी जरूरत होगी। डेमोक्रेटिक पार्टी के लीडर जगमीत सिंह को खलिस्तान समर्थक माना जाता है। ऐसा कयास लगाये जा रहा है की अगर पश्चिमी देशों में कनाडा के हितैषी जैसे की अमेरिका और ब्रिटेन ने अगर ट्रूडो पे खासा दबाव ना बनाया तो, कैनेडियन प्रधानमंत्री के तेवर बदलते नहीं नजर आ रहे।

### क्या कहना है 'फाइव आईज का'-

फाइनेंशियल टाइम्स ने गुरुवार को बताया कि हालांकि कनाडा ने अभी तक निज्जर के हत्या में भारत के खिलाफ सबूत भारत के साथ साझा नहीं किए हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन और अन्य नेताओं ने इस महीने की शुरूआत में दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से इस घटना के बारे में चिंता व्यक्त की थी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक सम्मेलन के दौरान फाइव आईज - एक खुफिया-साझाकरण नेटवर्क जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं - के कई सदस्यों ने नरेंद्र मोदी के साथ इस मुद्दे को उठाया।


ये भी कहा जा रहा है की कनाडा द्वारा अपने सहयोगियों से मामले को सीधे मोदी के समक्ष उठाने का आग्रह करने के बाद नेताओं ने जी20 शिखर सम्मेलन में हस्तक्षेप किया।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने गुरुवार को कहा कि निज्जर हत्याकांड के बारे में ओटावा के दावों के बाद अमेरिका उच्च स्तर पर भारतीयों के संपर्क में है और वाशिंगटन इस मामले में भारत को कोई "विशेष छूट" नहीं दे रहा है।

### अब आगे क्या-

ये पहली बार नहीं हो रहा है की भारत और कनाडा के संबंध तल्ख हुए है, पहले भी दोनों देश के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर रहा है, हालाँकि इसके बाद भी दोनो देश मुक्त व्यापार को ले समझौता लेने को लेकर तैयार थे. कांग्रेस एमपी और पूर्व विदेशमंत्री शशि थरूर ने शनिवार को संसद में कहा की– "भारत और कनाडा के बीच एक प्रमुख व्यापारिक संबंध है, कनाडा में 17 लाख भारतीय रहते हैं। कनाडा में भारतीय छात्रों की आबादी इतनी बड़ी है कि उनके अंतरराष्ट्रीय छात्र में 40 प्रतिशत भारतीय हैं। इसलिए यह सब देखते हुए, मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है की भारत-कनाडा संबंध महत्वपूर्ण है".

विदेश मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 3,21,00,340 प्रवासी भारतीयों में से 5.26% (16,89,055) कनाडा में हैं। इनमें 1,78,410 एनआआई और 15,10,645 भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ) शामिल है. कनाडा उन कुछ देशों में से है जिनके साथ भारत का व्यापार अधिशेष है। 2022-23 में, कनाडा को भारत का निर्यात $4,109.74 रहा
मिलियन, जो देश से इसके आयात ($4,051.29 मिलियन) से अधिक था.
समकालीन विश्व में अब देशों के बीच रिश्तों को पूरी तरीके से तोड़ा नहीं जा सकता, तो होना ये चाहिए की कनाडा दोनों देशों के सिख समुदाय के सदस्यों, भारत सरकार के प्रतिनिधियों और कनाडाई अधिकारियों सहित सभी हितधारकों के बीच खुली और समावेशी बातचीत को प्रोत्साहित करें। दोनों देशों को खासकर कनाडा को किसी भी राजनीतिक अतिवाद से निपटने के लिए कानूनी कदम उठाने चाहिए।



**अविकल नारायण शुक्ल**
**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं शिक्षाविद् है)**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# "मन की बात" लखनऊ महानगर में उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायको, पदाधिकारियों ने कार्यकताओं संग सुना

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । महानगर में आज उपमुख्यमंत्री,मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारी ने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम के 105वे संस्करण को बूथ स्तर पर सुना गया।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ कैंट विधानसभा के अंतर्गत गणेशगंज के आर्य समाज मंदिर में बूथ नंबर 239, वैदिक कन्या पाठशाला पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नगर निगम उप नेता सुशील कुमार तिवारी 'पम्मी', मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मंडल अध्यक्ष विनायक पांडे, हेमंत दयाल और कार्यकताओं के साथ सुना। सह मीडिया प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया कि लखनऊ महानगर में अन्य स्थानों पर मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने पीली कॉलोनी राधा कृष्ण ऐशबाग की बूथ संख्या 12 पर, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर मंडल-5 दुर्गा पूजा पार्क जानकीपुरम में, प्रदेश महामंत्री एमएलसी सुभाष यदुवंश ने बूथ संख्या 188 अमीनाबाद पार्क के गणेश पंडाल में, एमएलसी मुकेश शर्मा ने पश्चिम मंडल दो बूथ संख्या 143 कैंपल रोड में, विधायक डॉ नीरज बोरा ने इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर शिविर कार्यालय में, अंजनी श्रीवास्तव ने पश्चिम मंडल एक की बूथ संख्या 338 में तथा वरिष्ठ नेता रजनीश गुप्ता ने बूथ संख्या 163 पर मन की बात कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष,पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ देखा व सुना।



# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का किया उद्घाटन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने चंदर नगर,आलमबाग स्थित नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत आयोजित "आयुष्मान कार्ड वितरण" और निःशुल्क स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ कर पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड वितरण करते हुए उन्हें उत्तम स्वास्थ्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, पार्षद पीयूष दीवान सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए क्षेत्रीयगण उपस्थित रहे। अन्य नगरीय सामुदायिक केंद्रों में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, इंदिरा नगर सामुदायिक केंद्र पर, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा सिल्वर जुबली सामुदायिक केंद्र पर, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक नवल किशोर रोड हजरतगंज पर , प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश रेड क्रॉस सामुदायिक केंद्र पर, प्रदेश विधायक योगेश शुक्ला और प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा चिनहट पर तथा प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी सरोजिनी नगर सामुदायिक केन्द्र पर उपस्थित रहकर अभियान संयोजक राकेश सिंह, हेमंत दयाल और कार्यकताओं के साथ स्वास्थ्य लाभ योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों और पात्र व्यक्तियों को दिलाने में सहयोग किया। मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों (स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, शल्य चिकित्सा ,निश्चेतक ,दंत रोग) विशेषज्ञ के द्वारा चिकित्सीय सुविधा प्रदान की गई।



इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से हम सब कार्यकताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं और बहनों को प्रमुखता से लिया है। देश और दुनिया में लोग भारत की संस्कृति को अपना रहे हैं, भारत के संगीत को अपना रहे हैं। भारत के संगीत की चर्चा दुनिया के हर प्लेटफार्म पर हो रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी की बेटी कैसी के बारे में बताया कि किस ढंग से वह भारतीय संगीत से प्रभावित है। जी 20 ने भारत का परचम आकाश तक फहराने का काम किया है।
उन्होंने कहा आयुष्मान सेवा पखवाड़े में हम वृहद स्तर पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवा रहे हैं और इसके साथ निशुल्क हेल्प चेकअप कैंप भी लगवा रहे हैं। शनिवार और रविवार को सीएचसी और पीएचसी पर निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जा रहे हैं। जिसमें लोग चेकअप करा कर अपने गांव में सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। सेवा पखवाड़े में गरीब कल्याण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया मेले में कुल 73 मरीजों को विशेषज्ञों द्वारा उचित उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया । स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा एक मेजर सर्जरी किया गया। आयुष्मान भव मेले के अंतर्गत आरोग्य मित्र के द्वारा लगभग 15 गोल्डन कार्ड बनाए गए उपमुख्यमंत्री द्वारा अंकित सिंह, अंशिका सिंह, संगीता सिंह, राजेश सिंह, अनामिका सिंह ,मुस्कान ,विष्णु महेश कुमार, कंचन तथा वासुदेव को गोल्डन कार्ड वितरित किए गए।

# पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा

## उ.प्र.की केन्द्रीय बैठक में संघर्ष मोर्चा का विस्तार करते हुए आन्दोलन की बनी रणनीति

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा की केन्द्रीय बैठक में भारत सरकार के मेमोरेंडम दिनांक - 03.030.2023 के अनुक्रम में एनपीएस नोटिफिकेशन डेट के पूर्व विज्ञापन द्वारा चयनित शिक्षकों/ कर्मचारियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आदेश कर पुरानी पेंशन से आच्छादित कराने हेतु प्रदेशव्यापी आन्दोलन खड़ा करने हेतु संघर्ष मोर्चा का विस्तार किया गया । जिसके क्रम में सात प्रदेश संयोजक व पांच सहसंयोजक बनाए गए । संयोजक - तारकेश्वर शाही, विनय कुमार सिंह, सुभाष कन्नौजिया, डा. महेंद्र राय, पवन राय, मनोज राय, नीरज तिवारी तथा सहसंयोजक - प्रशांत बाजपेई, सुधीर कुमार, त्रिपुरारी दूबे, चिंतामणि पाण्डेय, नृपेन्द्र शुक्ल को बनाया गया । बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मेमोरेंडम जारी कराने के लिए जिलों में संघर्ष मोर्चा को गठित करते हुए प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बड़ी रैली की जाएगी ।
बैठक में विभिन्न जनपदों व विभागों से शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित हुए, जिसमें प्रमुख रूप से ज्ञान प्रकाश सचान, संजीव कुमार निगम, संतोष गुप्ता, ज्ञानेंद्र शंकर त्रिपाठी, अजय कुमार सिंह,अरविंद कुमार सिंह,सुभाष यादव, विनोद मिश्रा,पवन शुक्ल आदि सम्मिलित रहे




# टीबी रोगियों को कुपोषण से बचाने में योगी सरकार ने तेज किये प्रयास

**- प्रदेश में जनवरी से सितंबर तक टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार के लिए 2.78 लाख मरीजों को किया गया भुगतान**

**- योगी सरकार ने टीबी मरीजों में कुपोषण को खत्म करने के लिए और तेज किए प्रयास**

**- टीबी मरीजों को दवा के साथ साथ पौष्टिक आहार लेना भी जरूरी**

लखनऊ, 24 सितंबरः योगी सरकार प्रदेश को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए कुपोषित टीबी मरीजों को पोषाहार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र की निक्षय पोषण योजना का लाभ देने के लिए योगी सरकार ने प्रयास तेज कर दिये हैं। टीबी के मरीजों को पोषित रखने के लिए निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत इस साल एक जनवरी से 17 सितंबर तक 2.78 लाख टीबी मरीजों को भुगतान किया जा चुका है। योगी सरकार की मंशा है कि सभी टीबी मरीजों को पोषित रखा जाए, इसके लिए निरंतर प्रयास चल रहे हैं। मालूम हो कि प्रदेश में इस वक्त कुल 4 लाख 16 हजार टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है।

निक्षय पोषण योजना से टीबी ही नहीं कुपोषण को भी मात दे रहे मरीज
एसजीपीजीआई के पल्मोनरी विभागाध्यक्ष डॉ. जिया हाशिम के मुताबिक पोषण यूं भी शरीर के लिए बहुत जरूरी है। टीबी मरीज के लिए और जरूरी हो जाता है क्योंकि वह पहले से बीमारी के कारण कमजोर होता है। टीबी की कई दवाएं खाने पर उसे सपोर्ट के लिए पोषक आहार की जरूरत होती है। योगी सरकार की मॉनिटरिंग से निक्षय पोषण योजना से टीबी के मरीजों को काफी मदद मिल रही है। वहीं टीबी संक्रमित मरीजों को दवा के साथ-साथ अच्छा खाना, कम्युनिटी सपोर्ट के साथ प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। यही वजह है कि वह टीबी से स्वस्थ होकर टीबी चैंपियन के रूप में योगी सरकार का सहयोग कर रहे हैं। एसजीपीजीआई की डायटिशियन प्रीति यादव का कहना है कि टीबी मरीजों को सिर्फ अपने रोग से मुकाबला नहीं करना होता है बल्कि कुपोषण की बाधा भी पार करनी होती है। लिहाजा टीबी में दवाइयों के साथ-साथ पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। कुपोषण से जूझ रहे लोगों में टीबी होने के आसार ज्यादा होते हैं और टीबी होने पर कुपोषण की आशंका बढ़ जाती है।

### ...तो इसलिए जरूरी है टीबी मरीज के लिए पौष्टिक आहार

वजीरगंज की अन्नो (40) अतिकुपोषित थीं, जिसके चलते टीबी के बैक्टीरिया ने उनके शरीर में आसानी से घर बना लिया और उन्हें अहसास भी नहीं हुआ। पता चलने पर इलाज शुरू हुआ, लेकिन कमजोर शरीर दवा की गर्मी झेलने में अपने को असमर्थ बताता था और कई बार घरवालों को भी उन्हें दवा खिलाने में बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। उन्होंने निक्षय पोषण योजना का लाभ लिया, जिससे वह टीबी से पूरी तरह मुक्त हो गईं।

### पोषित रहकर टीबी से आसानी से जीती जा सकती है जंग

सहादतगंज की रहने वाली इस्मत फातिमा (29) को जब टीबी हुई तो उनका पोषण स्तर ठीक था। लिहाजा उन्हें दवा सेवन में कोई दिक्कत नहीं हुई और छह माह दवा के सेवन के बाद पूर्ण स्वस्थ हो गईं। आज खुशहाल जीवन जी रही हैं और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। उनका अनुभव है कि टीबी गंभीर बीमारी जरूर है लेकिन पोषित रहकर उससे बेहतर तरीके से लड़ा जा सकता है।

### लैंसेट की रिपोर्ट में बताया गया पोषण सहायता का महत्व

अन्नो और इस्मत के केस यह समझाने के लिए पर्याप्त हैं कि किसी भी टीबी रोगी के लिए उसकी टीबी मुक्ति की यात्रा में शारीरिक पोषण स्तर का कितना महत्व है। लैंसेट ने हाल ही में इस तथ्य को अपनी रिपोर्ट में प्रकाशित किया है। इस परीक्षण में टीबी की रोकथाम के लिए परिवार के सदस्यों को पोषण सहायता प्रदान करने के महत्व को रेखांकित किया है। 10 हजार से अधिक परिवारीजनों पर किए गए इस परीक्षण में पोषण संबंधी सहायता के माध्यम से फेफड़े की टीबी वाले रोगियों के परिवार के सदस्यों में सभी प्रकार की टीबी लगभग 40% कम हो गई और संक्रामक टीबी लगभग 50% कम हो गई। रिपोर्ट में इस बात का भी उल्लेख है कि परीक्षण में शामिल लोगों में आधे कुपोषित थे।

# यंग जेनरेशन के रूप में निवेशकों के लिए यूपी सबसे बड़ा बाजारः सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से किया संवाद**

**सीएम ने मोटो जीपी के स्टेक होल्डर्स और ऑर्गनाइजर्स को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित**

**निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी: सीएम योगी**




ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 24 सितंबर। उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। ये संभावनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर में हैं, रोड कनेक्टिविटी में हैं, मेट्रो सेक्टर में हैं, एयर कनेक्टिविटी में हैं, वाटरवेज में हैं और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर इनवेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए आज मोटो जीपी में जितने भी इस फील्ड के निवेश करने के उत्सुक स्टेक होल्डर्स, ऑर्गनाइजर और अन्य महानुभाव आए हैं, उन सबको आमंत्रित करता हूं कि वे सभी उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का लाभ लें। उत्तर प्रदेश न सिर्फ मोटो जीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा मार्केट है, बल्कि यहां पर भारत की सबसे यंग जेनरेशन भी है जो आपके लिए एक अवसर होगा अपने निवेश को आगे बढ़ाने का। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव के अवसर पर कहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी।

### स्पोर्ट्स सेक्टर पर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का विशेष फोकस

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56 फीसदी वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस बात पर प्रसन्नता है कि अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को प्रदेश सरकार ने 2011 में विकसित किया था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर जो अनेक संभावनाएं हैं, उन्हें एक लघु फिल्म के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत किया गया। आपने देखा होगा कि उत्तर प्रदेश में क्या संभावनाएं हैं।

### कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुआ उल्लेखनीय कार्य

सीएम योगी ने कहा कि जिस क्षेत्र में मोटो जीपी का यह इवेंट आयोजित हो रहा है, यह वही सेक्टर है जहां भारत के दो महत्वपूर्ण फ्रेट कॉरिडोर (ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) का जंक्शन है। यहां पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ ही लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के लिए भी कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। इस क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल) का निर्माण युद्धस्तर पर कर रही है। प्रदेश के अंदर ही अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। इनलैंड वाटरवेज वाराणसी-हल्दिया के बीच में प्रारंभ हो चुका है जो प्रदेश के पूर्वी बंदरगाह के साथ बेहतर कनेक्टिवटी को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक अवस्थापना के विकास के लिए अटल इंडस्ट्रीरियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारंभ पहले ही हम कर चुके हैं और पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में प्रदेश के अंदर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार हुआ है। यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में उत्तर प्रदेश देश के अंदर कार्य करने वाले अग्रणी राज्यों में एक है।

### निवेश संभावनाओं के लिए प्रदेश में किए गए अनेक रिफॉर्म

प्रदेश में निवेश के लिए माहौल बनाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश के अंदर आज निवेश की बेहतर संभावनाएं बढ़ी हैं। निवेश की इन बेहतर संभावनाओं के लिए प्रदेश को अनेक रिफॉर्म करने पड़े थे। सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण देना पड़ा था। प्रदेश के अंदर ईज ऑफ डूईंग की सफलतम रैंकिंग के बाद आज प्रदेश ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए जिन कार्यक्रमों का आगे बढ़ाया है उसी का परिणाम है कि आज निवेशकों के किसी भी एमओयू को प्रदेश सरकार निवेश सारथी के माध्यम से मॉनीटरिंग कर रही है और उसके क्रियान्वयन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाती है। सिंगल विंडो की व्यवस्था हर निवेशक को उपलब्ध कराई जा रही है। निवेश मित्र देश के अंदर सबसे बड़ा पोर्टल है। यह 400 से अधिक सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का काम करता है, जहां तेजी के साथ निवेशकों की समस्याओं का समाधान होता है। निवेश करने वाले हर निवेशक के लिए ऑनलाइन इंसेंटिव पोर्टल का विकास करके यह व्यवस्था की गई है कि इंसेंटिव्स के लिए निवेशक को कहीं भटकना न पड़े। अलग-अलग सेक्टर की 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बना कर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। प्रदेश सरकार ने फरवरी 2023 में लखनऊ में पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। इसमें दुनिया के एक दर्जन से अधिक देशों ने पार्टनर कंट्री के रूप में अपना योगदान दिया था। इस आयोजन के माध्यम से 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

### उत्तर प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहा बड़ा बदलाव

प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि शनिवार को उत्तर प्रदेश और भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विख्यात वाराणसी में भारत के प्रधानमंत्री ने एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी है। उत्तर प्रदेश केंद्र सरकार के साथ मिलकर अनेक ऐसे आयोजन कर रहा है, जिसमें हर जिले में एक स्टेडियम का निर्माण करना,विकासखंड स्तर पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण करना, हर ग्राम पंचायत में खेल के मैदान को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करना, हर ग्राम पंचायत में ओपन जिम विकसित करना शामिल है। प्रदेश में महिलाओं और युवकों के बीच में खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल गठित किए गए हैं। उन्हें स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसके बेहतरीन परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

# ग्रामीण संपर्क, रेलवे ओवरब्रिज, फ्लाईओवर व बाईपास मार्गों के निर्माण को गति देगी योगी सरकार

## -सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश में नई निर्माण योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया की शुरू

समाज जागरण

लखनऊ, 24 सितंबर। उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में मार्गों व अवसंरचनाओं के निर्माण की रफ्तार को गति देने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में योगी सरकार द्वारा पहले ही लक्ष्यों का निर्धारण किया जा चुका है तथा विस्तृत कार्ययोजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश भर में विभिन्न योजनाओं के तहत जारी कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय आवंटन व धनराशि स्वीकृति दी है। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के तीन स्थानों पर आरआईडीएफ योजना के तहत 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 चालू निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत 2 निमार्णाधीन बाईपास-रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण की परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपए के धनावंटन को स्वीकृत करते हुए इसकी कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करते हुए परियोजनाओं के अंतर्गत जारी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी।

दो फेज में जारी की गई है धनराशि
रेलवे ऑफ इंडिया डेवलपमेंट फंड (आरआईडीएफ) की योजना के आधीन 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु समेत कुल 10 निमार्णाधीन परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्यों को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 124.57 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इस क्रम में दो फेज में 98.15 व 26.42 करोड़ रुपए अब तक जारी किए गए हैं। जिन कार्ययोजनाओं को इस स्वीकृति के बाद गति मिलेगी उनमें सहारनपुर के आल्हणपुर से सोन्धेबांस मार्ग पर यमुना नदी सेतु व अतिरिक्त पहुंच मार्ग से संबंधित सुरक्षात्म कार्य निर्माण, मुजफ्फरनगर में ग्राम काटका व मंदौड़ के बीच ऊपरी गंग नहर पर बने क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर नए सेतु व पहुंच सड़क प्रमुख हैं। फतेहपुर व रायबरेली के मध्य भिटौरा में गंगा नदी पर सेतु-सेतु पहुंच मार्ग और अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य, प्रयागराज में टोंस नदी पर दो लेन सेतु व पहुंच मार्ग तथा अतिरिक्त पहुंच मार्ग व सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य, महोबा में राठ-पनवारी मार्ग पर दीर्घ सेतु निर्माण, जालौन में नून नाले पर सेतु, बस्ती के कुआनो नदी पर पर सेतु निर्माण के लिए भी धनराशि आवंटित की गई है। वहीं, प्रयागराज में इलाहाबाद-वाराणसी रेल मार्ग पर 4 लेन रेल ओवरब्रिज, प्रयागराज में इलाहाबाद-मुगलसराय रेलवे सेक्शन में 2 लेन ओवरब्रिज व बागपत में दिल्ली-शामली-शाहदरा व सहारनपुर सेक्शन के अंतर्गत दो लेन रेल ओवरब्रिज के निर्माण के लिए भी धनावंटन होने से अब इन परियोजनाओं की पूर्ति की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

### सीतापुर में बाईपास व गोरखपुर में फ्लाईओवर परियोजना को मिलेगी गति

सीतापुर में महमूदाबाद कस्बे में 2.10 किमी के बाईपास व गोरखपुर में बरगदवा-कौवाबाद जेल बाईपास 4 लेन मार्ग पर स्थित खजांची चौराहे पर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए कुल मिलाकर 44.86 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। 100 करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं के लिए मौजूदा धनावंटन दूसरी किस्त के तौर पर जारी की गई है। इससे पहले भी इन कार्यों को पूर्ण करने के मद में 48 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

**-आरआईडीएफ योजना के रूप में 3 रेलवे ओवरब्रिज व 7 दीर्घ सेतु के निर्माण के लिए 124.57 करोड़ रुपए के धनराशि स्वीकृत**

**-वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत निमार्णाधीन 2 फ्लाई ओवर व बाईपास की चालू परियोजनाओं के लिए 44.86 करोड़ रुपए किए जारी**

**ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में कुल 22 सड़कों के लिए 7.36 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने की कार्रवाई भी हुई शुरू**

11 जिलों के कुल 22 ग्रामीण संपर्क मार्गों का होगा नवनिर्माण
इसी प्रकार मुजफ्फरनगर, श्रावस्ती, बांदा, वाराणसी, अयोध्या, बिजनौर, औरेया, पीलीभीत, गाजियाबाद, बुलंदशहर व हापुड़ में कुल 22 ग्रामीण संपर्क मार्गों के नवनिर्माण के मद में 7.36 करोड़ रुपए आवंटित किए जाने की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। इन सभी धनावंटन प्रक्रियाओं को प्रदेश सरकार की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा और परियोजनाओं की पूर्ति का दायित्व प्रमुख अभियंता (विकास) व लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष को सौंपा गया है।.

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक
साइज 3X5 Cm

# दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की ओर से किया गया ऋण वसूली

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवहरा स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय से वरीय प्रबंधक राहुल कुमार सोनू, अधिकारी कुंदन कुमार, रिकवरी एजेंट लालदेव कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ



उनके टीम के द्वारा शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में ऋण वसूली अभियान चलाया गया। जिसमें दधपी गांव निवासी मनीष कुमार पिता स्व अजीत सिंह, रश्मि कुमारी पिता विजेंद्र प्रसाद, सोनू कुमार पिता अरविंद कुमार सिंह, अमित कुमार पिता अनिल शर्मा तथा अल्हन परासी गांव निवासी अजितेश गौरव पिता रामशनेश शर्मा, संजय कुमार सिंह पिता स्व अवध बिहारी सिंह, मीना देवी पति शत्रुघ्न शर्मा विमलेश कुमार शर्मा पिता नारायण शर्मा सहित अन्य गांवों का भ्रमण करते हुए लोगों को शाखा में आकर ऋण भुगतान करने का आह्वान किया गया है। वहीं शाखा प्रबंधक के द्वारा 25 /9/ 2023 दिन सोमवार को ऋण भुगतान करने को लेकर देवहरा बैंक में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। अगर ऋण धारकों के द्वारा समय पर ऋण भुगतान नहीं कराया जाता है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गोह में संघ के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने किया बैठक।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित सारवती प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के सभागार में रविवार को संघ के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका ने बैठक किया है। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संगीता कुमारी ने की है। उन्होंने कहा कि 29 सितंबर से हम सभी सेविका व सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। क्योंकि आज तक राज्य सरकार आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया है। इस लिए हम सभी सेविकाओं व सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। अगर सरकार सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं देती है तो सेविकाओं को 25 हजार व सहायिकाओं को 18 हजार रुपए मानदेय के रूप में मिलना चाहिए।जब तक सरकार हमलोगों की मांगे पूरी नहीं करती है तब तक हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। वहीं हरिगांव केंद्र की सेविका साधना कुमारी ने कहा कि जिस तरह



से केंद्र सरकार महिलाओं को आरक्षण दिया है जो मान सम्मान बढ़ाया है। ठीक उसी प्रकार आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलना चाहिए। जिस तरह से एक छोटा मजदूर को मजदूरी दी जाती है ठीक उसी प्रकार सरकार हम लोगों को भी मजदूरी देने का कार्य कर रही है। जब सरकार के सभी योजनाओं का कार्य सेविकाओं व सहायिकाओं से कराई जाती है। तो फिर हमलोगों के साथ सरकार सौतेलापन वाली व्यवहार क्यों कर रही है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती है तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। इस मौके पर कुमकुम कुमारी, मनोरमा माला, सरस्वती देवी, नीलम कुमारी, इन्दु कुमारी, रेणु कुमारी, शकुंतला देवी, अनुपम कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रतिमा देवी, कविता कुमारी, मंजू देवी प्रमिला कुमारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मुखिया संघ की हुई बैठक, पंचायती राज विभाग ने जारी किया पत्र हास्यास्पद

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखियाओं ने हसपुरा में किया बैठक। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष गोपाल सिंह ने की। बैठक में हड़ताल को धारदार बनाने के लिए रणनीति बनाया गया।संघ के अध्यक्ष मुखिया गोपाल सिंह, राकेश कुमार, संतोष सौण्डिक, अजित कुमार चुनु ने कहा पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह का मुखिया के प्रति जारी किया गया फरमान संविधान के अनुकूल व हास्यास्पद है। मुखिया संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा अपर मुख्य सचिव इस तरह का फरमान जारी कर पंचायती राज प्रतिनिधि के एकता को तोड़ना चाहते हैं। पंचायती राज प्रतिनिधि के प्रति जारी किया गया फरमान कामयाब नही होगी। पंचायत प्रतिनिधि पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह जैसे अधिकारी को सरकार से हटाए जाने की मांग करती है। मुखिया फुरकान खां, मुन्ना कुमार, सत्येन्द्र पासवान, प्रतिनिधि रंजीव रंजन, राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, ओमप्रकाश चौधरी,उपेन्द्र प्रजापति ने कहा कि पंचायती राज विभाग के अपर सचिव के द्वारा जारी किया फरमान पंचायती राज अधिनियम के विरुद्ध है। अगर अपर सचिव जारी फरमान को वापस नहीं तो मुखिया संघ हड़ताल को तेज करेंगे।

# प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 24 सितंबर 2023 :- प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर असोसिएशन प्रखंड इकाई कुटुंबा की बैठक विवेकानंद पब्लिक स्कूल अम्बा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार तथा संचालन संघ के संयोजक वेद प्रकाश तिवारी ने किया। इस संदर्भ में अध्यक्ष ने बताया कि विगत दिनों जिले में हुई बैठक की मुख्य बातों की जानकारी संघ के सदस्यों तक विस्तार पूर्वक पहुंचाने के उद्देश्य से बैठक बुलाई गई थी। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों को अनिवार्य रूप से यथाशीघ्र "ज्ञान दीप पोर्टल" पर रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई है कि जिला अंतर्गत बच्चों के मुफ्त शिक्षा एवं अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) उ के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालय के 25% अलाभकारी एवं कमजोर वर्ग के नामांकित विद्यार्थियों से संबंधित विद्यालय को राशि की प्रतिपूर्ति हेतु "ज्ञान दीप पोर्टल" विकसित किया गया है। पोर्टल को 1 सितंबर से Go live किया गया है। जिसके माध्यम से पब्लिए के तहत सत्र 2019-20 से 2023-



24 तक की राशि प्रतिपूर्ति की जाएगी। वहीं सत्र 2024-25 में बच्चों का नामांकन भी इसी पोर्टल के माध्यम से किया जाना है।

कोषाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार ने कोष को मजबूती प्रदान करने की अपील की। उन्होंने सदस्यों को संघ के नियमों का पालन करते हुए इसकी सुदृढ़ता कायम रखने तथा संघीय विद्यालयों में होने वाले अवकाश में एकरूपता बनाये रखने की भी बात कही।

बैठक में संघ के सचिव दिनेश प्रसाद,उपाध्यक्ष नीरज पांडेय,मीडिया प्रभारी संजय कुमार, भूतपूर्व अध्यक्ष देव कुमार पांडेय, मंटू कुशवाहा, धनेश कुमार, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# दो फरार वारंटी व 5 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने राजापुर गांव से दो फरार वारन्टी व 5 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर थाना लाया है। गिरफ्तार वारंटियों में मिथलेश बिंद तथा नागेन्द्र बिंद शामिल है। जबकि उसी गांव में गुप्त सूचना पर शराब धंधेबाज सोनू बिंद को 5 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि शराब धंधेबाज के खिलाफ एएस आई विकाउ राम के बयान कांड 314/23 दर्ज किया गया है। जिसमें 16 वर्षों से फरार चल रहे दोनों वारंटी व शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है।

# पेंशन शंखनाद रैली हेतु ऑनलाइन समीक्षा बैठक संपन्न- वरुण पांडेय.

**दैनिक समाज जागरण ,विश्वनाथ आनंद ,वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल .**

गया (बिहार) 24 सितंबर 2023:- एनएमओपीएस (पुरानी पेंशन प्रतिबद्ध संगठन) की बिहार इकाई के तत्वाधान में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 1 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली की तैयारी की समीक्षा बैठक किया गया . बैठक के दौरान रैली में बिहार से हजारों पेंशन विहीन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के भाग लेने की संभावना पर विचार विमर्श किया गया.

उपरोक्त आशय की जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से बिहार प्रदेश अध्यक्ष वरुण पांडे ने दी है . प्रेस नोट में उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन लागू करने की मांग के समर्थन में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है .जिसमें देशभर से लाखों की संख्या में पेंशन विहीन साथियों के जुटने की संभावना है.

**चारों तरफ इसकी तैयारी जोरों से चल रही है.**

वहीं प्रदेश महासचिव शशि भूषण ने कहा कि हमलोग केंद्र सरकार और राज्य सरकार से लगातार पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं. इसी क्रम में 01अक्टूबर को दिल्ली में रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विशाल होने का अनुमान है . रैली की तैयारी हेतु आज भी



राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में तैयारी का जायजा लिया गया और यह रैली अभूतपूर्व होने जा रही है . प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव तिवारी ने कहा कि 'एक ही मिशन, पुरानी पेंशन' के तर्ज पर हम लोग तब तक संघर्ष करते रहेंगे, जब तक की पूरे देश में पुरानी पेंशन लागू करने की घोषणा नहीं हो जाती. श्री तिवारी द्वारा सभी पेंशन विहीन साथियों से अनुरोध किया गया कि पुरानी पेंशन की लड़ाई अब निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है और इस आंदोलन के लिए अगले 6 महीने बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे . इसलिए हम सभी को पूरे मनोयोग से इस आंदोलन को समर्थन देते हुए दिल्ली की रैली में भाग लेना चाहिए प्रदेश संरक्षक प्रेमचंद सिंहा ने कहा कि सभी संगठन के लोग एकजुट होकर दिल्ली पहुंचे. प्रदेश उर्दू मीडिया प्रभारी मो नसरुल्ला द्वारा प्रदेश भर के सभी पेंशन विहीन साथियों से 1 अक्टूबर की रैली में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया .

बैठक का संचालन शशि कांत शशि, प्रदेश समन्वयक सह जिला सचिव भागलपुर द्वारा किया गया तथा बिहार के भी सभी सेवा/संगठनों से अपने सदस्यों के साथ इस रैली में भाग लेने का आह्वान किया गया और विश्वास व्यक्त किया गया कि बिहार से भी हजारों की संख्या में साथी इस रैली में भाग लेंगे रैली में भाग लेने के लिए अब तक बहुत सारे लोगों द्वारा टिकट भी आरक्षित कराया जा चुका है.ऑनलाइन बैठक में विभिन्न विभागों के सैकड़ों एनपीएस कर्मी जुड़े हुए थे .तथा सभी ने रैली में भाग लेना का संकल्प लिया.

# गया में एक दर्जन से अधिक भाजपा नेताओं ने युवा जद(यू) का थामा दामन, कुमार गौरव ने दिलायी सदस्यता.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गयाः( बिहार)- गया के बिसार तालाब स्थित जदयू कार्यालय में संगठन के विस्तार को लेकर युवा जदयू की बैठक आहूत किया गया. इस मौके पर मुन्ना ठाकुर के साथ एक दर्जन से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने युवा जदयू का दामन थामा. एवं सदस्यता लिया. इन सदस्यों को युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा जदयू की सदस्यता दिलायी तथा देश के विकास में युवाओं की बेहतर भूमिका हो ताकि नीतीश कुमार का हाथ मजबूत हो इसके लिए भी संकल्प दिलायी. बैठक को सम्बोधित करते हुए कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार की कार्यशैली की चर्चा देश दुनिया मे है.उनकी कार्यशैली को देखते हुए भाजपा नेताओं ने जदयू की सदस्यता ली. इस बात की प्रसन्नता है और आप लोगों का जदयू परिवार में स्वागत है. श्री सिन्हा ने कहा कि यह बैठक जिला कमिटी, प्रखंड, नगर की कमिटी के विस्तार शीघ्र किया जाएगा, जिससे संगठन मजबूत हो सके.कुमार गौरव ने सांगठनिक मजबूती को विस्तार देने के लिए युवा जदयू में गया जिला के लिए प्रभारी शिवा पांडेय को तथा प्रवक्ता की जिम्मेदारी दिनेश यादव को सौंपी गई है. जिससे संगठन को विस्तार देने में सहूलियत हो सके.इस बैठक में गया जिले के सभी प्रखंडों से युवा जदयू के कार्यकताओं ने हिस्सा लिया. युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव ने ये भी कहा कि इस बैठक का मूल उद्देश्य है कि सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तर की जिम्मेदारी सहित बुथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए काम किया जाएगा. ताकि संगठन आने वाले समय में मजबूती के साथ पार्टी द्वारा दी गई सारी जिम्मेदारी को ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक निभा सके.इस बैठक में युवा जदयू के नीतीश कुमार दांगी, सुनील पासवान, मुन्ना ठाकुर, अभिषेक सिंह, सागर कुमार, रॉबिन वर्मा, आशीष पटेल समेत जिले के अन्य नेताओं ने बैठक में अपनी अपनी बातों को रखा और हिस्सा लिया.भाजपा से जदयू में आये सभी युवा नेताओं का जदयू से जुड़ने पर भव्य स्वागत किया गया.

# भाजपाइयों ने फल वितरण कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 24 सितंबर 2023 :- भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को रेफरल अस्पताल कुटुंबा में मरीजों के बीच फल वितरण किया और सभी लोगों ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबे जीवन की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे मंडल अध्यक्ष




प्रवीण कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। उनके 73वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसका प्राथमिक उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डॉ.बिजेंद्र चौधरी, एएनएम अमले लकड़ा,अनिता कुमारी,मंडल महामंत्री अभय पासवान,विधानसभा संयोजक जीतू तिवारी,उपाध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय,मंडल मंत्री अभिमन्यु उर्फ कजरा सिंह, विनोद सिंह, छोटे सिंह, बाबू सिंह,धनंजय सिंह परमार, उपेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, विनय सिंह, मुकेश पाण्डेय,रवि पांडेय,मुकेश सिंह,मनीष कुमार,अरविंद सिंह,बबलू तिवारी,रविकांत तिवारी,राहुल पासवान,निरहुआ कुमार उपस्थित थे।

# लोजपा (रामविलास) पार्टी के प्रदेश महासचिव ने सड़क दुर्घटना में बनिया पंचायत के सरपंच के पति की मौत पर शोक संवेदना प्रकट की है

**दैनिक समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल।**

औरंगाबाद (बिहार) लोजपा (रामविलास) पार्टी के बिहार प्रदेश महासचिव सह रफीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के पड़रावा गांव पहुंचकर सरपंच के पति राजेश पासवान के मौत होने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट किया. वही मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा राशि मुहैया कराने की मांग स्थानीय प्रशासन एवं बिहार सरकार से किया है.



श्री सिंह ने कहा कि सरपंच पति राजेश पासवान मृदुल, स्वभाव एवं सामाजिक व्यक्ति थे . जिनकी मृत्यु विगत दिन मदनपुर प्रखंड के वर्षा पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में टेंपो व ट्रक के आमने-सामने के टक्कर में हो गई. वहीं कई लोग घायल हैं, जिनकी इलाज चिकित्सालय में किया जा रहा है.

उपस्थित लोगों ने सरपंच पति राजेश पासवान के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया . वहीं परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य ,शक्ति एवं साहस देने की कामना ईश्वर से किया.

# प्रधान सहायक स्व रामजी प्रसाद मिश्र की 12वी पुण्यतिथि पर दी गई सच्ची श्रद्धांजलि- शिववल्लभ मिश्र.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार)- गया जिला के टिकारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेनीपुर में शिवबल्लभ मिश्र के पिता स्व रामजी प्रसाद मिश्र की 12वी पुण्यतिथि के अवसर पर स्व मिश्र के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया.मालूम हो की स्व रामजी प्रसाद मिश्र का निधन भाद्र पद शुक्ल पक्ष अष्टमी को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक हो गई थी. वे औरंगाबाद के नवीनगर प्रखंड कार्यालय में प्रधान सहायक पद पर कार्यरत थे .और कार्यकाल में ही निधन हो गई थी. उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर लोगों ने चर्चा करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया. इस मौके पर उनके पुत्र भाजपा महामंत्री, ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी के सचिव, एकल अभियान टिकारी संच के सचिव शिवबल्लभ मिश्र ने तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर पुत्र शिवबल्लभ मिश्र, कृष्णबल्लभ मिश्र, ब्रजेश कुमार मिश्र, पौत्र प्रकाश कुमार मिश्र, कृष कुमार, केशव कुमार सहित ग्रामीण क्षेत्रों से अनिल मिश्र, मृत्युंजय मिश्र, बलिराम मिश्र, मधेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, लक्ष्मी पासवान, राजकुमार पासवान, योगेंद्र वैध, सुमित कुमार मिश्र, रामचंद्र सिंह, अनुमंडलीय ब्राह्मण जागृति मंच सरक्षक गोविन्द पाठक, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। इस बीच रात्रि में रामायण आधारित भक्ति संगीत भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे निर्गुण और पुष्प वाटिका प्रसंग से गीत संगीत भजन पर लोग मंत्र मुग्ध होते नजर आए.

# गया के जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत कोरमा के सामुदायिक भवन प्रेतशिला में जनसंवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार )- जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में नगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरमा के सामुदायिक भवन प्रेतशिला में "जनसंवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलेभर के सभी पंचायतों में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जन संवाद का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रखंड समन्वय समिति,युवा वर्ग, महिला वर्ग,सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक रूप से पिछड़े एवं कमजोर वर्गों , दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए इस संबंध में सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त कर उसका निराकरण करना है।

वहा पर उपस्थित आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई है उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, आवास योजना, सड़क, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पेंशन योजना, उत्पाद विभाग, मत्स्य, कल्याण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, पीएचईडी, बैंकिंग, महिला सुरक्षा आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। इस कार्यक्रम में जिला जन संपर्क पदाधिकारी, गया ने बिहार सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मासिक पत्रिका, फोल्डर इत्यादि का वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच कराया गया हू। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नगर प्रखंड ने बताया कि नगर प्रखंड अंतर्गत 16 पंचायत है तथा कोरमा पंचायत अंतर्गत 14 वार्ड है यहां स्वच्छता सर्वे के अनुसार 17000 जनसंख्या है एवं 3300 परिवार निवास करते हैं।

जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने यहां आए हुए सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी, आम जनता का हार्दिक अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि यह जन संवाद गया जिला में पहला जन संवाद कार्यक्रम है। सरकार की इस पहल को गया जिले के कोरमा पंचायत को चुनकर हम सभी प्रशासन के अधिकारी यहां पर आप सभी के बीच आये हैं। उन्होंने कहा कि प्रेतशिला एक ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है। यहां पर काफी संख्या में लोग आकर पिंडदान करते हैं। पितृपक्ष मेला 4 दिन में प्रारंभ होने वाला है। इसे भी ध्यान में रखते हुए पितृपक्ष के अलावा इस क्षेत्र में पंचायत के स्थिति,योजनाओं की स्थिति के बारे में आप सभी के बीच आकर के समझना चाहिए। लोगों के साथ एक संवाद स्थापित करना चाहिए।




इसी सब इन उद्देश्य को ध्यान में रखकर आज आप लोगों के बीच हम सभी अधिकारी उपस्थित हुए हैं और काफी खुशी है कि काफी बड़ी संख्या में लोग यहां सरकार की योजनाओं को सुनने एवं जानकारी लेने के लिए आए हैं।

सरकार द्वारा कई सारे कदम और कार्य किया जा रहा है। कही न कही इस नए पीढ़ी के लोगो को शायद पूरी जानकारी नही है। कितना काम एवं विकास पिछले दो दशक में किया गया है। पिछले दो-तीन दशक में क्या-क्या विकास हुए हैं। क्या-क्या कमियां को दूर कर करके हर विभाग के क्षेत्र में एक नया इंफ्रास्ट्रक्चर ,नए वातावरण को लाकर हर वर्ग के नागरिकों के बीच योजनाओं से लाभान्वित करवाने का प्रयास किया गया है। सड़क के क्षेत्र में कई बदलाव आए हैं। वर्तमान समय में उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो प्रेतशिला में पहले काफी आवागमन की समस्याएं थी अब सीधे नेशनल हाईवे से जोड़कर के एक तरफ बोधगया और दूसरे तरफ चाकन्द बेला की ओर बनाया गया है। ग्रामीण सड़क सभी जगह बन रहा है, जिसे मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना निश्चय के तहत लिया गया है। सभी सड़के निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्धारित है। हर गांव में नाली गली का निर्माण करवाया गया है। हर घर नल का जल पहुंचाया गया है। हर घर बिजली से आच्छादित किया गया है। पहले बिजली की क्या स्थिति थी और अब के समय में क्या स्थिति है अब हर घर में बिजली है, इसके बारे में आप अपने पूर्वज से पूछे। समृद्ध गांव स्वच्छ गांव के तहत हर गांव में लाइट लगवाने का कार्य किया जा रहा है, जो वर्ष 2025 तक पूर्ण हो जाएगा। हर गांव के हर घर में जो भी समस्या है उसे दूर करने का कार्य किया जा रहा है। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखने के लिए जल- जीवन - हरियाली अभियान मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ किया गया ताकि दिन प्रतिदिन पर्यावरण चेंजिंग के कारण यह पहल किया गया। समय पर पहले वर्षा होती थी जिससे किसान खेती करते थे लोगों को पानी की समस्या नहीं होती थी, परंतु वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन में थोड़ी बदलाव आया है इसे देखकर पर्यावरण संतुलन के लिए लगातार बड़े-बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया जा रहा है। जल संरचनाओं को बनाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जल संग्रह किया जा सके, बड़े-बड़े चेक डैम का निर्माण करवाया जा रहा है। पहाड़ों के पानी जो बर्बाद होते थे उसे भी संरक्षित करने के लिए बड़े-बड़े काम किया जा रहे हैं गया एवं बोधगया में हर वर्ष गर्मी के मैसम में पानी की अत्यंत समस्या होती है, पेयजल समस्या हमेशा बनी रहती है। भूगर्भ जलस्तर काफी नीचे चला जाता है।लगभग 178 क्यूबिक मिलियन लीटर पानी जो भूगर्भ जल से निकलता था, दोहन कर करके लोगों तक पहुंचाया जाता था।उसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने बरसात मौसम में गंगा का पानी बहकर जो अन्यत्र समुद्र में चला जाता था, बर्बाद हो जाता था। उसे पानी को काफी बड़ी चुनौती लेकर संचय करने एवं सदुपयोग करने के लिए गया एवं बोधगया में हर घर गंगाजल उद्धव योजना के तहत लाया गया एवं गया जिले के नीमचक बथानी अनुमंडल के तेतर पंचायत में बड़ा जल संग्रह केंद्र बनाकर हजारों मिलियन लीटर पानी को संग्रह कर गया एवं बोधगया के घरों तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। इससे गया एवं बोधगया के लोगों को भरपूर मात्रा में पानी भी मिल रहा है और भूगर्भ जल का दोहन भी नहीं किया जा रहा है। यह कार्य काफी ऐतिहासिक कार्य है।

गया के फल्गु नदी को जो पहले सूखा रहता था, उसमे गया जी डैम बना कर अब 10 फीट पानी सालो भर रखा जा रहा है। देश-विदेश से सालों भर तीर्थयात्री जो आते हैं उन्हें तर्पण करने के लिए पानी मिल सके इसके अलावा मां सीता पथ एवं सीता ब्रिज का भी निर्माण किया गया है।काफी आकर्षक लाइट भी लगाई गई है सीता पथ में भी पूरी रोशनी की व्यवस्था रखी गई है ताकि रात्रि के समय में भी तीर्थ यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं हो सके। सीता पथ में मिथिला पेंटिंग भी करवाया गया है। पिंडदान के लिए सारी व्यवस्थाएं यहां किया गया है। इससे गया जिला को यह फायदा होगा कि यहां की आर्थिक विकास मजबूत होगी। लोग ज्यादा से ज्यादा आएंगे तो ज्यादा से ज्यादा गया के कारोबार बढ़ेगा, लोगों को नौकरियां मिलेगी, लोगों को आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। लोगों की आर्थिक इकोनामी चैन मजबूत होगा।इसके अलावा संबोधित करते हुए कहा "आमजन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, योजनाओं का लाभ कुछ लोगों तक ही मिल पा रहा है, तो कुछ को नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण आमजनों में योजनाओं की जानकारी का अभाव है । स्थानीय स्तर पर आपकी बात पदाधिकारियों कर्मियों द्वारा नहीं सुने जाने की स्थिति में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार में लिखित रूप में अपना आवेदन देकर समस्या का समाधान पा सकते हैं । व्यक्तिगत अथवा सामूहिक समस्याओं से जिला प्रशासन को आप अवगत कराएं, समस्याओं के निदान हेतु जिला प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।इसी क्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अलग-अलग योजनाओं की जानकारी दी गई है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में आम जनों को जानकारी दी गई। बताया गया कि गया की गया जिले में कुल 10827 लोगो को यह योजना का लाभ दिया गया है, जिसमें नगर प्रखंड में 2561 लोगो को यह लाभ दिया गया है। यह लाभ इंटर पास करने के बाद किसी भी जाति श्रेणी के छात्र-छात्राएं को छात्र-छात्राएं चार लाख रुपए तक का सरकार लोन के रूप में दे रही है।बिजली विभाग ने अपने संबोधन में बताया कि एग्रीकल्चर फाइटर के तहत ग्रामीणों को 6.11 रुपया अनुदान सरकार की ओर से दिया जा रहा है कोरमा पंचायत में 98 एग्रीकल्चर कनेक्शन दिए गए हैं तथा नगर प्रखंड में 19 एग्रीकल्चर फीडर बनाया गया है और सेपरेट बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित किसी भी समस्या होने पर 1912 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि खाद्य उपभोक्ता संरक्षण के तहत वर्तमान समय में काफी परिवर्तन की गई है पहले लाल पीला उजाला नीला कार्ड होता था, अब केवल अंत्योदत एवं पीएचएच श्रेणी का कार्ड है जिससे लोगों को लाभ मिलता है नगर प्रखंड अंतर्गत कुल 80 जन वितरण प्रणाली की दुकान है तथा इस पंचायत में सात दुकाने हैं अंत्योदय योजना के तहत 165 तथा पीएचएच के तहत 1760 कार्ड निर्गत है। इस प्रकार कुल 1893 कार्ड इस पंचायत में निर्गत हैं। 10205 परिवार को खाद्य उपभोक्ता संरक्षण योजना का लाभ इस पंचायत में दिया जा रहा है। सभी पंचायत में राशन कार्ड बनाने राशन कार्ड में नाम सुधारने इत्यादि के लिए कैंप मोड में कार्य चलाया जा रहा है आरटीपीएस काउंटर पर भी नए राशन कार्ड बनाने हेतु लोग आवेदन कर सकते हैं तथा अपने स्वेच्छा के अनुसार ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से भी राशन कार्ड का आवेदन कर सकते हैं।

जीविका दीदियों , वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नल जल, एवं आपदा के स्थिति में सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता आदि के बारे में भी जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत दी जाने वाली राशि एवं आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, आयुष्मान कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन कैसे करें के संबंध मे एवं लाभ लेने के लिए पात्रता , मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, जननी बाल सुरक्षा योजना, रेफरल सुविधा,सिटी स्कैन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आदि के बारे में आमजन को जानकारी दी गई है।

शिक्षा ग्रहण करने के लिए अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,अति पिछड़ा, वर्ग पिछड़ा वर्ग,अल्पसंख्यक समुदाय के लिए हॉस्टलों में निःशुल्क समुचित व्यवस्था उपलब्ध की गई है । इस जन संवाद में उपस्थित उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी, प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। सभी ने बारी बारी से अपनी विभागीय योजनाओं के बारे में लोगो को विस्तार से बताया.

# किशनगंज- बजाज एलांयस इंश्योरेंस कंपनी बाइक चोरी होने पर नहीं देती क्लेम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज,24 सितंबर। बजाज एलाइंस जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड कंपनी से क्लेम पास करने के लिए रिश्वत मांगी जाती है। मांग नहीं पूरी करने पर क्लेम कंपनी द्वारा निरस्त कर दिया जाता है। इस आशय का मुकदमा उपभोक्ता फोरम, किशनगंज में वर्षो से लंबित है। फैसला न होने से उपभोक्ता परेशान हैं।

**जानकारी के मुताबिक**

कचहरी परिसर किशनगंज से 2021 फरवरी महीने में चोरी की गई मोटरसाइकिल को लेकर वाद दायर किया गया है। जिला उपभोक्ता फोरम न्यायालय के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वाद में जानकारी दी गई है कि बाइक चोरी की वारदात को सदर पुलिस द्वारा पुष्टि कर देने के बाद मात्र पांच हजार रुपये रिश्वत नहीं देने पर निजी क्षेत्र की बजाज एलाइंस बीमा कंपनी क्लेम नहीं दी। जिला उपभोक्ता फोरम में दायर मुकदमा का 90 दिनों के अंदर निष्पादन होना था परंतु बिहार सरकार के जिला उपभोक्ता फॉर्म पर ध्यान नहीं रहने के कारण वर्षो से न्याय नहीं मिल रहा है। पीड़ित न्याय को लेकर परेशान हैं।



चोरी का मामला फरवरी 2021 का है। हीरो ग्लैमर बाइक कचहरी परिसर किशनगंज से चोरी हो गई थी। जिसकी शिकायत बजाज एलाइंस कंपनी को करने के बाद एफआईआर दर्ज कराया गया था पुलिस के द्वारा बजाज एलाइंस कंपनी को चार्जसीट उपलब्ध करा दी गई।

बजाज एलाइंस जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के द्वारा अपने एजेंट को किशनगंज कचहरी परिसर बाइक चोरी स्थल में जांच करवाई गई। इसी दौरान बजाज कंपनी के पटना हेड ऑफिस के कर्मी राकेश पाठक द्वारा पांच हजार रुपये एजेंट के द्वारा क्लेम पास करने के लिए रिश्वत मांगा गया। रिश्वत की राशि पूरी नहीं देने पर मनगढ़ आरोप लगाकर बाइक चोरी का क्लेम कैंसिल कर दिया गया।

कई लोगों ने बताया कि बजाज एलाइंस जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड कंपनी ने कई दलाल रख हैं जो ग्राहकों से इंश्योरेंस के नाम पर पैसे उगाही करते हैं। जब क्लेम देने की बारी आती है तो कंपनी मुकर जाती हैं। जिस कारण लोग क्लेम लेने के लिए वर्षो से कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाते रहते हैं। क्लेम नहीं देना अन्याय है।

# घर पर गिरा पेड़, घण्टे बाद पहुंचा बचाव दल, मौके पर डटे रहे वार्ड पार्षद प्रतिनिधि।

*लगातार तीन दिनों से जारी मूसलाधार वर्षा और हवा के तेज झोंके से नगरवासी परेशान।*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)**

लगातार तीन दिनों से जारी मूसलाधार वर्षा और हवा के तेज झोंके के कहर से नगर पंचायत ठाकुरगंज भी अछूता नहीं रहा।

रविवार के सुबह लगभग साढ़े आठ बजे एक विशाल पेड़ वार्ड संख्या 12 के निवासी श्री राम लोचन कामती व उनके परिवारों के टिन से बने घरों पर गिर गया। आस-पास के पड़ोसियों ने इस आपदा से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को घरों से सुरक्षित निकाल-बाहर किया। इस कार्य में समाज सेवी -सह- अधिवक्ता श्री कौशल किशोर यादव और भारतीय जीवन बीमा निगम के बीमा सलाहकार श्री अमित राज यादव की महती भूमिका रही।

घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल होते हीं वार्ड 12 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्री राजीव झा मौके पर पहुंचे और घटना स्थल से सभी



स्थानीय आला अधिकारियों व जिला प्रशासन को मोबाइल पर जानकारी देते हुए अग्रेतर मदद की गुहार लगाया।

लगभग 01 घण्टे से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद अंचल अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे थे। इसी दौरान मौके पर श्री कृष्ण सिंह, मुख्य पार्षद पहुंचे तथा वहां मौजूद वार्डवासियों को जानकारी दी कि सभी आवश्यक मदद करने हेतु प्रशासन भी घटना स्थल पर पहुंचने हेतु निकल चुका है।

वार्डवासियों ने बताया कि अंचल अधिकारी, ठाकुरगंज की मोबाइल की घण्टियां बजती रही। किन्तु उनके तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

वहीं दूसरी तरफ इस मूसलाधार वर्षा के कारण हरगौरी मंदिर के उत्तरी भाग होकर गुजरने वाली मार्ग के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से में हो रहे कटाव और बदहाली की ओर भी ध्यान आकृष्ट करते हुए वार्ड वासियों ने बताया कि उक्त स्थल पर अबतक स्थानीय समाज के लोगों द्वारा ही वैकल्पिक व्यवस्था की जाती रही है, किन्तु अबतक सरकारी पहल का इंतजार ही हो रहा है।

# मानिकपाड़ा बीट हाउस प्रभारी द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस धारकों को हेलमेट वितरण किया गया

**विभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

मानिकपाड़ा बीट हाउस प्रभारी सृजन हेंब्रम द्वारा सेफ ड्राइव सेव लाइफ कार्यक्रम के तहत गणेश पूजा मेले में ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के मध्य लॉटरी का आयोजन कर उन्हें हेलमेट प्रदान किया गया। लॉटरी के माध्यम से चयनित लगभग ढाई सौ लोगों को हेलमेट वितरण किया गया। बीट हाउस प्रभारी सृजन हेंब्रम ने उक्त मंच से लोगों को सेफ ड्राइव सेव लाइफ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों से जिम्मेदार व जागरूक नागरिक के तरह हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की। इतना ही नहीं श्री हेंब्रम द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में जागरूकता हेतु कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं।



# झाड़ग्राम : रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

**विभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

रांची हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस समेत देश भर में 9 वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन दोपहर 12:30 बजे रांची स्टेशन से रवाना हुई। शाम लगभग 7:30 बजे झाड़ग्राम रेलवे स्टेशन पहुंची। रेलवे के समय सारणी में झाड़ग्राम स्टेशन में वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव का उल्लेख नहीं है। जबकि 21 सितंबर को परीक्षण परिचालन के दौरान वंदे भारत ट्रेन झाड़ग्राम स्टेशन में एक मिनट के लिए रुकी थी। वहीं रविवार शुभारंभ के दौरान भी उक्त ट्रेन झाड़ग्राम में रुकी, प्रवीण कुमार ठाकुर वंदे भारत एक्सप्रेस के ट्रेन मैनेजर थे। हालांकि ट्रेन के ठहराव को लेकर लोगों के मध्य भ्रम की स्थिति बनी हुई है।



# विश्वकर्मा पूजा के दिन से बेटा लापता ! परिजन चिंतित

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ ( दार्जिलिंग):**

सिलीगुड़ी नगर निगम के वार्ड नंबर 39 के हैदरपाड़ा मछली बाजार संलग्न इलाके के निवासी आशीष अधिकारी उर्फ छोटू विश्वकर्मा पूजा के दिन से लापता है। जिसे लेकर परिवार काफी चिंतित है। बूढ़ी मां बेटे की चिंता में बीमार पड़ गई है। बताया जा रहा है कि 32 साल का आशीष अधिकारी एक ऑटो ड्राइवर है। वह विश्वकर्मा पूजा के दिन घर से निकले थे। घर से निकलने के दौरान आशीष ने सफेद रंग की पंजाबी पहन रखी थी। विश्वकर्मा पूजा की रात घर नहीं लौटने पर परिवार ने दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन शुरू किया, लेकिन आशीष का कोई पता नहीं चला। अंत में परिवार ने भक्तिनगर पुलिस थाने



में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इधर, छह दिन बाद भी आशीष का कोई पता नहीं चल सका है।

आशीष अधिकारी के पिता ने कहा कि पूजा के दिन बेटा गाड़ी मालिक के घर से आकर चाय पीया। इस दौरान वह बार-बार घड़ी की ओर देख रहा था। फिर वह बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गया। इसके बाद इस दिन वह घर नहीं लौटा। जगह-जगह तलाश और खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में थाने में शिकायत की गई।

आशीष के पिता ने अपने बेटे की ढूढ़ने में लोगों से मदद की अपील की है। अगर किसी ने लापता आशीष अधिकारी को देखा है तो कृपया स्थानीय पुलिस थाना या 9832493235, 8900337078 नंबर पर संपर्क करें।

# अमरपुर प्रखंड के सभी विद्यालय प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्र एवं छात्राओं को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की खुराक !

**समाज जागरण जिला संवाददाता लक्ष्मण पासवान**

बांका/ अमरपुर (बिहार) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा शुक्रवार को विभागीय निर्देश के आलोक में अपने-अपने विद्यालयों के उपस्थित छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई गई ! सभी छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन खिलाने के पश्चात प्रधानाध्यापक की उपस्थिति में ही एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाया गया ! तारडीह संकुल के संचालक सह प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्राथमिक विद्यालय बैदाचक के प्रधान त्रिपुरारी कुमार राय ,, प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर के प्रधानाध्यापक रवि शंकर चौबे आदि सभी प्रधानाध्यापक के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन खिलाते हुए एवं शुक्रवार होने के कारण सभी प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को फल भी वितरण कराया गया तत्पश्चात बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाया गया ! सभी प्रधानाध्यापक



ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में बच्चों को भोजन खिलाने के बाद ही दवा खिलाया गया है और स्वयं प्रधानाध्यापक के द्वारा उपस्थित होकर अपनी देखरेख में दवा खिलाया गया ! तीनों प्रधानाध्यापक द्वारा दवा खिलाने से संबंधित भेजे गए फोटो से यह स्पष्ट हो रहा था की सभी विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को साफ सुथरा मैं आने को प्रेरित करते हैं जिस कारण सभी विद्यालयों के सभी बच्चे काफी साफ सुथरा देखे गए ! हालांकि कुछ प्रधानाध्यापकों द्वारा विभागीय आदेश की अनदेखी करते हुए आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए दवा बाद में खिलाने की बात कह कर छात्र-छात्राओं से पल्ला झाड़ लिए ! और छात्र-छात्राएं जाए तो जाए कहां दवा खाए तो खाए कैसे कारण चाहे जो भी हो मिड डे मील योजना बंद रहा और बच्चे भोजन से वंचित रह गए , इस कारण पोषक क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे सारा देख रहे हैं बच्चे ही भगवान हैं और उसके साथ अगर ऐसा किया जा रहा है

बच्चों के साथ सारे समाज के अभिभावक देख रहे है !

# बाबा गणिनाथ गोविंद जी पूजन समारोह सह हलवाई समाज सम्मेलन द्वारा किया गया।

**समाज जागरण अनुमंडल संवादाता मनोज कुमार शाह**

महगामा गोड्डा ( झारखंड) बाबा गणिनाथ गोविन्द जी पूजन समारोह सह हलवाई समाज सम्मेलन कनभारा, गोड्डा में पंचायत भवन के बगल में हलवाई समाज के द्वारा किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों की भीड़ देखी गई जिसमें गणिनाथ जी की पूजा, समाज के सम्मानित व्यक्तियों के द्वारा दीप प्रज्वलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समिति के पदाधिकारियों के द्वारा



उद्बोधन, हलुवाई समाज का विकास और उत्थान पर चर्चा, अतिथियों को सम्मानित करना, समाज के बच्चों के द्वारा कार्यक्रम पेश करना इत्यादि हुआ। मंच संचालन श्री अजय कुमार साह सचिव श्री शैलेश जी, संजीव गुप्ता गुड्डू जी एवम कृष्ण कन्हैया जी के द्वारा किया गया। प्रसाद वितरण, भोजन व्यवस्था का उत्तम प्रबंध किया गया था। अंत में अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद साह सेवानिवृत्ति एसडीओ के द्वारा समारोह समापन की घोषणा की गई।

# डेंगू बिमारी के बचाव हेतु लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत युद्ध स्तर से नमामि गंगे घाट, चौक बाजार, पंचायतों में साफ सफाई अभियान।

**समाज जागरण प्रखंड संवाददाता विकास कुमार**

सुल्तानगंज बिहार में डेंगू की कहर होने पर नमामि गंगे घाट गंगा घाट चौक बाजार पर लोहिया स्वच्छता बिहार अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा को लेकर भागलपुर जिले के सलाहकार रोहित राज के नेतृत्व में सभी पंचायतों के स्वच्छता कर्मियों एवं साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान भागलपुर जिला सलाहकार रोहित राज ने बताया कि डेंगू एवं अन्य बिमारी शहर एवं पंचायतों में फेल रही है। बिमारी के रोकथाम को लेकर गंगा घाट चौक बाजार से नमामि गंगे घाट तक साफ सफाई अभियान युद्ध स्तर से चलाते हुए स्वच्छ ही सेवा है,बिमारी जानलेवा है के नारे लगाते हुए साफ सफाई किया गया। जिसमें शहर व पंचायत स्वच्छ रहने से बिमारी दुर भाग सके । और कहा कि सूखा कचरा एवं गीला कचरा को एक्रित करते हुए डब्ल्यूपीओ संग्रह कर प्रबंध किया जा रहा है प्लास्टिक को भी अलग एक्रित करते हुए डब्लूपीओ में रखा जा रहा है। जो सभी प्लास्टिक कचरे को पीडब्ल्यूएमयु मैं पहुंचा जाएगा साफ सफाई अभियान में



पर्यवेक्षक अनू रंजन कुमार नवादा विपिन कुमार मिनाती आशीष कुमार राजप्रीत भारती अभिषेक कुमार सुलेखा भारती सहित इत्यादि स्वच्छता कर्मी शामिल है साथ ही नवादा पंचायत में मुखिया वंदना देवी के द्वारा पंचायत के विभिन्न जगहों में स्वच्छता कमी के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया इस दौरान मुखिया वंदना देवी ने बताया कि नवादा पंचायत के विभिन्न जगहों में स्वच्छता कमी के द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया जिस पंचायत वीडियो में डेंगू जैसे बीमारी से बचाव हो सके इस दौरान नवादा पंचायत के स्वच्छता कर्मी मौजूद थे।

# पुरैनी में जल जमाव एवं अतिक्रमण को लेकर, ग्रामीण जाएंगे मुख्यमंत्री जनता दरबार।

**समाज जागरण जिला चीफ ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर (बिहार)जगदीशपुर ग्राम पंचायत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी के खरादी मुहल्ला पुरैनी में जल जमाव को लेकर बार-बार अंचलाधिकारी को आवेदन के माध्यम से सूचना दे रहे हैं। जनप्रतिनिधि के साथ साथ विभाग के सारे पदाधिकारी को जानकारी है के वाबजूद अभी तक कोई जल निकासी एवं अतिक्रमण समस्या का समाधान नहीं हुआ है महिनों से जल जमाव का दंश झेल रहे हैं इधर तीन दिनों के बारिस में गांव के कई घरों के अंदर जलजमाव से लोग परेशान हैं ग्राम कचहरी सचिव फिरदौस अहमद ने कहा कि प्रशासन अपने आश्वासन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं इस समस्या से जूझ रहे पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनता अपनी समस्या को लेकर 25 सितंबर 2023 समय 11 बजे पूर्वाहन में जिला प्रशासन के पास पहुंच कर अपनी मूल समस्या से अवगत कराएंगे मालूम हो कि ग्रामीण काफी आक्रोश में है।अंचलाधिकारी द्वारा बार-बार मोहलत दर मोहलत दे कर केवल संतोष दे रहे हैं लेकिन कार्रवाई शून्य है। ग्रामीणों का कहना है ऐसे लापरवाह पदाधिकारी के विरुद्ध मुख्यमंत्री जनता दरबार में जाकर अपनी समस्या रखेंगे और हकीकत से रूबरू करेंगे। जब कि इलेक्ट्रॉनिक



मीडिया एवं समाचार के माध्यम से भी जानकारी मिल रही है। नाले सफाई का कार्य पुरैनी उत्तरी यूको बैंक से होते हुए शमशाद चायवाला तक अधूरा हुआ है इसी नाले के सामने दक्षिणी क्षेत्र में बिल्कुल जस का तस पड़ा हुआ है जो मूल समस्या है प्रशासन का इस पर कोई ध्यान नहीं है पुरैनी दक्षिणी के खरादी मुहल्ला में महिनों से जल जमाव में कोई राहत अब तक नहीं मिला है, 22 मोहल्ले का पानी इसी मोहल्ले से होकर गुजरता है। आखिर इस तरह से जूझ रहे समस्या पर प्रशासन कब कार्रवाई करेगी। ग्रामीणों का कहना है समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार राजद नेता अकबर अंसारी,सरपंच नूर आलम उर्फ बबलू मिराज उर्फ लालू मुखिया प्रतिनिधि आसीम जफर मुखिया सहवाज उप मुखिया सिराजुल उप सरपंच वसीम सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुस सलाम, राशिद उर्फ मिस्टर वार्ड सदस्य मुश्ताक शाहजहां जहांगीर अफरोज वेल्डिंग मिस्त्री अनवार मास्टर मुख्तार रिजवान उर्फ बबलू जफर अहमद एवं अन्य ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के जल जमाव एवं अतिक्रमण समस्या को लेकर गांव के अंदर मासूम बच्चों के डूबने,बूढ़े बुजुर्ग के गिरने जल जमाव के सड़ने से भयंकर महामारी का प्रकोप होता है तो इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

# महिलाओं की बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया

**समाज जागरण फिरदौस अहमद**

भागलपुर (बिहार)जगदीशपुर प्रखण्ड अन्तर्गत 4 स्कूल और 17 विद्यालय में सभी शिक्षा सेवक,शिक्षा सेवक तालीमी मरकज द्वारा नव साक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। जगदीशपुर प्रखण्ड का लक्ष्य 600 था मगर 540 महिलाएं ही शामिल



हो पाई। के आर पी शंकर पासवान ने मॉनिटरिंग कर देखा कि 420 अल्पसंख्यक की जगह 382और 137 महादलित की जगह120 एवं 43 दलित महिला की जगह 38 महिलाओं ने भाग लिया ।

# बेटियों को समुचित न्याय दिलाना समाज व सरकार की जिम्मेदारी। शिक्षिका -रेशमा प्रवीण

**समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर**

भागलपुर -(बिहार) भागलपुर जिला के अंतर्गत सन्होला प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय बेटी दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुरूआत बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे साथ गीत से शुरू किया गया। वही उपस्थित छात्राएं से वार्डन- सह शिक्षिका रेशमा परवीन ने कहा आज पूरे देश में बेटी दिवस मना रहे हैं आज का दिन बेटियों को आवाज देने और उन्हें उनका अधिकार दिलाने के लिहाज से हर साल इस दिन को मनाया जाता है । आज का दिन का मुख्य उद्देश्य समाज में हो रहे लड़कियों के साथ भेदभाव हुआ व गैर बराबरी को दूर करना और बेटियों को समुचित न्याय और सम्मान दिलाना ही सरकार व समाज की एक बड़ी जिम्मेदारी है आज देश में बेटियों के साथ हो रहे अभद्र व्यवहार घटना अकसर घटित होते जा रहे हैं। क्या मानव मानसिकता में बेटियों पर जुल्म करने तथा शोषण मात्र के लिए ही बेटियों की उत्पत्ति हुई है अगर समाज और सरकार बेटियों को सुरक्षा प्रदान नहीं करेंगी तो देश व समाज का बदलाव होना मुश्किल होगा।

शिक्षिका-अल्पना नारायण भारती ने कही कि बेटी दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में बेटियों के के साथ हो रहे भेदभाव दूर कर समुचित न्याय दिलाना हम लोगों का कर्तव्य मात्र ही नहीं एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। वही उपस्थित छात्राएं सोनी कुमारी ने कही की सरकार द्वारा हम बेटियों की सुरक्षा के लिए ढेर सारी कानून पारित की गई है उसके बाबजूद भी हम बेटियां कहीं भी अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पाते हैं क्या हम बेटियों का समाज निर्माण में से लेकर जनजीवन सहित किसी कार्य में हम बेटियों का कोई योगदान नहीं है अगर है तो क्यों हम बेटियों के साथ देश में हर जगह हर रोज अपराध झेलना पड़ रहा है।क्या हम बेटियों को इस अभिशाप से कभी छुटकारा नहीं मिलेगी। वहीं उपस्थित दर्जनों छात्राएं एक स्वर में कहा कि घर से लेकर देश तक में हम बेटियों की भागीदारी है तो हमें स्वतंत्र जीवन जीने का भी हक है ! इस कार्यक्रम में 150 की संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार सिंह व संचालन- शिक्षिका स्नेहलता कुमारी ने किये। इस कार्यक्रम में सोनी कुमारी, उषा कुमारी, साक्षी रानी ,आरती मुरमुर,रिंकू हेमराम ,सुप्रिया कुमारी, रुचि कुमारी ,साजन कुमारी, जूही कुमारी, नीतू मरांडी , विद्यालय के अकाउंटेंट इमामुद्दीन, अरविंद कुमार सिंह, रेखा देवी, पत्रिका देवी, फूलों देवी, अनीता देवी, शांति देवी, रानी देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे

# लेट्स इंस्पायर बिहार का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन, आईपीएस विकास वैभव बोले- अभियान को जन-जन तक पहुंचना है बिहार को समृद्ध बनाना है

**कार्यालय संवाददाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर बिहार लेट्स इंस्पायर बिहार द्वारा द्वितीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन भागलपुर के एक स्थानीय होटल में भागलपुर के यूवा छात्रों द्वारा किया गया, इस अवसर पर लेट्स इंस्पायर बिहार के लीजेंड आईपीएस विकाश वैभव का युवा छात्रों द्वारा पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुआ जिसमें आईपीएस विकास वैभव के साथ शहर के कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन किया उसके बाद सभी गण मन लोगों ने अपना अपना वक्तव्य दिया, इस अवसर पर शहर किया, गणमन चिकित्सक शिक्षाविद एवं समाज से भी उपस्थित है, वही आईपीएस विकास वैभव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षा क्षमता और उद्यमिता पर आधारित है यहां की धरती नालंदा विश्वविद्यालय विक्रमशिला विश्वविद्यालय जैसे संस्थान को अपने गोद में संजोए हुए हैं, फिर भी यहां के छात्र भटकते रहते हैं हम लोगों का सपना है अपना बिहार ऐसा समृद्ध बिहार बने जहां से युवाओं को रोजगार मिले रोजगार के लिए उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं हो वहीं उन्होंने बताया कि लेट्स इंस्पायर बिहार के तहत अभी तक 65000 विद्यार्थी इसका लाभ उठा चुके हैं उम्मीद है इससे लाखों लोग और लाभ उठाएंगे जिससे हमारा बिहार समृद्ध और सुदृढ़ बनेगा, वही इंसपायर बिहार का द्वितीय वार्षिक सम्मेलन में आईपीएस विकास वैभव ने बोला अभियान को जन-जन तक पहुंचना है और बिहार के छात्रों को आगे बढ़ाना है तभी हमारा बिहार शिक्षित और समृद्ध बनेगा।

# बांका सीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर बांका डीएम ने सदर अस्पताल स्थित बने मॉडल भवन का किया निरीक्षण

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार ) सीएम को संभावित कार्यक्रम बांका डीएम ने सदर अस्पताल स्थिति बने मॉडल भवन का किया निरीक्षण, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बांका आ सकते हैं, सीएम की आगमन की संभावना को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है, सीएम के कार्यक्रम स्थल को लेकर जिला प्रशासन कई जगह पर प्लान तैयार कर




रहा है ज्यादा संभावना बांका जिला मुख्यालय में ही सीएम के कार्यक्रम की बन रही है, इस संबंध में कोई भी अधिकारी कुछ बोलने से परहेज कर रहे हैं वहीं शनिवार को बांका डीएम अंशुल कुमार जिला प्रशासन के पूरी टीम के साथ बारिश के बीच ही बांका सदर अस्पताल का निरीक्षण किया !

# कुख्यात टॉप-10 अपराधी मोहम्मद टिंकू हुआ गिरफ्तार, हत्या आर्म्स एक्ट बमबाजी जैसे संगीन अपराध में रही है इसकी संलिप्तता

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर( बिहार)वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि भागलपुर जिले का कुख्यात एवं मोस्ट वांटेड अपराधी मुगलपुरा हुसैनाबाद का रहने वाला फेकू मियां का पुत्र मो॰ टिंकु मिंया उर्फ तालिब जिले के टॉप टेन वांछित अभियुक्तों की सूची में शीर्ष पर है जो कोलकता से सडक मार्ग द्वारा भागलपुर आने वाला है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक, भागलपुर अमित रंजन के निगरानी में एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था डॉ गौरव कुमार नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, इस टीम द्वारा मो॰ टिंकु मिंया उर्फ तालिब को पुलिस में नाटक की अंदाज में



गिरफ्तार कर लिया है यह जिले के टॉप टेन अपराधी में एक है।मो0 टिंकु मिया उर्फ तालिब पर कई अपराधिक मामले भी दर्ज है, कई थानों में हत्या, आर्म्स एक्ट बमबाजी जैसे संगीन मामले इस पर दर्ज हैं, गिरफ्तारी के डर से टिंकू मियां अपना ठिकाना बदलते रहते थे , टिंकु मिंया एक सक्रिय किस्म का अपराधी है, इसके डर से आमजनों में काफी भय था जिस कारण से कोई पुलिस को इसके ठिकाने की सूचना नहीं देते थे। इसकी गिरफ्तारी को लेकर विगत कुछ माह से पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी । टिंकु मिया उर्फ तालिब को डॉ गौरव कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) के नेतृत्व में गठित दल के सदस्यों के द्वारा गिरफ्तार किया गया । यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने दी।

# तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

**समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार**

भागलपुर बिहार तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम में तिलकामांगी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर जवाहरलाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की,कुलगीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, कई एनएसएस कार्यकताओं ने कई मॉडल बनाकर पेश किया, वही कार्यक्रम के दौरान तिलकामांगी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर जवाहरलाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें समाज राज्य एवं देश को समृद्ध बनाने के लिए सीखना है और जन-जन तक सेवा भाव रखने का बोध कराता है साथ ही कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ता एक जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा लेते हैं जिससे और भी समाज के लोग प्रेरित होकर सेवा भाव में जुड़ते हैं

।*तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवसतिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्रा ने राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम में तिलकामांगी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर जवाहरलाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की,कुलगीत से कार्यक्रम की शुरूआत हुई, एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, कई एनएसएस कार्यकताओं ने कई मॉडल बनाकर पेश किया, वही कार्यक्रम के दौरान तिलकामांगी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर प्रोफेसर जवाहरलाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें समाज राज्य एवं देश को समृद्ध बनाने के लिए सीखना है और जन-जन तक सेवा भाव रखने का बोध कराता है साथ ही कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ता एक जिम्मेदार नागरिक बनने की शिक्षा लेते हैं जिससे और भी समाज के लोग प्रेरित होकर सेवा भाव में जुड़ते हैं।

# राजद का विधान सभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

## *विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकताओं के सम्मेलन में राजद ने संगठन की मजबूती पर दिया बल*

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले में दिनारा स्थित लक्ष्मीना बैंकेट हॉल में रविवार को राजद का विधान सभा स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चौधरी व संचालन गंगा कुशवाहा ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग की मंत्री अनीता चौधरी ने अपने संबोधन के माध्यम से संगठन की मजबूती को लेकर राजद कार्यकताओं में जोश भरते हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने गरीबों और गुरबों के मुंह में आवाज दी है।उन्होंने राजद कार्यकताओं को एकजुट होकर आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए अभी से ही लग जाने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जनता से किए हुए अपने वादे पढ़ाई,कमाई एवं दवाई को पूरा करने में लगे हुए हैं। आज अधिकांश विभाग में बहालियां निकली हुई है और युवाओं को रोजगार मिल रहा है। कहा कि देश की स्थिति एवं परिस्थिति कहां जा रही है आप लोगों से छुपा नहीं है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि बाबा साहेब की नीतियों को जन-जन तक पहुंचना होगा तथा भाजपा सरकार की देश विरोधी नीतियों को निचले तपके के लोगों तक पहुंचना होगा। संसद में महिला बिल तो भाजपा ने लागू कर दिया। लेकिन इसका लाभ महिलाओं को कब मिलेगा यह किसी को पता नहीं है। भाजपा तथा आरएसएस ने मंदिर- मस्जिद,पूजा-पाठ तथा भारत- पाकिस्तान के मुद्दे पर पूरे देश को उलझा कर रखा है। भाजपा जुमले बाजों की पार्टी है। 2014 से आज तक आम जनता के हित में एक भी विकास का कार्य नहीं हुआ है केवल जुमला बाजी ही हुआ है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं से आह्वान किया कि 2024 एवं 2025 के चुनाव में इस जुमला बाज पार्टी को उखाड़ फेंकना है। वहीं सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने कहा कि लालू जी ने समाज के सभी तबके के लोगों को सम्मान देने का कार्य किया है। पार्टी के निचले तबके की कार्यकर्ता को भी उनके द्वारा सम्मान मिला है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मैं स्वयं, मंत्री सुरेंद्र राम, अनिता चौधरी एवं विधायक विजय कुमार मंडल आपके सामने हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 2024 में बक्सर लोकसभा क्षेत्र के लिए इंडिया गठबंधन से जो भी उम्मीदवार आएगा हम सभी मिलकर पूरी ताकत के साथ उसे जिताएंगे।



कार्यक्रम में आने वाले सभी कार्यकताओं को धन्यवाद दिया।राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने भाजपा के विरुद्ध जो मुहिम चलाया है उसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है। अब परिवर्तन का समय आ गया है। दिनारा के विकास के लिए लगातार सतत प्रयत्नशील रहने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को वह बेहतर बनाने के लिए मैं कार्य कर रहा हूं वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष ध्यान है। क्षेत्र में अभी बिजली का सर्वे चल रहा है मेरा प्रयास रहेगा की सभी गांव को दो सौ किवीए टास्फार्मर की सुविधा से जोड़ दिया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद की विधान पार्षद अशोक कुमार पाण्डेय कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य कबूल खान, डॉ पुनीत कुमार, डॉक्टर सरोज गुप्ता, बक्सर जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, रोहतास जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर, प्रो श्रीनिवास सिंह सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक विजय कुमार मंडल ने गणमान्य लोगों तथा कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर संतोष यादव, मनोज सिंह, श्री राम सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष हृदय कुशवाहा, कन्हैया शर्मा, कांग्रेस के विंध्याचल पांडेय, अजय चौबे, दिवाकर पान्डेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के तृतीय प्रखंड सम्मेलन सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत रविवार को अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के तृतीय प्रखंड सम्मेलन सामुदायिक भवन गुलजारबाग वार्ड नंबर 27 बिक्रमगंज में संपन्न हुई । सम्मेलन की शुरूआत शोक श्रद्धांजलि के बाद शुरू की गई । अध्यक्ष मंडल में संयुक्त शिवकुमार राम , राजकुमार राम एवं अवध बिहारी राम की अध्यक्षता में सम्मेलन की गई । सम्मेलन का उद्घाटन खेग्रामस के राज्य कमिटी सदस्य कृष्णा मेहता ने की । मुख्य अतिथि कामरेड नंदकिशोर पासवान एवं पर्यवेक्षक रविशंकर राम की उपस्थिति में 13 सदस्यी नई कमिटी का गठन किया गया । जिसमें शिवकुमार बैठा अध्यक्ष , राजकुमार सचिव , सुरेश राम , उमेश प्रसाद , जितेंद्र पासवान , मुनीलाल राम , हीरालाल राम , कामता पासवान , परशुराम , मंजू देवी , दशरथ राम , भरत राम को नई कमिटी में शामिल किया गया । सम्मेलन में आये डेलीगेट ध्वनि मत से नई कमिटी को पारित किया गया । नंदकिशोर पासवान के द्वारा सम्मेलन की सफलता की बधाई दी गई तथा सभा की समाप्ति की घोषणा की गई ।



# अनियंत्रित पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर , पति पत्नि हुए घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कोचस- दिनारा रोड स्थित गर्ल स्कूल के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक अज्ञात पिकअप ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपति बुरी तरह घायल हो गए। घायल दंपति की पहचान दिनारा थाना के सरोठ गांव निवासी गजेंद्र सिंह के पुत्र राजेंद्र सिंह तथा राजेंद्र सिंह की पत्नी 38 वर्षीय मंजू देवी बताई गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि दिनारा थाना क्षेत्र के सरोठ गांव निवासी राजेंद्र सिंह व उनकी पत्नी मंजू देवी बाइक पर सवार हो किसी कार्य हेतु कोचस आ रहे थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर गर्ल स्कूल के समीप कोचस से दिनारा की तरफ जा रही एक अज्ञात पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दोनों दंपति दब कर जख्मी हो गए। वही घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की सहायता से दोनो घायलो को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर तुषार कुमार ने दोनों का इलाज उपरांत स्थिति चिंताजनक बात कर बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया।



# मुखिया के अधिकार लेने के फैसले पर रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने जताई नाराजगी

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बिहार सरकार के आदेश पर अपनी नाराजगी जताई । 60 की जगह 30 दिन ही अपनी पंचायत से गैरहाजिर रहने पर मुखिया का अधिकार उप मुखिया को स्थानांतरित करने के राज्य सरकार के फैसले पर मुखिया संघ रोहतास जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने हैरानी तथा नाराजगी जताई है । उन्होंने कहा की इस नियम के वो पुरजोर विरोध करते है। रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा की लगता है पंचायती राज विभाग को कानून की कोई जानकारी ही नहीं है । अज्ञानता के अभाव में अचानक पत्र निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अधिकारों में कटौती के खिलाफ राजभर में मुखिया द्वारा किए जा रहे आंदोलन से पंचायती राज विभाग घबरा गया है । रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि मुखिया को किससे छुट्टी लेना है जरा यह मुखिया को अवगत कराया जाए। यहीं नहीं उन्होंने कहा की बिहार सरकार के काले कानून के विरुद्ध मुखिया संगठन 2 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना का कार्यक्रम पटना में करने जा रही है। जिसके कारण बिहार सरकार घबरा गई है । इनकी सत्ता चरमरा गई है, इसलिए अपना कमी छुपाने के लिए बिहार सरकार अनाप-शनाप आदेश दे रही है । आदेश की जानकारी बिहार सरकार को खुद ही नहीं है कि कब क्या आदेश देना है। उन्होंने कहा कि जनता के हित में लड़ाई लड़ना मुखिया का परम कर्तव्य है। जिसे पंचायत के सभी मुखिया अपने कर्तव्य निर्वहन कर रहे हैं, और करते रहेंगे । अगर बिहार सरकार को इतना ही घबराहट है तो हमारी मांगों पर विचार करते हुए हमारी मांग को पूरा करें। ताकि बिहार के सभी पंचायत के मुखिया आंदोलन छोड़कर के जनता के हित में कार्य करना प्रारंभ कर दें।



# ग्रामोदय सेवा संस्थान द्वारा हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम की गई आयोजित

## *क्विज व हस्तलेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

नेहरु युवा केन्द्र रोहतास (सासाराम) के तत्वाधान में रविवार को ग्रामोदय सेवा संस्थान करगहर सिरिसिया के द्वारा हिन्दी पखवाड़ा अन्तर्गत क्विज एवं हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान के कार्यालय परिसर में अनुपम कुमार प्रशिक्षक, नेहरू युवा केन्द्र रोहतास के देख -रेख में सम्पन्न किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम अमन कुमार, द्वितीय सोनाली कुमारी एवं तृतीय अंकित कुमार जबकि हस्तलेखन प्रतियोगिता में प्रथम अंजलि कुमारी द्वितीय रवि कुमार एवं तृतीय प्रभात कुमार स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बच्चा सिंह प्रशिक्षक ने की। इस कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार प्रियांशु निदेशक (प्रशासन एवं लेखा) ग्रामोदय सेवा संस्थान करगहर सिरिसियां ने किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में श्री सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे । मौके पर कार्यक्रम निदेशक प्रमोद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शशिकांत पांडेय, सचिव टुनटुन प्रजापति , राजेन्द्र चौरसिया , विश्वजीत कुमार पांडेय, ओमकार पाण्डेय, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार ,मनीष पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# साइकिल जत्था पहुंचा सासाराम

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि सासाराम रोहतास**

अमृतसर पंजाब के निवासी सरदार जर्मनजीत सिंघ एवं सरदार देवेंद्र सिंघ 30 अगस्त को साईकिल द्वारा सिक्ख धर्म के पांचों तख्त साहिब एवं राह में पड़ने वाले ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब दर्शन यात्रा के दौरान साइकिल से तकरीबन दो हजार किलोमीटर की यात्रा तय करने के पश्चात ऐतिहासिक गुरुद्वारा चाचा फगुमल साहिब सासाराम पहुंचकर दर्शन उपरांत रात्रि विश्राम किया।सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जत्थेदार सरदार सरबजीत सिंघ खालसा अधिवक्ता ने साइकिल यात्रियों का स्वागत करते हुए सिरोपा से सम्मानित कर उन्हें सासाराम के सिक्ख ऐतिहासिक धरोहरों की दर्शन कराते हुए इतिहास की जानकारी भी दिया। सरदार जर्मनजीत सिंघ ने कहा कि हम वाराणसी पहुंच तब निश्चय किया कि रात्रि विश्राम संत चाचा फग्गूमल साहिब जी के चरणों में करेंगे।सृष्टि के चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी एवं चाचा फगुमल साहिब जी के अनमोल निशानी के दर्शन मात्र से ही 2000 किलोमीटर की यात्रा की थकावट बिल्कुल दूर हो गई। गुरुदेव द्वारा राग जैजावंती अवंती महला ९ के गुरबाणी की कृपा स्थान का दर्शन मेरे जीवन का सबसे अनमोल समय रहेगा। हमारी यात्रा लगभग दो महीने का है पटना साहिब जी के बाद श्री हजुर साहिब जी नांदेड़ (महाराष्ट्र) एवं अंत में पांचवां तख्त श्री दमदमा साहिब जी सांबो की तलवंडी पंजाब में शुक्राना अरदास के साथ समाप्त होगी। मौके पर हेड ग्रंथि भाई साहब भाई रणजीत सिंघ जी यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न होने की अरदास की। वही सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी प्रबंधक सेवादारों ने बोले सो निहाल के साथ यात्रा को तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के लिए रवाना किया।



# जननायक कपूरी ठाकुर सिद्धांत व प्रेरणास्रोत के थे मिशाल - जयंत राज

## *कपूरीं चर्चा के दौरान मंत्री सहित कई अन्य जदयू के कार्यकर्ता रहे मौजूद*

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

करगहर प्रखंड स्थित इटवाडीह मैदान में रविवार को कपूरी परिचर्चा में जदयू के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लघु संसाधन मंत्री व पार्टी के जिला प्रभारी जयंत राज कुशवाहा ने कहा कि कपूरी ठाकुर नाम नही विचारधारा ,प्रेरणास्त्रोत व सिद्धांत का दूसरा नाम है। उन्होंने कहा कि जननायक के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए नीतीश कुमार ने जो कदम उठाया है । उसे सदैव याद किया जाएगा । उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्गों की महिलाओं के लिए त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में 50% आरक्षण, ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं को साइकिल पोशाक की राशि , 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना की व्यवस्था की घोषणा करने के अलावे दर्जनों लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर इतिहास रचा है । इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर और जयप्रकाश नारायण के अधूरे सपनों को पूरा करते हुए नीतीश कुमार ने जो ऐतिहासिक कदम उठाया है उसे हर वर्ग के लोग सदैव याद करेंगे । उन्होंने कहा कि समाज के दलित व पिछले वर्गों के लिए ही उन्होंने कार्य नहीं किया बल्कि समाज के हर वर्गो के लिए लाभकारी योजनाएं को पहुंचाने का कार्य किया है । उनकी परिकल्पना थी कि प्रदेश के एक बड़ी आबादी नशे के गिरफ्त में है । जिससे परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं । इस गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने शराबबंदी का कानून लागू किया और कठोरता से इसका पालन किया जा रहा है । कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा तथा संचालन पूर्व मुखिया धनजी चौधरी ने किया । मौके पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष- डॉ. धर्मेन्द्र चंद्रवंशी , प्रदेश प्रवक्ता जदयू - अंजूम आरा ,विधायक ललित नारायण मंडल, पूर्व मंत्री- अजीत कुमार, गुप्तेश्वर सिंह, कामता पटेल ,हरिशंकर सिंह ,पूर्व जिप अध्यक्ष प्रमिला सिंह, विधानसभा प्रभारी अशोक पटेल, रजनीश पटेल, बद्री भगत ,प्रमोद चौबे, रामाकांत सिंह, ,रजिया कामिल ,निर्मल पाठक , डोमा राम ,बच्चा सिंह यादव, हरिहर सिंह ,मनोज सिंह , बाल श्रमिक आयोग की अध्यक्ष प्रमिला प्रजापति ,तेज नारायण पाठक ,अमित पटेल, मुस्ताक अंसारी ,जिप सदस्य पूनम देवी, नीलम देवी ,दीपक निषाद, दिनेश चंद्रवंशी, रवि गुप्ता, धनजी चौहान ,आनंद कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे ।



# मद्धेशिया समाज ने श्री-श्री -1008 संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत गोड़ारी में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी शनिवार को संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ जयंती समारोह पूरे प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई । वही इस श्री-श्री -1008 संत शिरोमणी बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का पूजा उत्सव मदेशिया संघ गोडारी के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत बाबा गणिनाथ के पूजा अर्चना से हुई। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जुटे सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने कुलगुरु बाबा गणिनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया पूजा अर्चना के बाद हवन कार्यक्रम में समाज के अनेक लोग सपरिवार सम्मिलित हुए। पूजा के बाद झंडोतोलन किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण और संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने आनंद उठाया। बाबा गणिनाथ गोविंद को मद्धेशिया हलवाई समाज के लोग अपना कुल देवता मानते हैं। लिहाजा उनके द्वारा हर साल बाबा गणिनाथ की पूजा पूरे धूमधाम से की जाती है। जिसमे नगर पंचायत मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती एवं उप मुख्य पार्षद रविवरंजन पूजा सामारोह में शामिल हुए। जिसमे सम्मानित जनप्रतिनिधि को गणिनाथ पूजा समिति के अध्यक्ष गुपुत साह, आमोद कुमार, विनोद साह, काजू साह, पिंटु वाईट, लल्लू साह इत्यादि ने मुख्य पार्षद अभिभावक एवं उप मुख्य पार्षद को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया ।साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी मदेशिया संघ नगर पंचायत गोडारी एवं ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते हुए नजर आये।



# प्रखंड मुख्यालय पर साक्षरता महा परीक्षा का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

महादलित, दलित अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के अन्तर्गत बुनियादी साक्षरता महापक्षा महा परीक्षा 24 सितंबर दिन रविवार को कोचस प्रखंड में आयोजित किया गया । इस परीक्षा में 15 से 45 वर्ष की वैसे नवसाक्षर महिलाओं ने भाग लिया , जो किसी कारण बस बुनियादी साक्षरता से वंचित रह गई थी । उन्हें इस परीक्षा में शामिल किया गया। बुनियादी साक्षरता परीक्षा रह महिला परीक्षार्थियों के लिए बिल्कुल निशुल्क था। परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी को बुनियादी साक्षरता का प्रमाण -पत्र भी दिया जाएगा। परीक्षा में लिखना पढ़ना एवं गणित के 50- 50 अंकों का परीक्षा लिया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अंदर जागरूकता पैदा करना है । साक्षरता के द्वारा अंधविश्वास मिटाना वोट के प्रति जागरूक करना, अपने अधिकारों को जानना, सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करना सरकारी दस्तावेज पर अंगूठा लगाने जैसी कलंक को मिटाना हस्ताक्षर करने को सीखना आदि जानकारी दी गई। वही केआरपी दुर्गा प्रसाद चौरसिया ने बताया कि प्रखंड कोचस में महा परीक्षा के कुल 16 केंद्र बनाया गया है। जिसमें 40 साक्षरता केंद्र शामिल है । इस परीक्षा में 800 नव साक्षर महिलाओं का शामिल होने का लक्ष्य रखा गया था । जिसमें महादलित 720,दलित 10 एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग की 70 महिला लक्ष्य था । अधिक वर्षा के कारण भी महिलाओं के अंदर परीक्षा के प्रति जागरूकता देखने को मिली ,और अधिक संख्या में महिलाओं ने परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में भाग लेने वाली महिलाएं अपने घर के काम का छोड़कर एवं खेती-बाड़ी को छोड़कर विद्यालय की ओर परीक्षा देने के लिए प्रस्थान किया । परीक्षा में भाग लेने वाली महिलाएं नाजमा खातून, सलमा खातून, सायरा बेगम, सबनम खातून सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता संझौली रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर अमेठी ग्राम से छापामारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि बहुत दिनों से फरार चल रहे वारंटी अमेठी ग्राम निवासी गोरखराज भर को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। जो आरोपी के विरूद्ध कोर्ट से निर्गत वारंट था।

# दो गंजा तस्कर सहित विभिन्न मामले में पांच गिरफ्तार

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना पुलिस दो गंजा तस्कर सहित विभिन्न मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के तेनुआठ मठिया गांव से बदन राम के पुत्र जय शंकर राम व काशी नाथ राम के पुत्र चंद्रकांत गौतम को गिरफ्तार किया गया। जिसे गिरफ्तार करने के लिए थाना में कांड संख्या -473/23 मामला दर्ज किया गया था। वहीं मारपीट के मामले में दर्ज कांड संख्या 291/23 के तहत कार्रवाई करते हुए जमरोढ़ गांव निवासी जगदीश सिंह के पुत्र बहादुर सिंह तथा रामामुनी सिंह के पुत्र रंजन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। तथा एसडीजेएम न्यायालय के आदेश पर निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के मैरा गांव निवासी राम एकादशी शर्मा के पुत्र दिनेश शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

# वारंटी समेत पांच लोगो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला चेनारी रोहतास**

रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहों से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें जमुना बिंद पिता स्वर्गीय रामविलास बिंद ,जितेंद्र बिंद पिता जमुना बिंद ग्राम तेलारी थाना चेनारी जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया। उधर शराब तस्करी के मामले में दो लोगों की गिरफ्तार किया उनके पास से 7 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद किया गया। जिसकी पहचान बृजेश कुमार, धीरज कुमार ग्राम तेलारी थाना चेनारी जिला रोहतास के बताया गया। शराब के नशे में हो हंगामा करने के मामले में कैमूर जिला के सवार थाना अंतर्गत सिसवार गांव निवासी रामप्यारेलाल को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा छापेमारी की गई, जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। जांच करने के बाद अग्रिम कार्रवाई करते हुए सभी को जेल भेज दिया गया।

# नल- जल योजना में गबन के मामलें में एक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण नसीम शाह नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर गांव से पुलिस ने नल -जल योजना में गड़बड़ी करने पर गबन के मामले में एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि नोखा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में नल- जल योजना में गबन के मामले में एक गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति हरिहरपुर गांव निवासी परमानंद सिह को कांड सख्या 64/ 22 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।




# अक्षर आंचल योजना अंतर्गत आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत महादलित , दलित एवं अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग का अक्षर आंचल योजना के अंतर्गत आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा नवसाक्षर महिला का रविवार को काराकाट प्रखंड के मध्य विद्यालय चिकसील में आयोजित की गई । जिसमें चिक्सील पंचायत के महादलित, दलित , अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग की महिला बढ़चढ़ कर परीक्षा में भाग लिया । जिसमें एचएम मुनीर आलम , शिक्षक मनोज राम , लालजी चौधरी मुख्य रूप से भाग लिए तो वहीं परीक्षाथीयों में इंदु देवी, ललिता देवी,तारा देवी,अनीशा देवी, पूजा देवी,राधिका देवी सहित सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया ।



# पुलिस ने एक वारंटी व दो शराबी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

स्थानीय पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि न्यायालय के वारंटी क्षेत्र के हबबूपुर गांव निवासी नंदकुमार राठौर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। वहीं गश्ती के दौरान कपसिया गांव से श्री भगवान भुइंया व सेमराडिह गांव निवासी सोनू साह को शराब के नशे में गिरफ्तार कर सरकारी जुमार्ना राशि के लिये मजिस्ट्रेट के समक्ष किया गया।

# पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की देर शाम पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास ने बताया कि कौआडिह गाँव से पूर्व के मारपीट व अन्य मामलों में दो प्राथमिकी अभियुक्त मनजी सिंह पिता अनिरुद्ध सिंह व उदय नारायण सिंह पिता स्व. सुखनंदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनो अभियुक्त को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



# खनीता में किराना व मोबाइल दुकान में चोरी, दुकानदारों ने किया बाजार बंद व सड़क जाम

**के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा मोहनियां नेशनल हाईवे पर स्थित खनीता बाजार में शनिवार की रात चोरों ने एक मोबाइल दुकान एवं किराना दुकान से मोबाइल व अन्य सामानों की चोरी कर ली। सुबह में जैसे ही चोरी की जानकारी दुकानदारों और अन्य लोगों को हुई दुकान पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके साथ ही घटना के विरोध में बाजार के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर आरा मोहनियां नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। दुकानदारों ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चोर-अपराधियों से सुरक्षा दिलाने की कार्रवाई करने की मांग की। दुकानदारों के आंदोलन से इस मुख्य मार्ग पर करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बताते हैं कि चोरों ने गत रात खनीता बाजार स्थित मोबाइल व किराना दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके दुकानदारों का कहना है कि चोरों ने ने लाखों रुपये के मोबाइल,अन्य सामान एवं नगद रुपये की चोरी कर ली। एक वर्ष पहले भी इसी दुकान से चोरों ने लाखों रुपये के सामानों की चोरी कर ली थी। घटना से नाराज दुकानदारों ने पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए बाजार को बंद कर दिया। वहीं पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए दुकानदारों ने आरा मोहनियां नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंच पुलिस ने घटना की जांच की। वहीं पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम खत्म कराया।आक्रोशित दुकानदारों के अनुसार इलाके में पुलिस कभी कभार गश्त लगाती, जिससे चोर-बदमाशों का गिरोह लगातार घटनाएं कर बच रहे हैं।दुकानदारों ने बाजार में चौकीदार एवं पुलिस बल तैनाती की मांग कर रहे थे।

## नबीनगर के भावानोखाप से एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) 24 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर थाना क्षेत्र के भवानोखाप से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। एस आई पिंकी कुमारी एवम सशस्त्र बल ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर फरार चल रहे अभियुक्त कइल राम पिता राजेश्वर राम ग्राम भावनोखाप को उसके घर से गिरफ्तार किया है।



थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कईल राम पर कोर्ट से वारंट निर्गत था वह काफी दिनो से फरार चल रहा था गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है।

## खरौंधा गांव से अवैध देशी शराब बरामद कारोबारी फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) 24 सितंबर 2023 नवीनगर थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव के समीप से पुलिस छापेमारी मे झारखंड निर्मित अवैध देसी शराब बरामद किया गया है।गुप्त सूचना के अधार पर एस आई पिंकी कुमारी एवम सशस्त्र बल ने छापा मारकर 180 एमएल का दो कार्टून झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब जप्त किया है पुलिस को आने की भनक लगते ही कारोबारी भागने में कामयाब रहा।



थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले मे अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

## श्राद्धपक्ष में ज्योतिषीय दृष्टीकोण- डॉक्टर ज्ञानेश भारद्वाज.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**
गया( बिहार )- श्राद्ध पक्ष में ज्योतिषीय दृष्टिकोण है . उक्त बातें भेंटवार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए डॉ ज्ञानेंद्र भारद्वाज निदेशक भारद्वाज ज्योति शिक्षा शोध संस्थान ने कहीं. उन्होंने आगे कहा कि ज्योतिष शास्त्र के अंतर्गत चारों पुरुषार्थ धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष प्राप्ति की ही चर्चा होती है.श्राद्ध और पिंडदान का संबंध भी मोक्ष से हैं, किंतु हमारे उपनिषदों और धर्म शास्त्र के अनुसार मोक्ष की प्राप्ति तभी होती है जब व्यक्ति समस्त विकारों से रहित होता है.व्यक्ति के भीतर जो विकृतियां आती है उनमें ग्रहों का योगदान भी उल्लेखनीय है. वस्तुतः जो पिंड दान करता है उसे भी विकार रहित होना चाहिए. इस दृष्टि से हम ग्रहों की उपेक्षा नहीं कर सकते हैं.इतना ही नहीं कहा जाता है की व्यक्ति की अतिरिक्त इच्छाएं उसके मोक्ष में भी बाधा उत्पन्न करती है .उनके इस दृष्टिकोण से ग्रहों के प्रभाव परिणाम और उन्हें संतुलित करने की विधियों को जानना हर व्यक्ति के लिए अति महत्वपूर्ण है ताकि जीवन में संतुलन बनाया जा सके.इस दृष्टिकोण से ग्रहों के प्रभाव को इस प्रकार देखा जा सकता है .ज्योतिष ईश्वरीय प्रकाश से प्रतिपादित है.वही व्यक्ति के कृत्त कर्मो एवं विचारों के अनुसार हीं फल प्रदान करते हैं . वेद के अंगों में ज्योतिष विराट पुरुष का चक्षु है वही सूर्य है अतएव सृष्टि के सारे कार्यों के आधार ज्योतिष शास्त्र है. इसी क्रम में पितृपक्ष का श्राद्धिक कार्य भी है. विभिन्न शास्त्रों के अवलोकन से स्पष्ट है जैसे :-ग्रहराज सूर्य के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग सर में दर्द, नेत्र से पीड़ा, हृदय रोग और गुर्दा से संबंधित और इनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए घोड़े को चारा, पानी देने से एवं पक्षियों में हंस, बगुला या अन्य पक्षियों के लिए दाना डालें.मन के अधिपति चंद्रमा के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग मन में अशांति कफ से पीड़ित नजला आदि से संबंधित और इनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए मछलियों एवं जल के पक्षियों को दाना . मंगल ग्रह के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग खून की कमी , सुस्त सुस्त रहना



सही ऊर्जा के साथ कार्य को नहीं करना एवं चोट चपेट एवं दुर्घटना का भय बना रहना और उनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए चील, गीद्ध , बाज एवं पशु में हाथी को आहार देने से अमंगल मंगल में बदल जाता है.बुध ग्रह के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग पित्त प्रकुपित होना पित्ताशय में पथरी और इनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए कुत्ता ,बकरी ,बंदर व पक्षियों में तोता ,रेंगने वाले जीव के प्रतिनिधि ग्रह बुध हैं अतः इन पशु पक्षियों की सेवा करने से काफी लाभ होता है.बृहस्पति ग्रह के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग चमड़ी से संबंधित रोग होना दाद खाज खुजली पीलिया सोचने समझने की शक्ति कमजोर होना और इनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए हाथी घोड़ा बैल एवं पक्षियों में मोर को दाना और मछलियों को आटे की गोली बनाकर किसी नदी या तालाब में डालें.शुक्र ग्रह के अधिपति माता लक्ष्मी जी हैं. इन के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग शरीर का पतला होना मधुमेह ,स्नायु यौन सुख में कमी धात संबंधित समस्यायें और इनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए गौ माता एवं ब्राह्मण को भोजन कराएं.और गौरैया पक्षी के लिए दाना पानी का व्यवस्था अपने घर के छतया आंगन में करना चाहिए.शनि ग्रह के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग गठिया संबंधित वायु प्रकोप और इनके अन्य दुष्प्रभावों से बचने के लिए काले कुत्ते को खोवा या दूध से बनी सामग्री खिलाना चाहिए.एवं पक्षी में काग बली कराने से शनि का क्रूर प्रभाव नष्ट हो जाता है. राहु केतु ग्रह के दुष्प्रभाव से होने वाले रोग भ्रम भटकाव, द्वंद की स्थिति बना रहना डरे सहमे से रहना पेट से संबंधित रोग होना (केतु- मुंह ,दांत से संबंधित )और इनके अन्य दुष्प्रभाव से बचने के लिए कुत्ते के लिए रोटी काली चिटियों के लिए आटा शक्कर मिलाकर डालें. इससे भ्रम और भरमाव की स्थिति खत्म हो जाती है. इन मास में पीपल का वृक्ष लगाने से नवग्रहों की पीड़ा का प्रभाव कम होता है. श्राद्ध मास में किसी भी प्रकार के शुभ कार्यों को वर्जित कर देनी चाहिए.ज्योतिषी अवधारणा ब्रह्मांड नियंता परमेश्वर ने संपूर्ण प्राणियों के व्यापक हित कल्याण के लिए सृष्टि में सारे जीव जंतु पर्यावरण और प्रकृति का उपहार भेंट किया है. इन सभी का जीवन एक दूसरे से जुड़ा है यही कारण है कि कुछ बदलाव उथल-पुथल या कोई प्राकृतिक आपदा आने वाली होती है तो पेड़ पौधे से लेकर पशु पक्षी के द्वारा उसका संकेत मिल जाता है.इसलिए इनकी रक्षा करना मानवीय धर्म है.

## देव थाना की पुलिस ने दो शराबी को किया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**
औरंगाबाद जिले के देव थाना की पुलिस ने शराब के नशे में धुत दो शराबी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।गिरफ्तार पहला शराबी देव थाना क्षेत्र के सिलाढ़ निवासी 1) रजनीश कुमार सिंह के 24 वर्षीय पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है।जबकि 2) शराबी मो.मोइन अंसारी सुन्दरगंज निवासी नइम अंसारी के 24 वर्षीय पुत्र मो.मोईन अंसारी के रूप में हुआ है।दोनों केताकि के तरफ से मोटरसाइकिल से आ रहा था।गस्ती में रहे देव थाना की पुलिस के द्वारा बांके पुल पर वाहन जांच अभियान चलाई जा रही थी।तभी दोनों बांके पुल के पास शराब के नशे में धुत होकर आ रहे थे।पुलिस ने रोका तो पाया कि दोनों शराब के नशे में धुत थे।दोनों की जांच ब्रेथ एनेलाइजर मशीन से जांच किया गया तो दोनों को शराब पीने की पुष्टि की गई।पुष्टि होने के बाद शनिवार को दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## *बुनियादी परीक्षा मे नवसाक्षर महिला को शामिल कराने आए शिक्षा सेवक की बाइक चोरी *

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर ?(औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) 24 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय बड़ेम से शिक्षा सेवक की बाइक चोरी हो जाने की सूचना है। गौरतलब है की अक्षर आंचल योजना के तहत आज बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन पूरे राज्य मे किया गया था। बताते चले कि नबीनगर प्रखंड में 19 केंद्रों पर बुनियादी परीक्षा का आयोजन किया गया था जिनमे



एक केंद्र मध्य विद्यालय बड़ेम भी है जहां प्राथमिक विद्यालय खैरा में में कार्यरत शिक्षा सेवक प्रभु कुमार राजवंशी अपने नवसाक्षर महिलाओं को परीक्षा मे शामिल कराने के लिय अपने बाइक के साथ 10 बजे मध्य विद्यालय बड़ेम गए हुए थे । शिक्षा सेवक द्वारा अपने काले रंग का बाइक पैशन प्रो जिसका नंबर BR26 F1759 है को विद्यालय के गेट के बाहर खड़ा कर दिया गया था उस जगह पर और लोगो का भी बाइक खड़ा किया गया था।जब दो घंटे के बाद शिक्षा सेवक परीक्षा केंद्र से बाहर निकले तब उनका बाइक नहीं था।काफी खोज बीन और आस पास लोगो से पूछ ताछ करने पर बाइक का पता नही चल सका।इस संबंध मे शिक्षा सेवक द्वारा बड़ेम ओपी थाना मे थानाध्यक्ष को आवेदन देकर बाइक बरामदी का गुहार लगाया गया है।

## आठवीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल द्वारा हर घर से मिट्टी कलश में इकट्ठा किया गया।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**
खोरीबाड़ी : आठवीं वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय खपरैल व सभी बाहय सीमा चौकियों में व कार्यक्षेत्र के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव की समाप्ति के कार्यक्रम ब्यापक रूप से किये जा रहे है कइस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 8वीं वाहिनीं के सभी बाहय सीमा चौकी के जवानों



द्वारा जिम्मेवारी के सभी गांवो में जाकर हर घर से मिट्टी कलश में इकट्ठा किया जा रहा हैकइस कार्यक्रम में लोगों ने काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया तथा गर्व के साथ अपने गाँव की मिट्टी दान की। इसे दिल्ली के एक म्यूजियम में रखा जायेगा। ये बड़े गर्व की बात है की भारत के हर क्षेत्र की मिटटी इस कार्यक्रम के द्वारा देश की राजधानी दिल्ली में रखा जायेगाक इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ सेवानिवृत बल कर्मियों, बच्चों,महिलाओं सभी तबकों ने राष्ट्रीय झंडे के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों ने अपने देश के प्रति एकता अखंडता बनाये रखने व अपने देश व अपने मिट्टी से हमेशा जुड़े रहने हेतु संकल्प लिया।

## 2023 मे ही हर हाल में देवकुंड महोत्सव और सीता थापा महोत्सव आयोजित करने का लिया गया निर्णय

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**
28अक्टुबर को महर्षि बाल्मीकि एवं 27दिसंबर को साहित्यकार शंकरदयाल सिंह की जयंती आयोजित ।

उक्त निर्णय आज स्थानीय अधिवक्ता संघ भवन में जनेश्वर विकास केन्द्र के तत्वाधान में श्री रामजी सिंह जी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित कर लिया गया । सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि बैठक में अन्य बातों के अलावा यह निर्णय लिया गया कि औरंगाबाद में चलने वाले विविध महोत्सवों की कड़ी में दो महोत्सव और जोड़े जाएं। मदनपुर प्रखंड स्थित सीता थापा की पवित्र स्थली पर सीता थापा महोत्सव और शिव की पवित्र नगरी देवकुंड में देवकुंड महोत्सव आयोजित किए जाएं ।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विपरीत परिस्थितियों में अगर महोत्सव वहां आयोजित नहीं हो सके तो सांकेतिक रूप में जिला मुख्यालय में ही क्रमशः दोनों महोत्सव आयोजित किए जाएं । वैसे सीता थापा महोत्सव की संभावित तिथि 17 एवं 18 दिसंबर 2023 निर्धारित की गई ।विशेष जानकारी देते हुए सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि केंद्र के अभियंता विंग के संयोजक श्री धीरेंद्र कुमार सिंह को मनोनीत किया गया । इस प्रस्ताव पर सभी लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की ।उन्होंने यह भी बताया कि जिले के देव प्रखंड स्थित भवानीपुर के मिट्टी के लाल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ख्याति बनाने वाले साहित्यकार स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह की जयंती 27 दिसंबर 2023 को सोल्लास पूर्वक मनाई जाए । इस अवसर पर संध्याकालीन सत्र में एक काव्य गोष्ठी आयोजित हो जिसमें देश के नामचिन्न कवि एवं कवित्रियों को आमंत्रित किया जाए । एक अन्य प्रस्ताव में 28 अक्टूबर को बाल्मीकि जयंती मनाने का निर्णय लिया गया । पुनः कार्यक्रम के अंतिम चरण में कुछ दिनों पूर्व कवि लवकुश प्रसाद सिंह जिन्हें बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन से सम्मानित किया गया है उन्हें जनेश्वर विकास केंद्र की इकाई ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित



किया और उनके मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिन लोगों ने अपने वक्तव्य से कार्यक्रम को सफल बनाया उनमें डा सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, शिक्षक बैद्यनाथ सिंह,शिक्षक उज्जवल रंजन, शिक्षक धर्मेंद्र सिंह ,अधिवक्ता कमलेश कुमार सिंह, विनोद मालाकार,सत्यचंडी न्यास समिति के सचिव राजेंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष अरुण सिंह , लालदेव प्रसाद , श्रीराम राय समेत कई लोगों शामिल थें। इस अवसर पर जिनकी गरिमामय उपस्थिति बनी उनमें समाज सेवी सुरेश ठाकुर ,बैजनाथ सिंह ,, बीगन बैठा,प्रमोद कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, बीरेंद्र प्रसाद, सरपंच संघ के संरक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह, प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद सिंह शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह आदि प्रमुख थें। अंत में अध्यक्षीय उद्वोधन के साथ ही सभा की कार्रवाई संपन्न की गई।

## नगर पंचायत नबीनगर मे विधायक ने किया करोड़ो के योजना का उद्घाटन और शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) 24 सितंबर 2023 आज औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर मे नगर पंचायत के सौजन्य से करोड़ों रूपए से निर्मित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन नबीनगर के क्षेत्रिय विधायक विजय कुमार सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन सिंह द्वारा फीता काटकर एवम नारियल फोड़कर किया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के सभी वार्डो मे विकास का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के कुछ वार्ड मे काम पूजा के बाद शुरू कर उसे जल्द पूरा करा दिया जाएगा। विपिन सिंह ने यह भी बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र मे बहुत जल्द तेजी से विकास कार्य और नगर सौंदर्यीकरण देखने को मिलेगा।

आज मुख्य रूप से नगर पंचायत के वार्ड 1 के जयनगरा गांव में पुल का उद्घाटन किया गया।इसी वार्ड के देवराज बीघा के स्टेशन रोड तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया।वार्ड 2 के परसिया सामुदायिक भवन से मस्जिद तक फेबर ब्लॉक सड़क का उद्घाटन किया गया इसी वार्ड में मनौअर के घर से रमजान बीघा देवी मंदिर तक पीसीसी सड़क एवं नाली का उद्घाटन किया गया।नगर पंचायत के वार्ड 3 में रामधनी साहू शिक्षक के घर से बांदा पीपर तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया ।वार्ड नंबर 5 में कोइरीडीह पथ से गुरदी गांव तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया ।वार्ड 6 में शंकरपुर देवी मंदिर के समीप नाली का शिलान्यास किया गया, इसी वार्ड में महिपबीघा संजय शाह के घर से अरुण शाह के घर तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया। वार्ड नंबर 7 में बस स्टैंड मेनरोड से कृष्ण प्रसाद मिल तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया ।वार्ड नंबर 9 में दुर्गा चौक पर फेवर ब्लॉक कार्य का उद्घाटन किया गया ।वार्ड नंबर 10 मे पंडा मोहल्ला से वीरेंद्र प्रसाद के घर तक पीसीसी सड़क और नाली का उद्घाटन किया



गया, इसी वार्ड में श्मशान घाट का जीणोर्धार भी किया गया। वार्ड 11 में शिवपूजन पाल के घर से लड्डू मियां के घर होते हुए पुनपुन नदी तक पीसीसी सड़क और नाली का उद्घाटन किया गया ,इसी वार्ड के नरेश ठाकुर के घर से एयरटेल टावर तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया साथ ही इसी वार्ड में श्मशान घाट का जीर्णोद्धार भी किया गया ।वार्ड 12 में शिव मंदिर से सरस्वती शिशु मंदिर तक पीसीसी सड़क मरम्मत का उद्घाटन किया गया साथ ही इसी वार्ड में विनोद चंद्रवंशी के घर से पुनपुन नदी तक नाली और पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया वार्ड 12 में ही शिशु मंदिर में नल जल का उद्घाटन किया गया ।वार्ड 12 मे ही बसन बीघा मोड एवं अनुग्रह नारायण स्टेडियम में प्याऊ का उद्घाटन किया गया ।वार्ड 13 में प्रमोद सिंह के घर से देवी मंदिर तक पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया ।इसी वार्ड के आनंदुआ गांव में पीडब्ल्यूडी कांडी पथ से विजय सिंह के घर होते हुए राजकेश्वर सिंह के घर तक पीसीसी सड़क एवं नाली का उद्घाटन किया गया ।वार्ड 13 के ही ग्राम साया एवं नयकाबीघा मे प्याऊ का उद्घाटन एवं साया गांव में पीसीसी सड़क का मरम्मत कार्य का उद्घाटन किया गया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत के वार्ड 14 में कचरा प्लांट में शौचालय का उद्घाटन किया गया ।इसी वार्ड में जोबे गांव के शिव मंदिर से अरविंद सिंह के घर तक फबेर ब्लॉक सड़क का उद्घाटन एवं शिवराजपुर के हबीब मियां के घर से मदरसा तक फेवर ब्लॉक सड़क का उद्घाटन किया गया ।वार्ड 14 के ही भानखाप के दलित मोहल्ला मे प्याऊ का उद्घाटन किया गया ।इसके अतिरिक्त वार्ड 4 ,वार्ड 7 एवं वार्ड 9 में प्याऊ निर्माण का उद्घाटन एवम मंगल बाजार, शनीचर बाजार ,बसनबीघा मोड़ एवं गायत्री मंदिर परिसर मे आर ओ प्लांट का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम मे नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार रजक, बेलाई पंचायत के मुखिया अम्बरीष प्रधान,वार्ड पार्षद अजय साव,रितेश कुमार, इंदल सिंह,मनीष कुमार,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह,राजद नेता संतोष सिंह,रमजान अली, जगन यादव,पीयूष कमल, धर्मेन्द्र वर्मा, उमेश चंद्रवंशी, राहुल रावतउदय गुप्ता, राजकुमार रजक सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य नागरिक सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे।

## पालिगंज में किया गया जन सुराज की ओर से विधानसभा स्तरीय परिचर्चा का आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालिगंज अनुमण्डल**
पालीगंज/ स्थानीय बाजार स्थित जयप्रकाश आश्रम में प्रशांत किशोर द्वारा संचालित "जन सुराज " के द्वारा पालीगंज विधानसभा स्तरीय परिचर्चा समारोह सह कार्यकर्ता बैठकब का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार बैठक की अध्यक्षता डॉ. श्यामनंदन शर्मा व संचालन रामानन्द तिवारी ने किया। इस समारोह को सम्बोधित करते हुए जन सुराज अभियान की महिला नेत्री रेखा सोरेन व अक्षय आनन्द ने एक सुरों में कहा कि आज पूरा बिहार किसान मजदूर व आम जनता भ्रष्टाचार व अधिकारियों के आतंक से त्रस्त है। बिहार मजदूर सप्लाई का फैक्ट्री बन गया है इस बिहार को बदलने की जरूरत है। वही बिहार



के पूर्व प्रशासनिक पदाधिकारी अजय द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुराज बिहार को बदहाली से मुक्ति का जन अभियान है। किसानों नौजवानों, मजदूरों व छात्रों को परिवर्तन के लिए तैयार करना है। वही डॉ. श्यामनंदन शर्मा ने कहा कि बिहार में दारू, बालू व पलायन का उद्योग जारी है। वही दिलीप कुमार, अंजनी कुमार, दसरथ चंद्रबंशी, सुनील कुमार, राजकिशोर सिंह, गुड्डू सिंह, सुरेश सिंह, उपेंद्र सिंह, कवींद्र सिंह, गया शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

वही मौके पर चंदन शर्मा, सुनील कुमार, गौतम कुमार, परिखन पंडित, श्रीमोहन शर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## जयनगर टाटानगर के बीच चलेगी साप्ताहिक ट्रेन

**समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 24 सितम्बर**
झारखंड के टाटानगर एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले प्रवासी मैथिलों की चिर प्रतीक्षित मांग अब पूरी होने वाली है। टाटानगर और आसपास काम करने वाले मैथिलों की मांग थी कि जयनगर से टाटानगर के बीच सीधी रेल चलायी जाय। रेलवे ने जयनगर से टाटानगर के बीच साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। टाटानगर से यह ट्रेन शुक्रवार को 18:50 बजे खुलेगी और अगले दिन शनिवार को 11:25 बजे जयनगर पहुंचेगी। वहीं, जयनगर से यह ट्रेन शनिवार को 19:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन रविवार को 11:30 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। हलाकि रेलवे ने अभी तक इस ट्रेन के परिचालन प्रारंभ करने के लिए तिथि का निर्धारण नहीं किया है। जयनगर से खुलकर यह रेलगाड़ी बरौनी क्यूल







झाझा जसीडीह प्रधानकुंटा राज बेड़ा होती हुई टाटानगर पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 17 बोगी होगी। रेलवे द्वारा जयनगर टाटानगर के बीच सीधी रेल चलाने की घोषणा से मिथिलांचल सहित पड़ोसी देश नेपाल के सीमावर्ती भाग के लोगों में खुशी का माहौल है।

## पालीगंज में हुआ अखिल भारतीय किसान महासभा का जिला सम्मेलन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**
पालीगंज/ अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित हाई स्कूल के सभागार में रविवार को एक दिवसीय अखिल भारतीय किसान महासभा की 4 वी जिला सम्मेलन आयोजत किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह उद्घाटनकर्ता के रूप में मौजूद अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड राजाराम सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी हक की लड़ाई के साथ साथ आपकी हितों की रक्षा के लिए अखिल भारतीय किसान महासभा हमेशा लडती रही है व आगे भी इसी तरह से मजबूती के साथ लड़ाई लडती रहेगी। आज देश में चारो तरफ भ्रष्टाचार और आजकता की माहौल बना हुआ है। देश के संसाधनों पर कुछ मुट्ठी भर कारपोरेट घरानों की कब्जा हो गया है। किसान और मजदूरो की स्थिति दिन प्रति दिन बदतर होती जा रही है और करप्रोरेट घरानों की तिजोरियां भरती जा रही है। किसानों की खेत -खेती दोनों छिनी जा रही है। देश की संविधान, लोकतंत्र, खतरे में पड़ी हुई है। जबतक हमलोग कारपोरेट घरानों को यहां से नही भगाएंगे और भाजपा को नहीं हराएंगे तबतक देश की संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित नहीं




रहेगा। इसलिए भाजपा को हराकर कारपोरेट घरानों को भागना हमारी मुख्य उद्देश्य है। यह काम आप सभी किसानों को बिना संगठित हुए नहीं होगा। यहां के किसानों की स्थिति ठीक करने के लिए एमएसपी कानून लागू होनी चाहिए। खेतो की सिंचाई के लिए राज्य सरकार को शीघ्र ही इंद्रपुरी जलाशय (कदवन ) निर्माण कराना होगा।

वहीं स्थानीय विधायक संदीप सौरभ ने देश के प्रधानमंत्री पर जोरदार हमले करते हुए कहा की आज देश के संसाधनों को कारपोरेट घरानों हवाले कर गिरवी रख दिया है। जिससे चारो तरफ भ्रष्टाचार और महंगाई का बोलबाला है। भाजपा की मुनिवादी व्यवस्था से देश की गरीब, मजदूर किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। एक तरफ देश करोना महामारी की त्रासदी झेल रहा था व देश में ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहा था तो दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री ने कानून बना कर किसानों की खेती को कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने की काम कर रहे थे। इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम अगले लोकसभा चुनाव में हमसभी एकजुटता दिखाकर करेंगे। मौके पर मौजूद रामाधार सिंह, उमेश सिंह, अमर, माधुरी गुप्ता, कृपा सिंह अनवर हुसैन, दिलीप ओझा सहित अन्य नेताओं ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया।

## उलार्क सूर्य मंदिर परिसर में एसडीओ ने किया नौका विहार का उद्घाटन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालिगंज अनुमण्डल**
दुल्हिन बाजार/ रविवार को प्रखण्ड क्षेत्र में स्थित भगवान भाष्कर की नगरी उलार गांव स्थित प्रसिद्ध उलार्क सूर्यमन्दिर परिसर में स्थित तालाब में पालीगंज एसडीओ ने नौका विहार का उद्घाटन किया।

प्राप्त सूचना के अनुसार दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के उलार गांव में स्थित उलार्क सूर्यमन्दिर परिसर में एक बहुत बड़ा तालाब स्थित है। जिसमे



में स्नान कर हजारों श्रद्धालुओ ने प्रत्येक रविवार को मंदिर में स्थापित सूर्य की प्रतिमा का पूजा पाठ करते है। उस तालाब के जल को प्रतिवर्ष कार्तिक व चैती छठ पूजा के दौरान साफ सफाई कराई जाती है। लेकिन फिर भी तालाब का जल गंदा हो जाती थी। जिसे देख पालीगंज एसडीओ जयचंद्र यादव ने तालाब में नौका विहार की शुरूआत कराने का निर्णय लिया था। जिसपर कार्य करते हुए एसडीओ जयचंद्र यादव व मंदिर के प्रधान पुजारी सह महंत श्री अवध बिहारी दास जी महाराज ने बिधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद रिबन काटकर नौका विहार का उद्घाटन रविवार को किया। उसके बाद सभी ने नौका विहार का आनंद लिया। तालाब में नौका संचालन होने से तालाब का जल साफ व स्वच्छ होगी। जबकि यहां आनेवाले श्रद्धालुओ को भी नौका विहार का आनन्द उठाने का मौका मिलेगी।

मौके पर एसडीएम जयचंद्र यादव, महंत श्री अवध बिहारी दास जी महाराज, सहायक पुजारी, राजेन्द्र पाठक, सोपालजी, दिलीपजी व अरबिंद कुमार सुमन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डॉ. जूली ज्योति के निर्देशन में विमेंस कॉलेज में मनाया गया एन एस एस का 54 वां स्थापना दिवस

**मधेपुरा।**
विमेंस कॉलेज कौशल्या ग्राम वार्ड नंबर 2 मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के द्वारा प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना का 54 वां स्थापना दिवस का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉक्टर जूली ज्योति ने कहा एन एस एस इकाईयां उस गतिविधियां का आयोजन करती है जो समुदाय और समाज के लिए अत्यंत जरूरी है ।समाज के कल्याण के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना 24 सितंबर 1969 में की गई थी उन्होंने कहा देश के निर्माण में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान होता है आज हमारे देश में 65 फीसदी जनसंख्या युवा है जिनके कंधों पर ही देश की जिम्मेदारियां है देश के निर्माण में युवाओं की भूमिका को बढ़ाने और देश के साथ जोड़ने का प्रयास महात्मा गांधी ने आजादी के पूर्व ही ही शुरू कर दिया था। आजादी के समय गांधी जी ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा से जोड़ने पर विशेष बल दिया उन्होंने कहा प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को प्रतिवर्ष कम से कम 120 घंटे अर्थात दो वर्षों में 240 घंटे सेवा करना अनिवार्य होता है यह कार्य राष्ट्र सेवा योजना के स्वयंसेवी को गोद लिए गए गांव में या स्कूल या कॉलेज परिसर में किया जाता है मुख्य



गतिविधियों वाले क्षेत्रों में शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पर्यावरण सुरक्षा, महिलाओं के स्थिति में सुधार, पोषण, स्वच्छता, सामाजिक सेवा कार्यक्रम,उत्पादन उन्मुख कार्यक्रम, आपदा राहत तथा पुनर्निर्माण से संबंधित कार्यक्रम, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान, डिजिटल भारत, कौशल भारत, योग इत्यादि मैं जागरूकता पैदा करना एन एस एस स्वयंसेवियों का प्रमुख कार्य होता है और प्रत्येक स्वयंसेवी को 2 वर्षों के अवधि में एक बार विशेष शिविर में भाग लेना भी अनिवार्य होता है ।कार्यक्रम की समाप्ति कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर रूपा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन हुए किया मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अनिल कुमार प्रोफेसर रविंद्र कुमार प्रोफेसर मंटू कुमार प्रोफेसर प्रवीण प्रोफेसर नीलू कुमारी कालिंदी कोमल पूनम कुमारी अन्नू कुमार राजदीप कुमार प्रिंस कुमार काजल कुमारी पायल कुमारी रानी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# विपरीत मौसम में भी बुनियादी साक्षरता परीक्षा देने केंद्र पर पहुंची महिलाएं

***जिले के 259 केंद्रों पर आयोजित हुई नवसाक्षरों की परीक्षा***

***17 हजार 784 नवसाक्षर महिलाएं बुनियादी परीक्षा में हुई शामिल***

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**
महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत रविवार को जिले भर में नवसाक्षरों के लिए बुनियादी परीक्षा का आयोजन किया गया ।इसके लिए जिले में 259 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे ।झमाझम बारिश के बाबजूद जिले भर में हजार नवसाक्षरों ने बुनियादी साक्षरता परीक्षा में शामिल हुई ।परीक्षा में शामिल होने आई महिलाओं में उत्साह देखा गया। इस परीक्षा में 15 से 45 आयु वर्ग की नवसाक्षर महिलाएं शामिल हुई। कुल 17 हजार 784 नवसाक्षर महिलाएं परीक्षा में शामिल हुई ।परीक्षा के लिए उन महिलाओं में भारी उत्साह था,जो पहले कभी नहीं पढ़ी थी और नव साक्षर बनकर यह परीक्षा देने आई। कई महिलाएं घर के चूल्हा चौकी को छोड़कर घुंघट डालकर परीक्षा देने पहुंची हुई थी ।हालांकि मौसम की बेरुखी को लेकर नवसाक्षर महिलाओं में थोड़ी निराशा थी लेकिन परीक्षा देने को लेकर उमंग भी था ।दरअसल यह परीक्षा नवसाक्षरों के पढ़ने, लिखने और डीपीओ सह परीक्षा की नोडल पदाधिकारी लालिमा,स्थापना डीपीओ रवि रंजन, फारबिसगंज बीईओ सूर्यनारायण यादव, एसआरपी चन्दन कुमार लालू,केआरपी उर्मिला देवी,चन्दन कुमारी,प्रथम के डीआरजी कृष्ण कुमार के प्रखंड



गणित के कार्यात्मक ज्ञान के आकलन के लिए आयोजित की गई। जिन स्कूलों में परीक्षा हुई वहां के एचएम को केन्द्र प्रभारी बनाया गया था। परीक्षा के लिए साक्षरता डीपीओ लालिमा को नोडल पदाधिकारी बनाया गया था। जबकि जिला स्तर पर गठित मोनेटरिंग दल के सदस्य आवंटित प्रखंडो के परीक्षा केंद्रों पर अनुश्रवण करते दिखे ।साक्षरता प्रभारी सभी बीईओ व बीआरजी लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करते रहे। परीक्षा को लेकर जिला साक्षरता कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया था। कार्यालय प्रधान चंद्रशेखर झा व कार्यपालक सहायक निकिता कुमारी परीक्षा की अद्यतन जानकारी कलेक्ट कर निदेशालय को प्रेषित रही। परीक्षा दस बजे से चार बजे तक संचालित हुआ।

# दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में शानदार सफलता पर परिषद कार्यकताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बांटी खुशियां

**अररिया।**
रविवार 24 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का एक आकस्मिक बैठक स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में 23 सितंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के घोषित परिणामों पर चर्चा की गई तथा उस चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शानदार सफलता पर परिषद कार्यकताओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया. बैठक को संबोधित करते हुए परिषद की पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित तथा समाज हित के लिए संघर्ष करते आया है. दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी का शानदार जीत इसी संघर्ष परचम शानदार ढंग से लहराया है. अध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी को शानदार जीत मिली है ." जो छात्र हित का बात करेगा वही छात्रों के दिल पर राज करेगा" .



का परिणाम है. इस जीत पर पूरे भारत के परिषद कार्यकताओं में जश्न का माहौल है. उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ के चार पदों में तीन पदों पर एबीवीपी ने अपना इस अवसर पर अंकित सिंहा, प्रिंस यादव, सौरभ कुमार, मनीष विश्वास, अंकित यादव, राजकुमार, अजय कुमार, आलोक कुमार, देवराज आदि उपस्थित थे।

# पूर्णियां एयरपोर्ट के लिए 02 अक्तूबर से जन सत्याग्रह आंदोलन की होगी शुरूआत

***पोर्टा कैबिन के तहत राज्य और केन्द्र सरकार आपसी समन्वय को स्थापित कर तत्काल पूर्णियां से उड़ान की तिथि निर्धारित करें:संजीव कुमार***

**पूर्णियां।**
उड़ान योजना के तहत भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित पूर्णियां एयरपोर्ट से हवाई सफर पिछले 8 वर्षों से सिर्फ वादों पे अटके हुए अबतक विलंबित है। जिसके लिए मिथिला स्टूडेंट यूनियन पिछले 4 वर्षों से निरंतर मुहिम चला रही है और पोर्टो केबिन के तहत जल्द से जल्द हवाई सफर शुरू करने के लिए लगातार मांग कर रही है। इसी के निमित्त मिथिला स्टूडेंट यूनियन पूर्णियां इकाई द्वारा आगामी 02 अक्तूबर गांधी जयंती के दिन से पोर्टो केबिन के तहत जल्द से जल्द उड़ान शुरू करवाने को लेके जन सत्याग्रह आंदोलन सह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की शुरूआत करने जा रही है जिसमें पूर्णियां के तमाम सामाजिक संगठन के लोग, स्टूडेंट यूनियन के सेनानी, समाज के सभी प्रबुद्धजन, इस अभियान से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े हुए सभी क्रांतिकारी साथी का समर्थन और सहयोग की आशा करती है। इसी सुनियोजित कार्यक्रम को देखते हुए आज पूर्णियां के श्री नायक होटल कैम्पस में एक सामुहिक बैठक का आयोजन रखा गया जिसमें पूर्णियां के तमाम सामाजिक संगठनों के लोग, अनेकों सामाजिक कार्यकर्ता व बुद्धिजीवी वर्ग शामिल हुए। यह जानकारी एम एस यू पूर्णियां इकाई के वर्तमान जिला अध्यक्ष श्री संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा। आज के इस सामूहिक बैठक की अध्यक्षता एम एस यू के राष्ट्रीय सुनिश्चित करें। आज के इस बैठक में पूर्णियां के अनेकानेक संगठन के नेतृत्वकर्ता उपस्थित हुए। इसके अलावे पूर्णियां के हरेक क्षेत्र से संबंधित लोग अपनी बातों को बारी–बारी से रखते हुए देखे गए, जिसमें उद्योगपति पंकज नायक, प्रेस




संगठन मंत्री श्री अविनाश कुमार मिश्र जी के अध्यक्षता में रखी गई थी। इस बैठक में उपस्थित लोगों का एक स्वर में ये कहना हुआ की पूर्णियां एयरपोर्ट का रनवे तैयार है इसलिए हमारी मांग है की पोर्टा कैबिन के तहत राज्य और केन्द्र सरकार आपसी समन्वय को स्थापित कर तत्काल पूर्णियां से उड़ान की तिथि निर्धारित करें और अगले 90 दिनों के भीतर पूर्णियां से उड़ान क्लब अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, डॉक्टर आलोक, सामाजिक कार्यकर्ता स्वाति वैश्वयंती, श्रीराम सेवासंघ के राणा प्रताप सिंह, जिला साइकिल एसोसिएशन के विजय शंकर, भानु यादव भारतीय AAP के, संतोष कु सिंह , कार्तिक चौधरी युवा जागृति मंच, अंकित झा, डॉक्टर ए के सिन्हा, अध्यक्ष आईएमए राम, सुधांशु समेत अनेकों प्रबुद्धजन शामिल हुए।

# मिथक तोड़ बेटियां रच रहीं सफलता के नए आयाम

***डॉटर्स डे पर सभी को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ : संजीव मिश्रा***

**पूर्णियां।**
हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं ऐसा इसलिए कह रहे क्योंकि पुरुषों के एकाधिकार वाले क्षेत्रों में न केवल बेटियों ने स्थान बनाया है बल्कि अपनी प्रतिभा से खुद को स्थापित किया ।समाज को एक मेसेज है कि बेटियों को मौका दो तो वह कामयाबी की ऐसी इबारतें लिख देंगी कि हर किसी को उन पर नाज होगा। उक्त बातें डॉटर्स डे पर ई होम्स पैनोरमा के टेंपल से पूजा कर लौट रहे पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि जिंदगी बेटियों के बिना अधूरी मानी जाती है. कहते हैं बेटियां ही घर की रौनक होती हैं. आज उन्हीं बेटियों का दिन है. हर साल सितंबर के चौथे रविवार के दिन बेटी दिवस मनाया जाता है. इस चलते इस साल 24 सितंबर, रविवार के दिन राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाया जा रहा है. इस दिन को मनाने का मकसद लोगों को भ्रूण हत्या,



बाल विवाह, दहेज प्रथा और पढ़ाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालना और इससे जागरूक कराना है. इधर पीहू की मम्मी सह वरीय समाजसेविका कविता मिश्रा ने कहा कि बेटी वह है जिसके बिना आने वाले कल का सपना देखना व्यर्थ है. दो कुल को रोशन करने वाली बेटियों के बारे में जितना बखान या गुणगान किया जाए कम है. यही कारण है कि, भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में बेटी दिवस मनाया जाता है. हर साल सितंबर माह के चौथे रविवार को बेटी दिवस के रूप में मनाया जाता है। कविता मिश्रा एवम संजीव मिश्रा ने डॉटर्स डे पर सभी को अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी।

# ऊर्जावान कार्यकर्ता को दायित्व देने के लिए प्रदेश नेतृत्व को आभार : मंजर खान

***मो. बशीरुद्दीन को युवा राजद अररिया का जिला अध्यक्ष का ताज तो विनोद ऋषिदेव बनाए गए प्रधान महासचिव***

***रुपेश यादव तथा मोहम्मद राहिल पुनः बने प्रदेश सचिव***

**अररिया।**
युवा राष्ट्रीय जनता दल बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा जिला के ऊर्जावान कार्यकर्ता मोहम्मद बशीरुद्दीन को युवा राजद अररिया का जिला अध्यक्ष, विनोद ऋषिदेव को युवा राजद के प्रधान महासचिव के साथ-साथ अररिया से प्रदेश कमेटी में युवा राजद के प्रदेश सचिव रुपेश यादव तथा मोहम्मद राहिल को पुनः प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर राजद परिवार अररिया की ओर से वरीय कद्दावर राजद नेता जनाब मंजर खान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव के प्रति आभार



व्यक्त किया है उन्होंने कहा की प्रदेश नेतृत्व ने जो निर्णय लिया है वह राजद को काफी मजबूत और धारदार संगठन बनाने वाली निर्णय है। इस निर्णय का पूरे अररिया राजद परिवार की ओर से धन्यवाद व्यक्त करते हैं साथ ही नव मनोनीत सभी पदाधिकारी को राजद परिवार अररिया की ओर से बहुत-बहुत बधाई । इधर बधाई देने वालों में राजद नेता अमित पूर्वे ,राजद नेता अविनाश आनंद, पूर्व विधायक अनिल यादव, प्रदेश सचिव सुरेश पासवान, प्रखंड राजद अध्यक्ष मोहम्मद नसीम,नगर अध्यक्ष फारबिसगंज बेलाल अली, बजरंग बिहारी, प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, धनंजय यादव, सरोज सिंह, प्रदीप मंडल ,प्रोफेसर क्रांति कुवर, पूर्व प्रत्याशी अविनाश मंगलम, पूर्व प्रत्याशी डा.शत्रुघ्न मंडल, पिंकू यादव, रामनारायण विश्वास, सुधीर यादव, सुनील सिंह यादव, सरोज सिंह, कुलदीप यादव, इंदिरानंद सिंह यादव, सौरभ राणा, सरोज मेहता नौशाद अहमद,मोहम्मद रेहान, राजेश यदुवंशी, राजू यादव आदि दर्जनों राजद कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

# संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग में होगा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन

**ऑनलाइन समीक्षा बैठक आज**

**मधेपुरा।**
निदेशक (उच्च शिक्षा), शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के के पत्र के आलोक में सभी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों द्वारा शिक्षा विभाग, नया सचिवालय, पटना में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) दिया जाना है। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निदेशित किया है कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए पीपीटी को जिम्मेदारीपूर्वक तैयार किया जाए। जहां भी आवश्यकता हो विशेषज्ञों की मदद भी ली जा सकती है। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति के निदेशानुसार पीपीटी की तैयारियों की समीक्षा हेतु 25 सितंबर, 2023 (सोमवार) को अ. 03 बजे से **डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में** ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

**उच्च शिक्षा विभाग के नामित पदाधिकारियों के समक्ष होगा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन**

उन्होंने बताया कि बीएनएमयू के 14 संबद्ध महाविद्यालयों का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) 26-30 सितंबर के बीच अ. 05 बजे से उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग के नामित पदाधिकारियों के समक्ष सुनिश्चित है। इसके लिए उ. निदेशक दिवेश कुमार चौधरी, उ. निदेशक विभा कुमारी, निदेशक प्रो. रेखा कुमारी, सचिव वैद्यनाथ यादव, उ. निदेशक दीपक कुमार एवं विशेष सचिव सतीशचन्द्र झा के नाम निर्धारित हैं।

## 26-30 सितंबर तक निर्धारित है पीपीटी

उन्होंने बताया कि सबसे पहले 26 सितंबर को एकमात्र यूभीके कॉलेज, कडामा-मधेपुरा का पीपीटी होगा। तदुपरांत 27 सितंबर को 10 महाविद्यालयों का पीपीटी होना है। इनमें सीएम साइंस कॉलेज, मधेपुरा, आदर्श कॉलेज, घेलाड़-मधेपुरा, एसपीएम लॉ कॉलेज, मधेपुरा, के. बी. वीमेंस कॉलेज, मधेपुरा, मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा, डिग्री कॉलेज, सुपौल, लक्ष्मीनाथ कॉलेज, बनगांव-सहरसा, बीएस कॉलेज, सिमराहा-सहरसा, ए. एल. वाई. कॉलेज, त्रिवेणीगंज-सुपौल एवं एस. एन. एस. महिला कॉलेज, सुपौल के नाम शामिल हैं। इसके अलावा 29



सितंबर को के. एन. डिग्री कॉलेज, राघोपुर-सुपौल एवं आर. पी. एम. कॉलेज, तुनियाही-मधेपुरा और 30 सितंबर को एस. ए. के. एन. डी. कॉलेज, मधेपुरा का पीपीटी होना है।

**पीपीटी के बाद ही जारी होगा अनुदान**

उन्होंने बताया कि पीपीटी के लिए कई महत्वपूर्ण निदेश प्राप्त हुए हैं। तदनुसार एक ही तिथि का जीपीएस मैप कैमरा (सॉफ्टवेयर) से खींचे गए सभी वर्ग कक्षों में संचालित वर्ग-कक्ष का फोटो पीपीटी में लगाना है। यही महाविद्यालय में वास्तविक छात्रोपस्थिति का साक्ष्य होगा। पीपीटी में पिछले एक सप्ताह का तिथिवार एवं विषयवार छात्र/छात्रा की उपस्थिति दर्ज करनी है। पीपीटी के समय शासी निकाय/ ऐड-हॉक कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित होंगे। पीपीटी के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा विभाग से सहमति प्राप्त कर संबद्ध महाविद्यालयों को अनुदान मुक्त किया जाएगा।

**दुबारा भेजा गया पत्र**

उन्होंने बताया कि कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने गत 19 सितंबर को ही सभी संबंधित महाविद्यालयों को इससे संबंधित पत्र प्रेषित किया जा चुका है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि तालिका मे निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्धारित तिथि को ससमय विभागीय प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के समक्ष शिक्षा विभाग के सभागार में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन सुनिश्चित किया जाए। कुलपति के निदेशानुसार सभी संबंधित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को यह पत्र रविवार को दुबारा ई. मेल एवं वाट्सएप से भेजा गया है। इसके साथ ही सोमवार को निर्धारित ऑनलाइन बैठक की सूचना भी प्रेषित की गई है। इस बैठक में सभी संबंधित प्रधानाचार्यों को अपने

# आमगाछी, बिलसारी, चौरी ,गरहरा और उरलाहा गाँव में एस एस बी ने निकाला कलश यात्रा

**सिकटी/पलासी ।**
भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम



में दिनांक 24.09.2023 को सीमान्त के आमगाछी, बिलसारी, चौरी ,गरहरा और उरलाहा गाँव में कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। पिछले दिनों की तरह आज भी स्थानीय लोगों द्वारा बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे ह्लमेरी माटी मेरा देशह्व कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

# मध्य विद्यालय भरगामा में चोरी करने वाले चार चोर गिरफ्तार

**भरगामा ।**
मध्य विद्यालय भरगामा में हुई चोरी के मामले में भरगामा थाना ने कड़ी कार्रवाई की है। चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया है। बताया गया है कि मध्य विद्यालय भरगामा के परिसर में हुई चोरी में विद्यालय के कंप्यूटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चोरों ने चुराया था ।इस मामले में भरगामा थाना ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है ।विद्यालय प्रशासन




और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने चोरी के खिलाफ त्वरित कदम उठाया है और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं ।स्थानीय प्रशासन ने कहा हम जनता से अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और सुरक्षित वातावरण बनाने सहारा दें व प्रशासन की हमेशा मदद करे ।पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है।

# 'चंद्रयान, जी-20 की सफलता से खुशी दोगुना', मन की बात में बोले पीएम मोदीः रंजीत यादव

**अररिया।**
प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी जी ने रविवार 24 सितंबर को सुबह 11 बजे देशवासियों को 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम का ये 105वां एपिसोड है। पीएम मोदी ने कहा कि, 'इन दिनों मुझे 2 विषयों पर बहुत पत्र मिले हैं- पहला चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और दूसरा दिल्ली में G20 का सफल आयोजन।' उक्त बात अपने फर्म हाऊस अररिया में भाजपा कार्यकताओं के साथ पीएम मोदी



की मन की बात सुनकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के कद्दावर नेता सह युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में उन्होंने महिला चांद पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग से लेकर जी20 के सफल आयोजन तक पर बात की. आज 'मन की बात' कार्यक्रम का 105वां एपिसोड रहा. जी20 की आपार सफलता के बाद ये पहला मन की बात कार्यक्रम है. इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बताया कि किस तरह उन्हें देश के कोने-कोने से संदेश मिल रहे हैं। इस मौके पर सीमांचल के भाजपा परिवार में चाणक्य के नाम से मशहूर प्रेम कुमार मिश्रा भी मौजूद थे।

# पैनोरमा सीजन 6 में पूर्णियां ई होम्स में जलवा बिखेरने आ रहीं हैं "भाभी जी घर पर हैं"की मशहूर अभिनेत्री अंगूरी भाभी और उसकी टीम

***29 नवम्बर की शाम को होगा रंगारंग कार्यक्रम, शिल्पा शिंदे का भी प्रोग्राम कन्फर्म***

**पूर्णियां/डा. रूद्र किंकर।**
पैनोरमा सीजन 6 में पूर्णियां ई होम्स में जलवा बिखेरने आ रहीं हैं "भाभी जी घर पर हैं"की मशहूर अभिनेत्री अंगूरी भाभी और उसकी टीम । इस आशय की जानकारी देते हुए पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने बताया की 29 नम्बर को अनुराधा पौडवाल के अलावा "भाभी जी घर पर हैं" की टीम का हास्य प्रदर्शन



होगा। उन्होंने कहा कि शिल्पा शिंदे एक भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री हैं। वैसे तो 1999 में शिल्पा ने टेलीविजन में पदार्पण किया, लेकिन स्टार प्लस के धारावाहिक भाभी में एक नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए सुर्खियों में आई। इसके बाद वे स्टार प्लस के दूसरे धारावाहिक "कभी आये ना जुदाई" में अभिनय किया। वो भी कार्यक्रम में शिरकत करने ई होम्स आ रही हैं।

# जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश में शहर के निजी नर्सिंग होम संचालकों के साथ हुई समीक्षा बैठक

***निजी नर्सिंग होम संचालकों द्वारा संस्थागत प्रसव से संबंधित डेटा को एचएमआईएस पर किया जा रहा है अपलोडः सिविल सर्जन***

**पूर्णिया ।**
संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर शिशु और मातृ मृत्यु दर को कम करना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का मुख्य उद्देश्य है। जिसको लेकर शहर के निजी होटल में जिलाधिकारी कुंदन कुमार के दिशा निर्देश में शहर के निजी नर्सिंग होम संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने समीक्षा बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के निजी नर्सिंग होम संचालकों से संस्थागत प्रसव के संबंध में अनिवार्य रूप से अद्यतन जानकारी लेकर एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करने की आवश्यकता है। क्योंकि वर्तमान में 70 से 75 प्रतिशत जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसव कराया जाता है। जबकि निजी नर्सिंग होम संचालकों के द्वारा इसकी जानकारी नहीं दी जाती थी लेकिन अब मिलनी शुरू हो गई है। समीक्षा बैठक के दौरान डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीसीएम संजय दिनकर, डीपीसी डॉ सुधांशु शेखर, एपिडेमियोलॉजिस्ट नीरज निराला, डीएमएनई आलोक कुमार, डीसीक्यूए डॉ अनिल कुमार शर्मा, यूनिसेफ के डॉ जगजीत सिंह, वाहिद अली, शिव शंकर आनंद, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, पीरामल स्वास्थ्य के डॉ सनोज यादव, सनत गुहा, शेख मोजिम, रमन सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि विगत अप्रैल से अगस्त 2023 तक लगभग 60 निबंधित नर्सिंग होम के संचालकों ने 3450 संस्थागत प्रसव का डेटा एचएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया है। जिसमें नीलम नर्सिंग होम ने सर्वाधिक 347, रजा हॉस्पिटल ने 286, फातमा हॉस्पिटल ने 244, सद्भावना जेनरल हॉस्पिटल ने 214 जबकि हर्ष हॉस्पिटल ने 208 संस्थागत प्रसव कराकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एचएमआईएस पोर्टल पर डेटा को अपलोड किया है। उपरोक्त सभी पांचों संचालकों को क्षेत्रीय स्वास्थ्य अपर निदेशक डॉ विजय कुमार, सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी, राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से एसपीओ डॉ सरिता, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिन्हा, फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (फॉगसी) की जिलाध्यक्ष डॉ विभा झा के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का हिस्सा बन निःशुल्क सेवाएं देने को सहमत हुई शहर की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जाता है। अब इसके साथ ही शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी आगामी अक्तूबर महीने से 9 और 21 तारीख को मनाया जाएगा। शहर के सभी यूपीएचसी में ख्याति प्राप्त महिला रोग विशेषज्ञ डॉ विभा झा, डॉ आरती सिन्हा, डॉ अनुराधा सिन्हा, डॉ रानी मिन्हाज, डॉ शिपिका और अंजू कर्ण ने अपनी सेवा देने की सहमति दी है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के विभिन्न अस्पतालों में 9 और 21 तारीख को आवश्यकतानुसार सरकारी चिकित्सकों के सहयोग में अपनी सेवाएं देने की घोषणा की है।

**बिहार में सबसे ज्यादा संस्थागत प्रसव का डाटा पूर्णिया में किया जाता है अपलोडः डॉ सरिता**

मातृ स्वास्थ्य की एसपीओ डॉ सरिता ने कहा कि पूर्णिया जिले में निजी नर्सिंग होम संचालकों के द्वारा एचएमआईएस पोर्टल पर बिहार में सबसे ज्यादा संस्थागत प्रसव का डाटा अपलोड किया जाता है। इसके बावजूद आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। ताकि मातृ स्वास्थ्य में सभी सूचकांक का प्रतिवेदन एचएमआइएस पर किया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित निजी नर्सिंग होम संचालकों से कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को शून्य करने के लिए गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा शिशु सुरक्षा को लेकर ध्यान देने की आवश्यकता होती है। जिसमें मुख्य रूप से प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के दौरान गर्भवती महिलाओं को चार तरह की जांच के साथ ही आयरन की गोली खाने की जरूरत होती है। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच ठीक से नहीं होगी तब तक प्रसव के दौरान जच्चा व बच्चा सुरक्षित नहीं रह सकता है।

# ई-पास से अंगूठा लगवा कर राशन में घपला करने वाले कोटेदार पर केस



अयोध्या। ई पास मशीन में अगुठा लगवा कर राशन हड़पने वाले तहसील के ग्राम फिरोजपुर पवारन के कोटेदार राम राज के विरुद्ध पूर्ति निरीक्षक संजय चौधरी ने केस दर्ज कराया है।

पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि एक शिकायत पर ग्राम फिरोजपुर मखदूमी के कोटेदार की दुकान का निरक्षण किया गया था। कार्ड धारकों का अंगूठा ईपास मशीन में लगवाने के बाद राशन न दिए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी।सत्यापन में 123 कुंतल 90 किलो अनाज की काला बाजारी पाई गई। जिलाधिकारी के आदेश पर कोटेदार पर केस दर्ज कराया गया है।

कोतवाली रुदौली देवेंद्र सिंह बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कोटेदार राम राज के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।

# बड़े अजगर ने नीलगाय के बच्चे को निगला, ग्रामीणों में दहशत के बीच वन विभाग ने लिया कब्जे में



अयोध्या। तहसील क्षेत्र के शिवतर गांव में शनिवार की अलसुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब लोगों ने खेत में भारी भरकम अजगर को नील गाय के बच्चे को अपनी फांस में दबाए देखा। लोगों ने अपने स्तर से नीलगाय के बच्चे को बचाने के प्रयास करने के साथ ही बीकापुर वन विभाग की टीम को भी सूचना दी। वन विभाग की टीम के फॉरेस्ट गार्ड बबलू प्रसाद ने अजगर को कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर छोड़वा दिया है।

# सुलेख प्रतियोगिता में अंकित बाबू ने मारी प्रथम बाजी



माधौगढ़ नगर पंचायत में स्थित ऋषभ पब्लिक जूनियर के परिसर में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन दीपक कुमार सिंह की देखरेख में कराया गया जिसमें कि करीब 75बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षा तृतीय में पढ़ने वाले अंकित बाबू कुंअरपुरा ने पूरे से छात्रों में प्रथम बाजी मारी।मोहिनी चौधरी द्वितीय कशिश शाक्यवार तृतीय साक्षी चतुर्थ सिद्धार्थ सिंह चौधरी पंचम तो संतोषी कुशवाहा छठवें स्थान पर रहीं।पूरी सी प्रतियोगिता में महज छह छात्रों को चयन कर सम्मानित करना था । विद्यालय के संचालक एडवोकेट अखिलेश कुमार सविता ने छः प्रतिभाशाली बच्चों को कलम और शील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं है बस इसे मात्र उकेरने की जरुरत है। बच्चों में ज्ञानार्जन की कोई कमी नहीं है पर उन्हें उस दिशा में मोड़ने की जरूरत है कि वे शिक्षित होकर अच्छे समाज की संरचना करें। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि अपने बच्चों की शिक्षा में क्रिया प्रतिक्रिया पर ध्यान हर हाल में देना चाहिए।इस मौके पर मनोज शिवहरे,शिवदास सविता रामबहादुर गौतम सुषमा सविता रणकेन्द्र सिंह यादव सर्वेश सिंह यादव निधिराज सविता राखी स्वर्णकार नौसीन वानो सहित अन्य शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे ।

# कुठौंद कस्बा से पांडरी बाबा के दर्शन को पैदल निकले श्रद्धालु



कुठौंद जालौंन !कुठौंद कस्बा से पैदल यात्रा को निकले श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत हुआ व माला पहनाकर सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया यह यात्रा पातालेश्वर मंदिर ब्लॉक परिसर कुठौंद से दो दिवसीय यात्रा हैं! और पाड़री वाले बाबा में आस्था रखने वाले सभी भक्तों का मानना है जो भी सच्चे मन से बाबा की आराधना करते हैं एवं पूजा अर्चना करते हैं तो बाबा सभी भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करते हैं और इस यात्रा में 40 लोग शामिल हैं जिसमें कल्लू दीक्षित, दद्दू तिवारी बंटी याज्ञिक(पत्रकार) संदीप पाल कुठौंद, अनिल त्रिपाठी ,शंकर सिंह राजावत, संतोष दुबे ,देवेंद्र मिश्रा, पंकज तिवारी ,महेश त्रिपाठी सुनील त्रिपाठी, दिव्यांशु त्रिपाठी गुड्डु तिवारी, हेमू त्रिपाठी ,पहलाद याज्ञिक ,पीयूष त्रिपाठी,अरुण तिवारी पत्रकार, पप्पू पाटेकर, श्रीकांत दुबे वावली, देबू तिवारी करतलापुर, विनय तिवारी,आदि भक्तगण रविवार को निकलेंगे और सोमवार को बाबा पर जैन झंडा चढ़कर उनसे आरजू बिनती कर बाबा के दर्शन करेंगे!

# गौवंशों की मौत के मामले में जांच करने आये उप जिला अधिकारी माधवगढ़ व क्षेत्र अधिकारी माधवगढ़ को नही मिले कोई ठोस सबूत

कुठौंद जालौन। विकास खंड कुठौंद की ग्राम पंचायत कुरौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई गोवंशों की मौत के संबंध में ग्राम पंचायत कुरौली गांव के ग्रामीणों ने चक्का जाम किया था। मामले को संज्ञान में लेकर जिलाधिकारी



जालौन ने तत्काल प्रभाव से टीम को गठित करते हुए उप जिलाधिकारी माधवगढ शशिभूषण व क्षेत्राधिकारी माधवगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई को गौशाला में हुई गोवंशों की मौत का निरीक्षण करने के लिये भेजा। जांच के दौरान ग्रामीणों ने प्रधान पर तरह-तरह के आरोप लगाए लेकिन हकीकत यह है कि ग्रामीणों द्वारा कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया। इसके बाद उप जिला अधिकारी माधवगढ़ ने कहा कि जांच की जा रही है जांच के बाद जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यदि मामला अपुष्ट निकला तो अफवाह फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर अब हर घंटे चलेगी रोडबेज बसें

## रविवार से संचालित होगा यूपी परिवहन निगम की बसों का कारवां

राजेश तिवारी

अयोध्या। कभी बेहद जर्जर हालत में रहने वाला अयोध्या-रायबरेली रोड अब राष्ट्रीय राजमार्ग ठल्ल 330 अ बनकर बीआईपी हो गया है इसी लिए परिवहन निगम ने इस रूट पर लगभग हर घंटे रोडवेज की बस सेवा संचालित करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए विभाग की ओर से इस रूट पर पांच बसों का बेडा लगाया गया है और यह बसें रोजाना अयोध्या से रायबरेली के बीच 10 फेरे लगाएंगी। राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा हासिल होने के बावजूद कुछ माह पूर्व तक रायबरेली रूट की सड़क खस्ताहाल थी। जिसके चलते इस रूट पर डग्गामार और खस्ताहाल बसों तथा अन्य छोटी सवारियों का ही संचालन हो पा रहा था। वह भी अयोध्या से रायबरेली जाने और आने के लिए कई जगह साधन बदलना पड़ता था और किराया भी ज्यादा लगता था।

यात्रा सुविधा के लिए ओर से केवल एक अनुबंधित बस का संचालन किया रहा था और वह भी केवल एक फेरा ही लगाती थी। रायबरेली हाइवे पर कार्यदायी संस्था की ओर से सड़क और पुल निर्माण



का लगभग कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसके बाद सड़क का हाल चौकस होने के चलते यात्री सुविधाओं के विकास, राजस्व में बढ़ोत्तरी तथा डग्गामार वाहनों को राष्ट्रीयकृत वाहनों से दूर किये जाने की कवायद के तहत रोडवेज बसों का बेडा इस रुट पर उतारने का निर्णय हुआ है। अयोध्या डिपो की इस योजना को क्षेत्रीय प्रबंधक ने हरी झंडी दे दी है।

रायबरेली हाइवे पर यात्रियों को सुगम परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम ने पहले से संचालित एक अनुबंधित बस के अलावा रोडवेज की चार सरकारी बसों को इस रूट पर उतारने का निर्णय लिया है। अनुबंधित बस सुबह छह बजे रायबरेली के लिए रवाना होती है जबकि नए बसों का बेड़ा सुबह सात बजे से शाम तक अयोध्या से रायबरेली का चक्कर लगाएगा। इसमें से दो बसें 492-492 किमी तथा बाकी दो बसें कुल 738 किमी की दूरी तय करेगीं।

रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकाश का कहना है कि रायबरेली रुट पर पहले से संचालित अनुबंधित बस के अलावा रविवार से चार बसे भी चलेंगी। रोजाना पांच बसें अयोध्या और रायबरेली के बीच 10 फेरें लगाएंगी।

# पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनीश के शव को दफनाया गया

## ▪ पुलिस अधिकारियों के साथ मुस्तैद रही भारी सुरक्षा व्यवस्था

अयोध्या। पुलिस के द्वारा मुठभेड में मारे गये अनीश के शव को दफना दिया गया है। भारी सुरक्षा के बीच उसे दफनाया गया।

शुक्रवार को पुलिस तथा एसटीएफ की संयुक्त टीम से एनकाउंटर के दौरान गोली लगने से जिला चिकित्सालय में उसकी मौत हो गई थी। अनीश के दो साथी आजाद और विशंभर को पुलिस से मुठभेड़ के दौरान गोली लगी है।

मामले में अनीश के शव का पोस्टमार्टम करने के उपरांत शनिवार को हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दशलावन गांव के कब्रिस्तान में भारी



सुरक्षा व्यवस्था के बीच दफना दिया गया।

इस दौरान एसपी ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी बीकापुर डॉक्टर राजेश कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक तारुन अशोक कुमार यादव, हैदरगंज प्रभारी मोहम्मद अरशद सहित पुलिस फोर्स और पीएससी के जवान मौजूद रहे।

# मोदी-योगी की डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहाई -उर्विजा

## भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित का माधौगढ़ की धरा पर जगह जगह हुआ जोरदार स्वागत

माधौगढ़। मोदी योगी की डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहाई है ।हर गरीब सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।यह बात महक पैलेस के सभागार में नव नियुक्त जिलाध्यक्ष भाजपा उर्विजा दीक्षित ने कही । प्रदेश कार्य कारिणी द्वारा उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस जिम्मेदारी पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास रहेगा। कार्यकताओं की समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं को सभी पात्रों तक पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा। भाजपा द्वारा उर्विजा दीक्षित को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद रविवार को उनका पहली बार माधौगढ़ नगर आगमन हुआ। सर्वप्रथम कैलोर के प्रधान विनय प्रताप सिंह राजावत ने स्वागत किया। वहीं से ब्लाक कार्यालय में जालौन बीडीओ प्रशांत कुमार और माधौगढ़ बीडीओ रमेशचंद्र शर्मा चितौरा स्टैंड पर शिवेन्द्र सिंह केटी चितौरा, मनोज कुमार शिवहरे रामपुरा बस स्टैंड पर ,पूर्व चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ,कोमल सिंह राजावत, जनक सिंह राजावत , पावन व्यास, प्रदीप सिंह,ने स्वागत किया। वही नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास के संयोजन में महक पैलेस में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जगह लोगों ने उन्हें फूल मालाएं और पुष्प गुच्छ गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। स्थानीय महक गेस्ट हाउस में उन्होंने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर पूरा खरा उतरने का प्रयास रहेगा। जिस तरह पार्टी ने अभी तक सफलता



प्राप्त की है आगामी लोकसभा चुनाव में भी उसी सफलता को दोहराना है। कार्यकर्ताओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। माधौगढ़ अमखेडा माधौगढ़ गोहन स्टेट हाईवे होगा ।जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सुविधा हेतु अच्छे डाक्टर की व्यवस्था होगी। वही जिलाध्यक्षा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारें सिर्फ लाल कार्ड को ही अधिक महत्व देती थी वहीं भाजपा सरकार ने सफेद कार्डो पर भी आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रमोद कुमार मिश्रा ने किया। इस मौके पर विधायक मूलचंद निरंजन,मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, ब्लॉक प्रमुख चिंतामन दोहरे जिला मंत्री ज्योतिष सिंह,शत्रुघन सिन्ह सेंगर, मंडल अध्यक्ष, माटी कलाध्यक्ष नरेंद्र प्रजापति, अमित बादल, कमलापत कुशवाहा महामंत्री देवेन्द्र सिंह राजावत प्रमोद दिनेश सिंह राजावत कुटरा, कोमल सिंह राजावत कम्मोद प्रताप सिंह राजावत रमाकांत राठौर महेश दीक्षित सत्यम मिश्रा सोनू सिजरिया लला गोहिनी डा रत्नेश कुमार शर्मा काजू उदैनिया संतोष लला बोहरे पवन रवि चौहान लखन रेजा, मनोज शिवहरे, सन्तोष शिवहरे बाबू जी, साधना सुषमा अरविंद महेश कुमार राठौर विनय सिंह रामराजा शर्मा राहुल शर्मा भूरे पाठक अजीत उपाध्याय केटी चितौरा सत्यम श्रीपाल राठौर सुशील कुमार राठौर इंजीनियर ऋषभ राज बनवासी लाल दीनबंधु बडेलाल चौधरी जनक सिंह राजावत उर्फ. पपईया मोहित दोहरे, दीपक दोहरे सहित अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

# अमर शान्ति आश्रम पचोखरा में आज पधारेंगे बागेश्वर धाम के महाराज पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

एट (जालौन) बागेश्वर धाम के सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सोमवार (25 सितम्बर) को जालौन के पचोखरा आएंगे इसको लेकर जालौन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. बाबा की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसको लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की तैयारी हो रही है विशेष पुलिस बल तैनाती की गई। बागेश्वर धाम के आचार्य संत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री सोमवार को दिन में दो वजे पचोखरा पहुचेगे। वह मध्य प्रदेश के हरदा से हैलीकाप्टर से उरई पहुचेगे। गाड़ियों के काफिले से पचोखरा धाम मे कीर्तिशेष स्वामी राजेश्वरानन्द रामायणी के जन्मोत्सव मे हो रहे श्री राम महायज्ञ में पहुचेगे जहॉ वह उनकी समाधि पर पुष्पार्चन करेंगे वही भक्तो से भी सम्वाद भी करेगे कार्यक्रम स्थल छोटा होने व भीड की अधिक इकट्ठा होने की सम्भावना को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया चूंकि वागेश्वर धाम सरकार को जेड प्लस की सुरक्षा होने की वजह प्रशासन व आयोजक मण्डल खासा सतर्क भी है प्रशासन के आलाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की निगरानी के लिये अभी से भारी



पुलिस बल की तैनाती कर दी है आयोजक मण्डल के महंत गुरूप्रसाद ने कहा है कि वागेश्वर सरकार दर्शन सभी को देगे । सभी लोग धैर्य से काम ले। वही शनिवार देर रात को अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी में भारी पुलिस बल के साथ स्थानीय निरीक्षण किया और समस्त थानों की पुलिस को सचेत किया। स्थानीय लोगों को बागेश्वर धाम के महाराज के आने की जैसे ही सूचना मिली तो लोगो मे भारी उत्साव देखा गया और भारी संख्या में अमर शांति आश्रम पचोखरा के लिए उत्साहित हो गए।

**जालौन के एएसपी ने क्या कहा?**

असीम चौधरी ने बताया कि बाबा धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की टीम की तैनाती की जा रही है पर्याप्त मात्रा में महिला एवं पुलिस सुरक्षाकर्मी के साथ डंडा पार्टी भी रहेगी उरई से ही उनकी सुरक्षा की व्यवस्था की गई है. उनका जहां पर ठहराव होगा वहां भी भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

**हरपल रहेगी कड़ी सुरक्षा**

एएसपी असीम चौधरी ने कहा कि आयोजन स्थल के मंच के पास विशेष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है. उनका जो स्टेज होगा उसके इर्द-गिर्द महिला एवं पुरुष सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे. इसके अलावा मंच के आसपास भी विशेष सुरक्षा बल की तैनाती की गई है. जालौन पुलिस और पीएससी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।

# शेयर में निवेश के नाम पर 36 लाख हड़पने में एक गिरफ्तार

अयोध्या। अपने को रिलायंस कंपनी का कर्मचारी और अधिकारी बता कर कंपनी के शेयर में निवेश करा मोटा मुनाफा दिलाने के नाम पर एक कारोबारी से 36 लाख रुपए की हुई ठगी के मामले में परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में फर्जी एमडी समेत चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

शिकायत के मुताबिक अमेठी जनपद के जगदीशपुर स्थित यूपीएस-आईडीसी कालोनी निवासी सूर्य बहादुर सिंह का आरोप था कि एक शख्स राहुल श्रीवास्तव ने खुद को महाराष्ट्र के पुणे निवासी और रिलायंस कंपनी का कर्मचारी बता कंपनी के शेयर में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया और कंपनी के फर्जी प्रबंध निदेशक दक्ष मेहता तथा अन्य साथी कर्मियों संजीव गुग्गल व अनिकेत से कई राउंड मोबाईल पर बात कराई। प्रति शेयर की कीमत 7.20 रुपए बता निवेश पर दो माह बाद प्रति शेयर 84.20 रुपए भुगतान मिलने की बात



कही। झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग बैंक खतों में 36 लाख 20 हजार 859 रुपए जमा कर दिया और आरोपियों ने उनकी धोखाधड़ी और कूटरचना कर पूरी रकम हड़प ली। परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इसी माह 12 सितंबर को चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

शनिवार को परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक आलोक वर्मा ने बताया कि मामले में अमित कर्दम निवासी ग्राम परतापुर थाना पिलखुआ जनपद हापुड़ को थाना पिलखुवा जनपद हापुड़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में इसने बताया है कि साजिश के तहत यह अपने आसपास के लोगों का अलग-अलग बैंकों मे खाता खुलवाता था और शेयर में निवेश के नाम पर लोगों को ठग कर इन्हीं बैंक खातों में रकम जमा करवा देता था और एटीएम कार्ड से निकाल रकम को हड़प लेता था। पकडे गए आरोपी का पुलिस ने चालान किया है।

# रामायण वैक्स म्यूजिएम का सम्पन्न हुआ भूमि पूजन

## राम कथा थीम पर जल्द अयोध्या में दिखायी देंगी मोम बनी कलाकृतियां

**राजेश तिवारी**

अयोध्या। जनपद में जल्द वैक्स म्यूजिएम खुलने वाला है। राम कथा थीम पर आधारित म्यूजिएम में मोम द्वारा बनाए गए पुतले स्थापित होगे। आने वाले छः माह में श्रृद्धालु इन पुतलों को देख सकेंगे। जिला प्रशासन ने इसके लिए 2.5 एकड जमीन आवंटित की है। शनिवार को भूमि पूजन किया गया है। केरल के आर्टस्ट द्वारा म्यूजिम बनाया जा रहा है।

म्यूजिएम को केरल के वैक्स आर्टस्ट सुनील कण्डलु ने बताया कि अयोध्या में बनने वाले म्यूजियम में रामायण पर आधारित सभी कलाकृतियां रहेगी और इस म्यूजियम का नाम रामायण वैक्स म्यूजियम होगा। मूर्ति अलग-अलग मटैरियल से बनाए जाते है। लेकिन मोम से बनी मूर्तियों में बॉल तथा कपडे.ओरिजिनल होते है। मूर्तियों के साथ फोटो लेने पर वह ओरिलिनल लगती है। अभी देश में उनके तीन म्यूजिएम महाराष्ट्र, गोवा तथा त्रिवेन्द्रम में है। 6 माह में यह बन कर तैयार हो जाएगा। प्रारम्भ में 40 से 45 मॉडल रहेंगे। 2 साल में इनकी संख्या 100 की जाएगी। इसके साथ ही म्यूजिएम



में इंटरटेंमेंट की कुछ ऐसी व्यवस्थाएं की जाएगी जिससे आने वाले व्यक्ति यहां समय व्यतीत कर सके। अयोध्या में म्यूजियम बनना गौरव की बात है। प्रोजेक्ट को पास करने के लिए प्रशासन को धन्यवाद।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा केन्द्र व प्रदेश की सरकार अयोध्या को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित कर रही है। अयोध्या आने के बाद आगंतुक को आध्यात्मिकता के साथ पर्यटन का अनुभव प्राप्त हो सके। अयोध्या आने वाला श्रृद्धालुओं एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव लेकर जाए। ऐसी व्यवस्था की जा रही है।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा अयोध्या को विश्व की सबसे सुन्दर नगरी बनाने के लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकार कृत संकल्पित है। सड़कों के विकास से लेकर पर्यटन की मूलभूत सुविधाएं विकसित की जा रही है। अयोध्या त्रेतायुगीन वैभव को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। भूमि पूजन के अवसर पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नितीश कुमार, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.. खूब झूमे श्रोतागण

एट (जालौन) अमर शांति आश्रम पचोखरा में चल रही श्री मद भागवत कथा और श्री राम महायज्ञ में रविवार को चतुर्थ दिन में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव की कथा का वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को पं रोहित रिछारिया महाराज ने भक्ति ज्ञान एवं वैराग्यरूपी श्रीमद् भागवत कथा से त्रिवेणी प्रवाहित की। पं रोहित रिछारिया महाराज ने कथा के चौथे दिन गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्री राम अवतार व श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंगों का सिलसिलेवार वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस से भर दिया। उन्होंने बताया कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म का बोलबाला बढ़ जाता है तो सर्वत्र हिसा और उपद्रव दिखाई देती है। गोमाता, संतों व ब्राह्मणों जब दुष्ट लोग अत्याचार करते हैं तब प्रभु वैकुंठ त्याग कर धराधाम में अवतरित होते हैं। कथा प्रसंग में श्री राम अवतार के साथ संक्षिप्त में राम कथा का वर्णन करते हुए बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते, अवतार धारण करते हैं, प्रकट होते हैं और प्रकट वहीं होते हैं जो पहले से विद्यमान हो। भगवान तो कण कण में मौजूद रहते हैं। श्री राम अवतार कथा के दौरान उन्होंने कहा कि श्री राम कथा कलयुग में कामधेनु के समान है। कलिकाल में राम नाम स्मरण एवं भागवत कथा श्रवण मात्र से ही जीव कष्टों से छुटकारा पा सकता है। वहीं, उन्होंने बताया कि विश्वास से कथा श्रवण करने से कथा जीवन का सुधार कर देती है। वैसे भी राम कथा श्रवण करने से जीव का संशय समाप्त हो जाता है और दुख दूर हो जाते हैं। उन्होंने कथा श्रवण पर जोर देते हुए कहा कि आवश्यकता है कि हर घर में मयार्दा पुरुषोत्तम राम व श्री कृष्ण अवतरित हों। उनके नैतिक मूल्यों की स्थापना हो। भगवान श्री कृष्ण व मयार्दा



पुरुषोत्तम श्रीराम का धरा आगमन सच्चे अर्थों में मानवता की स्थापना के लिए हुआ था। इस अवसर पर पं रोहित रिछारिया महाराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बड़ी ही मनोरम कथा का बखान किया। नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की.., जयकारों से एक तरह से वृंदावन में तब्दील हो गया। पुष्पों की वर्षा करते हुए श्रद्धालुओं ने होली खेलते हुए कन्हैया का जन्म उत्सव मनाया। श्रद्धालु जमकर झूमे और फूलों की वर्षा की। शुरूआत में पं रोहित रिछारिया महाराज ने गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार आदि प्रसंगों का वर्णन किया। अंत में आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद सेवन कराया।

# नोएडा सेक्टर 120: योग की विशेष कक्षा का आयोजन

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा सेक्टर 120 के आर जी रेजिडेंसि मे विशेष योग कक्षा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य सोसायटी के लोगों को आगामी 2 अक्टुबर को नई दिल्ली छत्रसाल स्टेडियम मे आयोजित होने वाली योग दिवस मे सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करना था। शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई और बाद मे संस्थान के द्वारा निर्देशित प्रोटोकाल के तहत सुक्ष्म क्रियाँए, आसन तथा प्राणायाम का अभ्यास किया किया गया। छत्रसाल स्टेडियम चलो, योग करो , जिओ और जीवन दो के स्लोगन लगाए गए।

आज R G Residency योग केंद्र, सेक्टर 120 में योग की विशेष क्लास का आयोजन, सोसाइटी के लोगों को योग के प्रति प्रेरित करने तथा 2 October को छत्रसाल स्टेडियम के समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित के लिए लगाई गई।

**सरस्वती वंदना के उपरान्त**

संस्थान द्वारा निर्देशित 2 October के लिए निर्धारित सुक्ष्म क्रियाएं , आसन और प्राणायाम के बाद छत्रसाल स्टेडियम



चलो, योग करो , जिओ और जीवन दो के स्लोगन लगाए गए।

आज के विशेष क्लास में नोएडा जिला 1 और 2 के प्रधान, नोएडा जिला 1, क्षेत्र 2 के प्रधान और मंत्री समारोह में उपस्थित थे।

आर जी रेजिडेंसि सोसाइटी के आरडब्लूए अध्यक्ष और जनरल सेक्रेटरी की गरिमामय उपस्थित रही। आर जी रेजिडेंसि योग केंद्र के केंद्र प्रमुख श्री हरीश पाहवा ने मंच संचालन किया। आज के विशेष योग समारोह में 75 से अधिक साधकों की उपस्थित थी।

# नोएडा: एक और नए योग केंद्र का उद्घाटन, सेक्टरों में निकाली गई प्रभात फेरी

## श्री विपिन और श्री लालबहादुर को बैनर देकर सौंपी गई केंद्र की जिम्मेदारी।

**समाज जागरण नोएडा डेस्क**

नोएडा सेक्टर 75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा मे भारतीय योग संस्थान के द्वारा एक नयी योग कक्षा की शुरूआत हर्षाल्लास के साथ किया गया। श्री विपिन और श्री लालबहादुर को बैनर देकर केंद्र की जिम्मेदारी सौंपी गई । इसके बाद आगामी 2 अक्टुबर को भारतीय योग संस्थान के द्वारा नई दिल्ली के छत्रशाल स्टेडियम मे आयोजिनत होने वाली योग दिवस के मध्यनजर प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमे जीओ और जीवन दो, योग



करो रोज करो मौज करो, योग को घर घर तक पहुँचायेंगे रोगों को दूर भगाएँगे के स्लोगन के साथ योग साधक साधिकाओं ने लोगों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही 2 अक्टुबर को योग दिवस मे अपने इष्ट मित्रों, परिवार और रिस्तेदारों के साथ शामिल होने का आह्वान किया। इस असवर पर 100 से ज्यादा योग साधक और साधिकाओं ने भाग लिया।

# टहलने निकले युवक पर, धारदार हथियार से हमला, रिपोर्ट दर्ज।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**
लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में शनिवार सुबह अपने घर के निकट टहल रहे युवक पर, दबंग ने पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला कर दिया। लोगों के जुटने पर आरोपी भाग निकला,लहूलुहान युवक अपनी जान बचा किसी तरह आशियाना कोतवाली पहुँच, आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी।पुलिस शिकायत पर केस दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है।
आशियाना क्षेत्र के रुची खंड प्रथम में रहने वाले विपिन तिवारी के मुताबिक वह शनिवार सुबह करीब 6 :00 अपने घर के पास टहल रहे थे। इस दौरान देखा कि अमन कश्यप उर्फ शानू, उनके पड़ोस में रहने वाले पंकज निषाद के घर में ईंट फेंक रहा है।विपिन तिवारी की नजर पड़ी तो उन्होनें ऐसा करने से मना किया।आरोप है कि टोकने से आक्रोशित अमन कश्यप हाथ में लिए धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह खून से लथपथ हो गए,आसपास टहल रहे लोगों के जुटने पर आरोपी भाग निकला।
पीड़ित का आरोप है कि बीते 6 अगस्त को अमन कश्यप अपने चार साथियों संग मिलकर पंकज निषाद संग मारपीट किया था। जिसमे उन्होंने बीच बचाव कर मामले को खत्म कराया था। जिसकी शिकायत पंकज निषाद ने आशियाना थाने पर भी की थी।उसी बात से नाराज अमन कश्यप ने हमला कर दिया।

# गांव- गांव घूम रहा जागरुकता रथ, योजनाओं पर लगे पँख

### तिलक चंदन व माला पहनाकर हरिजन महिला की उतारी आरती

### बीडीओ ने अपने अनूठे अभियान को नाम दिया बीएडी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए रविवार को बीडीओ धाता ने जहांगीर नगर गहुरा गांव में जाकर अपने अभियान को आगे बढ़ाया। बीडीओ ने अपने अभियान का नाम रखा बीएडी( बीडीओ ऐट द डोर ) रविवार को ओडीएफ प्लस गांव जहांगीर नगर में समूह की महिलाओं को बताया कि आप लोग छोटे -छोटे उद्योग स्थापित कर स्वालंबी बनिए। समूह से आप लोगों को जो भी सहायता मिलती है उसका भरपूर उपयोग करिए। उन्होंने बताया कि थोड़ा -थोड़ा करके ही धन का संचयन कर आदमी बड़ा बनता है। आप सभी लोग शर्म व संकोच को दूर कर छोटे -छोटे उद्यम स्थापित करिए। जिससे आप आत्म निर्भर होंगे। बीडीओ अजय कुमार तिवारी ने रविवार को अपनी ओर से जागरूकता रथ के साथ- साथ तख्ती व पैड में स्लोगन लिखवाकर गांव- गांव में भ्रमण करके लोगों को जागरूक किया। साथ ही सभी ग्रामीणों को घर -घर जाकर बताया कि आपका गांव ओडईएफ हो गया है। आप लोग अपने गांव को स्वच्छ बनाने में पूरी मदद करें और समूह से जुड़े। वहीं उन्होंने कहा कि आप सभी लोग गांव में लगे कूडादान में ही कूड़ा-करकट फेंके। बीडीओ ने गांव में भ्रमण के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए स्वयं ही नाली से कचरा निकालकर सफाई की। जिसको देख ग्रामीणों ने बीडीओ के हाथों से फावड़ा छीनकर खुद नाली की सफाई की। स्वयं का कॉन्सेप्ट तैयार कर गांव के युवाओं व बेरोजगारों को उद्यम लगाने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ ने शासन की समस्त योजनाओं की जानकारी देने के लिए एक रथ तैयार किया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, बैंक कर्मी, बीडियो आदि लोग रोजाना गांव में भ्रमण कर विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाएंगे। बीडीओ अजय कुमार तिवारी ने बताया कि




लोग गांव में हरिजन को बहुत ध्येय की दृष्टि से देखते हैं। लोगों को समझाने के लिए उन्होंने गांव में प्रवेश कर सबसे पहले हरिजन को ग्राम देवता का नाम देकर तिलक चंदन के साथ माला पहनाकर उनका स्वागत कर उनके प्रति ग्रामीणों को नजरिया बदलने की बात कही।
उन्होंने बताया कि उनके अभियान का मतलब है कि ग्रामीणों को शासन की समस्त निःशुल्क योजनाओं की जानकारी दी जाए और गांव में मिलने वाले प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास में अराजनैतिक द्वारा अधिकारियों का नाम बता कर अवैध वसूली की जाती है जिससे ग्रामीण जनता अनजान होती है उन सब बातों से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे। उन्होंने अपने ही खर्चे से गांव- गांव में पर्चे छपवाकर ग्रामीणों को बांटने का काम किया ।

# केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को बुंदेलखंड राष्ट्रीय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

### *दो अक्टूबर से सुरु होगा सड़क सत्याग्रह आंदोलन*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
आज रविवार को खागा नगर के शिवगंगा मैरिज हाल मे आयोजित एक कार्यक्रम मे बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय नें केंद्रीय मंत्री भारत सरकार साध्वी निरंजन ज्योति को गाजीपुर विजयीपुर सडक सत्याग्रह का पत्र सौपा ' साथ ही बुंदेलखंड राज्य निर्माण का अनुरोध पत्र दिया गया ' भाजपा जिला अध्यक्ष मुख लाल पाल को भी गाजीपुर विजयीपुर सत्याग्रह का पत्र सौंपा गया
केंद्रीय मंत्री और भाजपा जिला अध्यक्ष को दिए अनुरोध पत्र के माध्यम से उन्हें फतेहपुर जिले में अति उपयोगी गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग के नवनिर्माण हेतु आगामी दो अक्टूबर से नरैनी चौराहे पर सत्याग्रह के संबंध में अवगत कराया गया है ' बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष नें अवगत कराया की गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग की हालत मौजूदा समय पर पैदल चलने लायक



नहीं बची है। अब तक में इस मार्ग की मरम्मत व नवनिर्माण की दिशा में जो भी प्रशासनिक प्रयास हुए हैं, वह महज कागजी बनकर रह गए हैं। तीन दशक से ध्वस्त पड़े गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग निर्माण के लिए अब क्षेत्रीय जनता सीधे आर-पार की लड़ाई की मन बना चुकी है। मार्ग निर्माण के लिए पूर्व में जिला प्रशासन, क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। सड़क निर्माण संघर्ष समिति के स्वयंसेवकों ने मार्ग निर्माण हेतु जनवरी 2023 में जगह-जगह हनुमान चालीसा पाठ किया। फरवरी व मार्च महीने में हवन-पूजन, पद यात्रा करके जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यानाकर्षण किया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से भी मार्ग निर्माण की मांग हुई, लेकिन सड़क निर्माण की दिशा में सकारात्मक प्रयास नहीं हुआ। अस्तु सडक संघर्ष समिति के सदस्यों नें निर्णय लिया है, यदि दो अक्टूबर से सत्याग्रह किया जायेगा '

# यूपी से लेकर बिहार तक कायम है झोलाछाप डॉक्टरों का दबदबा

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**
सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार राज्य तक झोलाछाप डॉक्टरों का दबदबा कायम है। इसके बावजूद भी जहां जिले स्तर का स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझता है। तो ऐसे में स्वास्थ्य मंत्रालय में बैठे जिम्मेदार लोग भी इस गंभीर समस्या पर गौर नहीं फरमा रहे हैं आखिर क्यों। यह सवाल सबसे अहम एवं बेहद महत्वपूर्ण जन चर्चा युक्त है। बीते 5 जनवरी के एक रिपोर्ट के अनुसार बिहार राज्य के हाजीपुर शहर के सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी खुर्द गांव में इलाज कराने गए युवक की झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने के कारण युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक युवक के परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ सदर थाने में मामला दर्ज कराया। मृतक का नाम राहुल कुमार था उम्र 21 वर्ष थी। और इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टर का नाम पप्पू कुमार है। इसके बावजूद भी बिहार राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों का दबदबा कायम है।
सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार



उत्तर प्रदेश का भी शायद ही कोई जिला झोलाछाप डॉक्टरों से अछूता हो। जिधर देखो उधर झोलाछाप डॉक्टरों का गोरखधंधा दिखाई देता है। लेकिन जिले स्तर का स्वास्थ्य विभाग यानी सीएमओ कार्यालय में पदास्थापित जिम्मेदार झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ जांच व कार्रवाई करने के बजाय अनभिज्ञ एवं अनजान बने रहते हैं। ऐसा लगता है कि जिले स्तर का स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टरों की काली करतूतों से अनजान है। लेकिन ऐसा नहीं है। सूत्रों के अनुसार सिद्धार्थनगर जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों का गोरखधंधा अपनी चरम सीमा पर है झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी डिग्री के धड़ल्ले से मरीजों का इलाज करते हैं। सबसे अफसोस की बात यह है कि ये झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का ऑपरेशन करने में भी पीछे नहीं हटते। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो इटवा तहसील क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की संरक्षण में झोलाछाप डॉक्टरों का और ही दबदबा कायम है। क्योंकि झोलाछाप डॉक्टर अच्छी तरह से जान चुके हैं कि जब तक जिले के स्वास्थ्य विभाग का संरक्षण रहेगा तब तक उनके खिलाफ कोई कार्यवाही हो ही नहीं सकती। शायद यह कहना गलत ना होगा कि झोलाछाप डॉक्टरों और जिले के स्वास्थ्य विभाग के बीच सुविधा शुल्क ही अहम किरदार है।

# एंबुलेंस ट्रक से टकराई 4 घायल

**दैनिक समाज जागरण**
फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र में खड़े ट्रक में तेज गति से आ रही है एंबुलेंस टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।
थाना दक्षिण के क्षेत्र नई बस्ती निवासी नफीसा बेगम 70 वर्ष निवासी नईबस्ती की 5 दिन पूर्व तबीयत खराब हो गई थी। पारिवार के लोग उसे उपचार के लिए आगरा ले गए थे।
आगरा में उपचार के दौरान उसकी रविवार सुबह मौत हो गई। परिवीजन महिला के शव को लेकर फिरोजाबाद आ रहे थे। टूंडला के समीप तेज गति से आ रही एंबुलेंस खड़े ट्रक से टकरा गई।
हादसे के बाद वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से बाहर निकाला। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।
हादसे में एंबुलेंस में सवार शबाना 40 वर्ष पत्नी शमीउद्दीन, सलाउद्दीन, बहाउद्दीन 40 वर्ष पुत्र सलाउद्दीन तथा सायरा 50 पत्नी इदरीश वर्ष घायल हो गई।
लोगो ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। पता चलते ही उनके परिवार तथा मोहल्ले के लोग अस्पताल पहुंच गए।

# स्कूटी सवार महिला से चेन लूट, मुकदमा दर्ज।

### *पुलिस से ठोस प्लान तैयार करने को बात कही,जिससे फिर ऐसी घटना न हो।*

**लखनऊ ।संवाददाता समाज जागरण**
लखनऊ ।स्कूटी पर बाजार से घर लौट रही महिला ने स्पीड ब्रेकर पर गति धीमी की,पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने चेन,और मंगल सूत्र लूट लिया,अचानक हुई घटना से महिला गिरते गिरते बची,बदमाशों का पीछा भी किया लेकिन सफल नहीं हो सकी।
पीड़ित महिला ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।
दिव्या सिंह पत्नी अनूप सिंह मकान नंबर ,21/31 ब्लाक ए, सेक्टर 18 वृन्दावन योजना राय बरेली रोड में रहती हैं ।शुक्रवार शाम 8 बजे तेलीबाग से वाया मामा चौराहा,सेक्टर 9 होते हुये अपने घर स्कूटी से आ रही थी, तभी एजिया बोटानिका आपर्टमेन्ट के गेट के सामने बने स्पीड ब्रेकर पर स्कूटी की गति धीमी की, पीछे से आए दो लड़के जो अपनी बाइक से थे, झपट्टा मारकर गले से चैन व मंगलसूत्र छीन लिया, जिसमें वह गिरते गिरते बची।

**बदमाशों का किया पीछा –**
दिव्या सिंह बताया कि संभलने के बाद उन लड़को का पीछा किया, परन्तु वे लड़के भागने में कामयाब रहे। चैन व मंगलसूत्र का वजन लगभग 35.40 ग्राम शुध्द सोने का था।

**ठोस प्लान तैयार करने की गुजारिश –**
दिव्या सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में पीजीआई कोतवाली पुलिस से गुजारिश किया कि आप कोई ठोस प्लान तैयार करें, जिससे ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके,और हमारी पुलिस, मित्र पुलिस बनने में कामयाब हो।
इंस्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर,घटना स्थल और उसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज में सुराग तलाशने का काम कर रहे हैं,जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# पुलिस की लापरवाही प्रदीप सिंह की जान पर न पड़ जाए भारी!

### *24 घण्टे में लूटकांड के खुलासे का दावा करने वाली पुलिस पांचवा दिन भी निष्क्रिय*

### *प्रदीप सिंह के परिजनों ने डीएम आवास पहुंच कर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ डीएम आवास का किया घेराव*

### *एडिशनल एसपी से लेकर डीएम आवास पर पुलिस बल तैनात*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर छिनैती और लूट को टप्पेबाजी, डकैती को चोरी, अधिकतर मोबाइल छिनैती की रिपोर्ट न दर्ज कर क्राइम मिनिमाइजेशन करने वाली थाने की पुलिस मामलो को लेकर कितनी गम्भीर है आप इस बात से अंदाजा लगा सकते कि फाइनेंस कंपनी में काम करने वाला नौजवान युवक प्रदीप सिंह अचानक कोतवाली क्षेत्र के सनगांव से आज पांचवा दिन पहले गायब हो गया। उसकी बाइक, हेलमेट आदि सनगांव के एक युवक के घर से बरामद हो गए मगर पांचवा दिन आज भी पुलिस प्रदीप को खोज पाने में नाकाम है।
आपको बता दें कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी/समियाना गांव के रहने वाले रणधीर सिंह का इकलौता पुत्र प्रदीप सिंह एक फाइनेंस कंपनी चोलामंडलम में काम करता है पांचवा दिन पूर्व वह सनगांव में एक कार की किस्त लेने गया था जहां से वह अचानक गायब हो गया उसके मोबाइल की अंतिम लोकेशन भी सनगांव की मिली। मोबाइल स्विच ऑफ होने के बाद दोबारा नहीं खुला। आज पांचवा दिन से युवक गायब है गाजीपुर थाने में तीन दिन पूर्व उसकी प्राथमिकी भी दर्ज हो गई है मगर पुलिस की लापरवाही की वजह से युवक का कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों को अंदेशा है कि प्रदीप सिंह के साथ कुछ ऐसा जरूर हो गया है जिसकी उम्मीद उन्हें नहीं थी। हालांकि पुलिस से फिर भी उम्मीद थी कि वह मामले में तेजी दिखाएगी लेकिन शायद पुलिस की लापरवाही युवक की जान पर भारी न पड़ जाए इसका संदेह सभी को है। कई दिन से युवक के परिजन गाजीपुर थाने और शहर कोतवाली के चक्कर लगाकर थक चुके हैं लेकिन आज तक पुलिस ने मामले में कोई खास सक्रियता नहीं दिखाई। 24 घंटे में लूट कांड के खुलासे का दावा करने वाली



पुलिस अगर युवक के मामले में 24 घंटे के अंदर सक्रिय हो जाती तो शायद अब तक युवक की तलाश पूरी हो जाती और वह सकुशल घर मे होता मगर दुर्भाग्य है कि पुलिस की संवेदनहीनता और लापरवाही अभी भी जारी है। पुलिस की कार्यशैली से आक्रोशित चुरियानी /समियाना के सैकड़ो ग्रामीणों ने डीएम आवास पहुंचकर बंगले का किया घेराव एडिशनल एसपी भारी पुलिस के साथ डीएम आवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर आश्वासन दिया कि तीन टीम गठित हैं जल्द खुलासा होगा!?

# श्रीकृष्ण की जीवनी के बारे में सुनकर भक्त हुए मंत्रमुग्ध

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर प्रत्येक जगह चल रही गणेश चतुर्थी के अवसर पर जगह जगह पर भक्तों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किए जा रहे हैं तो वहीं कुछ जगहों पर श्रीमदभगवद कथा का आयोजन किया जा रहा है ।जहां इसी क्रम में जनपद फतेहपुर के थाना गाजीपुर क्षेत्र के अंतर्गत गाजीपुर कस्बा के बहुआ मार्ग पर स्थित गंगदेव बाबा के मंदिर में सभी लोगों के सहयोग से संत रतिरामदास जी महाराज के नेतृत्व में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। वहीं श्रीमदभागवद का भी आयोजन किया जा रहा है। जहां कथावाचक आशिका शास्त्री ने बताया कि यह कथा 19 सितंबर से प्रारंभ हुई और 27 सितंबर तक चलेगी तथा 27 सितंबर को भंडारा भी है और कथावाचक ने बताया कि श्रीकृष्ण के जीवनी के बारे में बताया गया है जिसे सुनकर भक्त मंत्रमुग्ध हुए। वहीं कथावाचक करते हुए यह तीसरा साल है। वहीं कथावाचक ने चैनल के माध्यम से जनता को संदेश दिया



कथावाचक ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि वह कुडनी धाम से पधारी हैं तथा कुडनी धाम में एक हनुमान मंदिर है जहां से उन्होंने यह कथावाचक के बारे में सिख ली है जिनके गुरु राम सजीवन शास्त्री( मधुर जी ) हैं,जहां उन्हें है कि यह कलयुग चल रहा है और इस कलयुग में क्या हो रहा है यह सभी को पता है इसलिए सभी लोग भगवान की भक्ति में ध्यान लगाई और अच्छाई के मार्ग पर चलिए तथा अपने बच्चों को भी अच्छाई के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करिए।।

# प्रॉपर्टी की खातिर कहीं बेटा ही तो नहीं है मां का कातिल

### *65 वर्षीय वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
सिद्धार्थनगर। जिले के कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के मदरहना उर्फ रामनगर गांव की रहने वाली एक वृद्धा की मौत के मामले में पुलिस शक के आधार पर मृतका के लड़के से पूछताछ करने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका का नाम रामरती है उसकी उम्र करीब 65 वर्ष की थी। सोते समय वृद्ध महिला रामरती के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या कर देने की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि मृतका के सिर पर ईट का गहरा निशान भी बना हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि मृतका की सगी बेटी ने ही भाई



राधेश्याम पर मां की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की बेटी मृतका की देखभाल भी करती थी। बेटी ने अपने बयान में पुलिस को बताया है कि वह मां की देखभाल करती थी इसी वजह से आरोपी राधेश्याम को शक था कि कहीं मां अपनी प्रॉपर्टी बेटी के नाम ना कर दे। इसलिए उसने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीणों के अनुसार मृतका रामरती और उसके लड़के के बीच आए दिन बाद विवाद होता रहता था इसी आधार पर आशंका जताई जा रही है कि रामरती को शायद उसके लड़के ने ही ईट से कुचलकर मौत की घाट उतार दिया है।

# नोयडा में आयोजित ट्रेड फेयर में पूजा डिटर्जेंट ने भी लगाई स्टॉल

### *अफ्रीकन डेलिगेट्स ने पूजा के काउंटर पर पहुंच कर दिखाई रुचि, व्यापार की जताई इच्छा*

**समाज जागरण –बृजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद। शिकोहाबाद के एक मात्र साबुन एवं डिटर्जेंट की फर्म सॉस होम प्रोडक्टस ( पूजा डिटर्जेंट एवं पाउडर ) ने उत्तर प्रदेश के नोयडा में आयोजित इंटरनेशनल व्यापार मेला में अपनी स्टॉल लगाई। पूजा डिटर्जेंट के काउंटर पर व्यापार मेला में खासी भीड़ रही। पूजा डिटर्जेंट केक एवं पाउडर लोगों की पहली पसंद रहा। व्यापार मेले में अफ्रीकन डेलिगेट्स भी पहुंचा। इस डेलिगेट्स ने पूजा डिटर्जेंट केक व पाउडर के काउंटर पर पहुंच कर साबुन के बारे में जानाकरी की और काउंटर पर मौजूद पूजा ग्रुप के निदेशक राजीव अग्रवाल, अमृत गर्ग और संजीव अग्रवाल से व्यापार के बारे में चर्चा की और आश्वस्त किया कि आने वाले दिनों में पूजा डिटर्जेंट अफ्रीका में भी अपने पैर जमायेगा।
नोयडा में व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश भर की कई कंपनियां अपने उत्पाद की प्रदर्शनी लगाए हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर व्यापार मेले में विदेशों के डेलिगेट्स आए और उन्होंने प्रदेश की कंपनियों से व्यापार समझौता में रुचि दिखाई। इस श्रंखला में शिकोहाबाद की जानी-पहचानी एवं शिकोहाबाद की शान पूजा ग्रुप के काउंटर पर भी अफ्रीकन डेलिगेट्स पहुंचा और कंपनी से अफ्रीका में व्यापार के बारे में चर्चा की। कंपनी के निदेशक सक्षम गर्ग अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। वह काउंटर को संभाले हुए हैं। राजीव अग्रवाल ने बताया कि अफ्रीकन डेलिगेट्स ने कंपनी के साथ व्यापार करने का आश्वासन भी दिया है। इस दौरान कंपनी के अधिकारी और पूजा ग्रुप के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेले में विधायक ने बांटे गोल्डन कार्ड।

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर/बिन्दकी : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी में आयुष्मान भवः साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन जिसका क्षेत्रीय विधायक बिन्दकी जय कुमार सिंह जैकी ने फीता काटकर शुभारम्भ किया जिसके बाद केन्द्र सरकार की योजना के अन्तर्गत चल रही आयुष्मान भवः के अन्तर्गत बनाये जा रहे गोल्डन कार्ड जिससे पीड़ित परिवार पांच लाख तक का निःशुल्क इलाज किसी भी सरकारी अस्पताल में करा सकता है साथ ही नए बने गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों को विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने अपने हाथों से कार्ड वितरण किया इसके



अलावा अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में भी जाना कार्ड लाभार्थी में अमजद खान,साहिद अन्सारी मोहम्मद अली अन्सारी सहित अन्य कई लोगों को भी कार्ड से लाभान्वित किया गया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिन्दकी के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेन्द्र सिंह,पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश तिवारी, सत्यम शुक्ला,गौरव गुप्ता,सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**
फतेहपुर जिला कारागार में आज नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमे जेल में बंद रहते हुए शिक्षा प्राप्त कर रहे महिला और पुरुष बंदियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे खास बात यह रही की सभी बंदी जेल में आने से पहले निरक्षर थे और जिनकी उम्र 18 से 65 साल तक की



है। अगर हम परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले बंदियों की संख्या की बात करें तो कुल 64 बंदियों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया। जिनमे महिला बंदियों की संख्या 17 और पुरुष बंदियों की संख्या 47 है। वहीं जेल अधीक्षक ने बताया कि आज जिला जेल फतेहपुर में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 47 पुरुष और 17 महिला बंदियों ने प्रतिभा किया है। यह सभी ऐसे लोग थे जो जेल में आने से पहले निराक्षर थे जेल में रहते हुए पढ़ना लिखना सीखा है और विशेष बात यह है कि परीक्षा में 18 साल की आयु से लेकर 65 साल की आयु तक के बंदियों ने बड़ा खुशी-खुशी और उत्साह के साथ प्रतिभा किया है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

फतेहपुर जिले में जमीन बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर उसके पत्नी व बेट को भी जमकर पीटा। पीड़ित ने बताया की जब थाने पहुंच कर शिकायत की तो पुलिस ने कर्रवाई करने के बजाय हम लोगों के साथ ही थाने में मारपीट की गई और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए हम लोगों का चालान कर दिया गया और आरोपी खुलेआम घूम रहा है धमकी दे रहा है। पूरा मामला राधानगर थाना इलाके के देवीगंज का है। वही पीड़ित परिवार आज एसपी ऑफिस पहुँच कर शिकायती पत्र देते हुए कर्रवाई की मांग की है।

# कुख्यात गैंगस्टर की एक करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**समाज जागरण –बृजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद। जिला प्रशासन के आदेश पर पुलिस ने शातिर गैंगस्टर कि रविवार को एक करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति को कुर्क किया। उसके



खिलाफ हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं कार्रवाई के दौरान काफी लोग एकत्रित थे। नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती संगीता पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश सिंह के नेतृत्व में रसूलपुर व रामगढ़ पुलिस ने कुख्यात अपराधी शातिर गैंगस्टर नदीम अख्तर पुत्र मोहम्मद हनीफ के मकान को कुर्क किया। वह हाजीपुर का रहने वाला है। कुर्क किए गए मकान की कीमत एक करोड़ 27 लाख 91हजार 212 रुपये बताई गई है। नदीम अख्तर पर हत्या का प्रयास धोखाधड़ी सहित आठ मुकदमे थाना दक्षिण रसूलपुर पचोखरा के साथ-साथ गैर जनपद मैनपुरी तथा हाथरस में दर्ज हैं। नगर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर के साथ प्रभारी निरीक्षक रसूलपुर भगवत सिंह निरीक्षक अपराध रामप्रवेश एसएसआई सामून अली एसआई मोहर सिंह के साथ काफी संख्या में पुलिस बल रविवार को हाजीपुर स्थित नदीम अख्तर के आवास पर पहुंचे। अचानक इतनी बड़ी संख्या में पुलिस को देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस की कार्रवाई देख वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। पुलिस ने उसके तीन मंजिला मकान को कुर्क कर लिया। एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा ने बताया जिला अधिकारी के आदेश पर पुलिस ने कार्यवाही की है।

# खागा स्टेशन में आज केंद्रीय मंत्री व खागा विधायक ने मुरी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

खागा नगर के ब्यापारी व क्षेत्रवासियों की मुरी एक्सप्रेस के स्टापेज की मांग पर आज फतेहपुर सांसद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योती व खागा विधायक श्रीमती कृष्णा पासवान दोपहर लगभग एक बजे खागा स्टेशन पहुंचकर मुरी एक्प्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर रेलवे के एडीआरएम, एवम विभागीय समस्त अधिकारी,फतेहपुर पूर्व व वर्तमान जिलाध्यक्ष, खागा चेयरमैन, किशनपुर चेयरमैन, एवम वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी रहे मौजूद।

## डीलरों की मनमानी से छुब्ध कार्डधारियों ने बीडीओ से की शिकायत, डीलरों पर होगी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)24सितम्बर 2023:-जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में राशन डीलरों की मनमानी से इन दिनों राशन कार्डधारियों में आक्रोश व्याप्त है। ताजा मामला इटखोरी प्रखंड अंतर्गत करनी गांव का है, जहां राशन कार्डधारियों ने करनी के राशन डीलर जनार्दन कुमार सिंह, उजाला महिला मंडल (संचालक मीरा देवी) करनी व हेमंती देवी भद्र-काली समूह के खिलाफ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा को फोन कर कम अनाज देने की जानकारी दी थी। शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपप्रमुख, करनी मुखिया



और प्रमुख पति सिंटू ने करनी पंचायत सचिवालय पहुंच कर कार्डधारियों के साथ बैठक की। जिसमे कार्डधारियों ने डीलरों पर कम अनाज देने की लिखित शिकायत की। कार्डधारियों का आरोप है कि 5 किलो के जगह 3 किलो ही दिया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ ने कहा कि करनी के राशन कार्डधारियों द्वारा शिकायत पर पंचायत सचिवालय पहुंचकर जांच की। साथ ही कार्डधारियों का बयान दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टुण्डी शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज में बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर प्राचार्य गोरांग भारद्वाज ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 24सितंबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत झारखंड के भीष्म पितामह श्रद्धेय स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की 100 वीं जयंती पर टुण्डी के शिबू सोरेन डिग्री कॉलेज में धूमधाम से जयंती मनाई गई ।। प्राचार्य श्री गोरांग भारद्वाज ने सर्वप्रथम बिनोद बाबू के छायाचित्र पर पूजन कर पुष्प अर्पित किया ।।

बिनोद बाबू का

जन्म - 23 सितम्बर 1923 तथा

मृत्यु - 18 दिसम्बर 1991 को हो गया प्राचार्य डॉ० गौरांग भारद्वाज ने सभागार मे उपस्थित सभी आगंतुक, शिक्षक, एवं छात्र - छात्राओं को स्वागत करते हुए उन्हें बिनोद बाबू



के सिद्धांत एवं नारा को दुहराते हुए कहा "लड़ना हैं तो पढ़ना सिखों" .तथा मम जनहित मे किए गए समस्त कार्यो को अपने जीवनशैली मे अपनाने की बात कही '

वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर गणेश शंकर प्रसाद ने उनके द्वारा किए गए कार्यों पर बारीकी से प्रकाश डाला ' मुख्य रूप से डॉ निशा कुमारी, डॉ गौतम कुमार, प्रो. अनिल कुमार पंडित. प्रो. सामु सोरेन, प्रो. स्वाति कुमारी, प्रो. खुर्शीद' खातून, प्रो. मंसू मरांडी,प्रो. सत्य नारायण पंडित, प्रो. गौरी कुमारी,मनोज कुमार महतो, संतोष कुमार टुडू, कुशमि देवी. राखी मरांडी इत्यादि उपस्थित रहें ।।

## बायकोट का असर: कुरमी के कार्यक्रमों में जाने, अनुसूचित जनजाति के मांगो को लेकर आदिवासी द्वारा बायकॉट का असर।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू ( बाघमारा )।**

राजगंज : आदिवासी समन्वय समिति झारखण्ड कुरमी द्वारा रेल टेक्का, डहर टेका के माध्यम से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की की विरोध में भिन्न भिन्न आदिवासी समाज एवं संघठन विरोध का असर अब कुरमी समुदाय में देखने को मिला है, रविवार को भिन्न भिन्न जगहों पर कुरमी द्वारा करमा उत्सव का प्रोग्राम किया गया जो आदिवासी समाज के बहु बेटियों ने भाग नही लिया जो बाघमारा प्रखंड के भिन्न भिन्न पंचायतों में हुए



करमा उत्सव प्रोग्रामो में ये असर देखने को मिला तथा रोनक, उत्सव तथा भिड़ को लेकर असर देखने को मिला, राजगंज थाना के कई इलाकों में भी कुरमी के कार्यक्रमों में बायकोट करने का असर देखने को मिला , और जानकारी के अनुसार आदिवासी समाज के लोग तब तक बायकोट करेगा जब तक कुरमी समुदाय अनुसूचित जनजाति के मांगो को खत्म नहीं करता है

## पश्चिमी टुंडी में भारतीय स्टार क्लब बंदोजोर में दो दिवसीय टाइमली फुटबॉल मैच प्रतियोगिता 2023 का शुभारम्भ

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):- 24 सितंबर 2023:जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत बंदोजोर में दिवसीय टाइमली फुटबॉलमैच प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ भारतीय स्टार कल्ब बंदोजोर के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें खेल को शुभारम्भ करने पहुँचे झारखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति (JBKSS) के सक्रिय सदस्य रविकांत मण्डल ,पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार दास, बंदोजोर के वार्ड सदस्य श्याम मुर्मू, वार्ड सदस्य सोना लाल एवं टिका राम टुडू , मांझी हड़ाम दुर्गा मुर्मू , मुकेशदास,चिंतामणि मण्डल एवं पिंटू दास इत्यादि । आयोजन समिति के सदस्य प्रदीप मुर्मू, श्याम मुर्मू , सोना लाल, गोविंद टुडू, सिराउद्दीन एवं राजेश टुडू इत्यादि।। मुख्य



अतिथि कृषि पदाधिकारी बबलेश कुमार साव और कनिय अभियंता अभिषेक कुमार को खेल के क्रम में खिलाडियों से परिचय कराया गया । विशेष :- झाभाखसंस के सक्रिय सदस्य रविकांत मण्डल ने कहा यह दो दिवसीय खेल सिर्फ यही समाप्त होने वाला नहीं है बल्कि इस तरह के 08 दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता, टुंडी विधानसभा के अलग अलग स्थानों / क्षेत्रों में कराया जायेगा ।। जिसमें विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार एवं उप विजेता टीम द्वितीय पुरस्कार के साथ धनबाद के फुटबॉल स्टेडियम मे दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा ताकि फुटबॉल के प्रतिभाशाली खिलाडी जिला स्तर में अपने प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें ।

## केयर एंड सार्व फाउंडेशन के सौजन्य से CS40 का शुभारंभ।

### *40 मेधावी छात्र–छात्राओं कोचिंग देंगे e2e का शुभारंभ।*

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद,सामाजिक संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन द्वारा 40 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर करने के बाद, धनबाद हीरापुर जे .सी मलिक रोड स्थित e2e क्लासेस में कोचिंग क्लास शुरू किया गया ,आज का इस शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार सिंह,HOD हिंदी विभाग और एग्जामिनेशन कंट्रोलर पीके राय कॉलेज धनबाद,एडवाइजर डॉक्टर धनंजय कुमार सिंह,डिप्टी डायरेक्टर, हायर एजुकेशन,झारखंड सरकार,उपेंद्र राय प्लस टू इंचार्ज प्राण जीवन अकैडमी धनबाद, जबकि रोटरी क्लब की ओर से चरण प्रीत सिंह,राजन गंडोतरा,रवि प्रीत सिंह सलूजा,कनव बाली,उपस्थित थे,आपको बता दे की रोटरी क्लब,धनबाद द्वारा 40 छात्र-छात्राओं को बैग और किट प्रदान किये,सबसे पहले आमंत्रित मुख्य



अतिथि को सैंपलिंग देखकर स्वागत किया और साल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया उपस्थित अतिथियों ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर कोचिंग क्लास का शुभारंभ किये, सभी उपस्थित अतिथियों ने बारी-बारी से मंच को संबोधित किया,जबकि मंच संचालन घनश्याम दुबे ने किया। आज का कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष प्रभाष चंद्र,सचिव राजेश सिंह,डी.के. सिंह,संस्था के मुख्य संरक्षक अलोक झा,अखिलेश कुमार,सतीश कुमार सिंह,संजय कुमार,नीलकमल खवास,एम एल कर्ण,दीपांकर बनर्जी,अजय सिंह,प्रभात रंजन कुमार,विजय कुमार,अभय कुमार,उपेंद्र राय,अभय कुमार,संजय सजावट,राजीव शर्मा,उमेश शर्मा,अजय चौधरी और समीर सरकार उपस्थित थे।

आपको बता दे की इस उर40 का कन्वीनर समीर सरकार है।

## बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर ईचागढ़ पुलिस ने भेजी जेल

**शेखर सुमन , ईचागढ़ , सरायकेला ,झारखंड**

ईचागढ़ - सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना पुलिस द्वारा एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में संज्ञान लेते हुए ईचागढ़ पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के अभियुक्त प्रेमकांत लोहरा को गिरफ्तार कर रविवार को सरायकेला न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मिली



जानकारी के अनुसार ईचागढ़ थाना क्षेत्र के चोगा गांव की एक 8 बर्षिय नाबालिग 16 सितम्बर की रात को श्राद्ध भोज में जब पड़ोसी के घर परिजन सामिल होते हैं और नाबालिग घर में सो रही थी,तभी अपने पड़ोसी दो बच्चे का पिता प्रेमकांत लोहरा घर में अकेली सोती हुई नाबालिग को घर से बाहर सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया । परिजन श्राद्ध भोज से भोजन कर जब घर पहुंचा तो देखा बच्ची खटिया पर नहीं है। बगल के श्राद्ध भोज में जाकर भी परिजन खोजबीन किया तो बच्ची का कहीं पता नहीं चला। जब परिजनों को खोजवीन से थक हार गया तो घर पहुंचने से आंगन में रोते बिलखते बच्ची को देखा तो परिजनों को बताया गया कि उसे सोए अवस्था में घर से बाहर ले जाकर दुष्कर्म किया गया। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद दुष्कर्मी द्वारा धमकी देने से सात दिन बाद थाना में न्याय का गुहार लगाई। वहीं थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा शनिवार रात को दुष्कर्म के मामले में लिखित आवेदन दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह को ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## भारतीय सेवा सदन ट्रस्ट के द्वारा महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था को विधायक ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद में भारतीय सेवा सदन ट्रस्ट द्वारा भारतीय जन कल्याण सहयोग कार्यक्रम सह शाखा का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो शामिल हुए और संस्था के नए कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर व दीप जलाकर किया शुभारंभ किया उपरोक्त कार्यक्रम में जिले के कुछ विशेष समाज सेवी, संस्था, संगठन को भी सम्मानित किया गया जो लगातार देश हित के लिए कार्य करते आ रही हैं इस दौरान जिले के छोटे से क्षेत्र तेतुलमारी की सामाजिक संस्था "समर्पण एक नेक पहल" को विधायक ने अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया, विधायक ने कहा कि यह संस्था समाज कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं और शिक्षा, रक्तदान एवं जन कल्याण के प्रगति पथ पर आगे बढ़



रही हैं प्रत्येक दिन संस्था के द्वारा कई महिलाओं को रक्त उपलब्ध करई जा रही हैं और उन्हें जागरूक भी किया जा रहा हैं, मुझे इस बात का गर्व हैं कि मैं समर्पण एक नेक पहल संस्था का संरक्षक हूँ, साथ ही विधायक ने बेटी दिवस के अवसर पर महिलाओ को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर चर्चा किया मौके पर सम्मानितकर्ता संस्था के संस्थापक रामाशीष चौहान, बसंत महतो, राजेश महतो, सुनील कुमार, धीरज सिंह रोहित कुमार इत्यादि कई महिलाए शामिल थी '

## अपनी पत्नी और मां को आग से जिंदा जलाकर मौत के घाट उतारने वाला आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### *घरेलू विवाद में आकर आरोपी पति ने दिया था घटना को अंजाम*

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)24 सितम्बर 2023:-जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितिज के सुरहीबग में बीते 14 सितंबर को पत्नी व मां को आग से जलाकर मौत के घाट उतारने वाला आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया बताते चले इटखोरी थाना क्षेत्र के ग्राम पितीज सुरही बागी गांव के रहने वाले कुलदीप दांगी ने घरेलू विवाद में आकर अपनी पत्नी सविता देवी एवं मां डिलिया देवी को केरोसिन तेल छिड़क कर आग लगाकर जिंदा जलाकर मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना को लेकर मृतिका सविता देवी के पिता परमेश्वर दांगी ने इटखोरी थाने में लिखित आवेदन देकर मामले को दर्ज करवाया था।वहीं इस मामले को लेकर चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार आरोपी कुलदीप



दांगी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। वहीं पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ राम ने बताया कि घटना को लेकर दर्ज. प्राथमिक के आधार पर पुलिस के द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए हर एक ठिकानों पर छापामारी कि जा रहा था। वही पुलिस ने आरोपी कुलदीप दांगी को बिहार के गया रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर इटखोरी थाना लाया गया। इधर आरोपी कुलदीप दागी ने अपने अपराध को स्वीकार भी किया है। इस छापेमारी दल में मुख्य रूप से पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय केदारनाथ राम , इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार , पुलिस अवर निरीक्षक बंटी कुमार यादव के अलावे इटखोरी थाना के अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## महिलाओं के अधिकार की रक्षा में PLV कार्तिक गोप का संघर्ष

**दैनिक समाज जागरण , शेखर सुमन, ईचागढ़ , झारखंड**

चांडिल : आज, नालसा, झालसा, सरायकेला, और अनुमण्डीय विधिक सेवा समिति के तरफ से प्राधिकारिक सेवाओं के अधीन विशेष प्रशासनिक संघटन का हुआ अनावरण, जहां ढछ्छ कार्तिक गोप ने ग्राम पुरान डीह में महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचार के खिलाफ एक अद्वितीय पहल की शुरूआत की है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत, कार्तिक गोप ने महिलाओं के अधिकार की रक्षा के लिए एक अभियान का आयोजन किया है, जिसमें लगातार 100 दिनों तक महिलाओं के सुरक्षित और सशक्तिकरण को लेकर काम किया जाएगा।



इस अभियान के अंतर्गत, निकिता देवी, आजाद लोहरा, देवी पुनम लोहरा, और अन्य ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई है, जिसमें महिलाओं के अधिकार, अनाथ बच्चों की पालन-पोषण योजना, और मानव तस्करी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह अद्भुत पहल न सिर्फ. महिलाओं को सुरक्षित रखने का प्रयास है, बल्कि ग्रामीण समुदाय को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने का भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह अद्वितीय प्रक्रिया लोगों में सशक्त आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का हरकत बन सकता है, और महिलाओं के अधिकारों की प्रतिष्ठा को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इस प्रशासनिक पहल के साथ, हम एक सशक्त, समरस और सुरक्षित समाज की ओर एक कदम आगे बढ़ रहे हैं, जहां महिलाओं के अधिकार सबके लिए महत्वपूर्ण हैं।

## बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने किया फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)24 सितंबर 2023 :- सरिया प्रखंड के घुटिया पेसरा पंचायत के दुर्गी गांव स्थित फुटबॉल मैदान में रविवार को फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया।टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने फीता काटकर किया।उद्घाटन मैंच में किंग्स 11 क्लब सरिया बनाम बुंडू के बीच खेला गया।उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने मौके पर कहा कि फुटबॉल विश्व के लोकप्रिय खेल है। इस खेल में युवाओं को अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलता है।खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है।युवा देश के भविष्य हैं। इन्हें सजाने और संवारने एक अच्छे पलेट फॉर्म की जरूरत है।यह फुटबॉल टूनार्मेंट U.M.S क्लब दुर्गी के द्वारा आयोजन किया गया है।टूनार्मेंट में कुल 32 टीम भाग ले रही है। मैंच के दौरान पूर्व विधायक



ने गांव के दो युवा बिकाश यादव,रंजीत यादव ने सीआरपीएफ में बहाल होने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं बधाई दिया। उद्घाटन समारोह में जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव,जीप सदस्य अनूप पांडेय, मुखिया पिंटू यादव, सांसद प्रतिनिधि बब्लू मंडल, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, उप प्रमुख रामदेव यादव,पूर्व मुखिया गोपाल यादव, पूर्व मुखिया बद्री यादव,मनीष मंडल, क्लब के सदस्य, संतोष यादव, मुकेश यादव, अजीत यादव,बालेश्वर ठाकुर, दिलिप बरनवाल सहित हजारों की संख्या में फुटबॉल खेल प्रेमी शामिल रहें।

## झारखंड राज्य खाद्य ग्राम आयोग के अध्यक्ष ने जिले भर के मुखियाओं से किया संवाद कहा भोजन के अभाव में मौत उचित नहीं

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 24 सितंबर 2023 :- झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने शनिवार को गिरिडीह पहुंचकर नगर भवन में जिले भर के मुखियाओं के साथ संवाद किया । तथा भोजन के अधिकार अधिनियम के तहत अनाज वितरण में मुखियाओं की भूमिका विषय पर चर्चा की , इस संवाद कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष के सामने ही बगोदर की मुखिया सरिता साव ने जमकर हंगामा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में किसी महिला मुखिया को अपने सुझाव और शिकायतों को रखने तक का मौका नहीं दिया गया । सरिता साव समेत कई अन्य मुखिया को हंगामा करते देख आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और कई अधिकारी नगर भवन से बाहर निकल गए । हालांकि इससे पहले संवाद कार्यक्रम में मुखियाओं ने अपने-अपने पंचायत में अनाज वितरण में राशन डीलर एवं और डोर स्टेप डिलीवरी कार्य में लगे ठेकेदारों की जमकर आलोचना किया । और कहा कि पंचायत में अनाज का आवंटन तो आता है लेकिन वजन कम रहने के कारण लाभुकों को भी इलाज मात्रा से कम मिलता है शिकायत करने पर राशन डीलर कहते




हैं कि उनके हाथ में कुछ भी नहीं है , बल्कि एमो और डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार ही अनाज की कालाबाजारी कर देते हैं , इस दौरान कई मुखिया का यह भी आरोप था कि राशन डीलर को कार्ड में उनका कोटा चढ़ाने के बाद भी कोटा से कम अनाज वितरण कर उंगली स्कैन कर लेते हैं । मुखियाओं की शिकायत और सुझाव सुनने के बाद आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर ने कहा कि भोजन का अधिकार अधिनियम के तहत किसी पंचायत में किसी की मौत भोजन के अभाव में होने के बाद ₹10000 की राशि उसके परिवार को देने का प्रावधान है , जिससे उसके परिवार को भोजन मिल सके , और यह प्रावधान सिर्फ गिरिडीह के मुखिया को मिला है क्योंकि राशि मुखिया को ही दिया जाना है वैसे आज के दौर में भोजन के अभाव में किसी की मौत किसी भी समाज के लिए सही नहीं है

## हजारीबाग राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने किया स्वावलंबी जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड )24 सितंबर 2023 :- हजारीबाग स्थानीय राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वावलंबी भारत अभियान का प्रारंभ किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय भारत सरकार के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी श्री सूरज कुमार उपस्थित थे , कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के शिक्षकों में श्री जयप्रकाश वर्मा , विक्रांत सर , शंकर दुबे , आफताब एवं संजीदा मैडम के द्वारा स्वदेशी स्वावलंबन उद्यमिता स्वरोजगार आदि विषयों पर प्रकाश डालकर किया गया। शिक्षकों ने बताया कि देश ही नहीं पूरे विश्व में रोजगार की संभावनाएं सीमित है , कोई भी देश तभी विकसित बन सकता है जब देश में छोटे-छोटे उद्यमी उद्योगों से लेकर बड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना हो सके , देश के जीडीपी में मुख्य योगदान सर्विस सेक्टर एवं निर्माण का होता है। अभी सरकार के द्वारा लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए जन धन योजना , मुद्रा लोन योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है । साथ ही बड़े-बड़े उद्योगों



के लिए विकास के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से सहयोग प्रदान किया जा रहा है , अभी देश में स्वरोजगार की असीम संभावनाएं हैं वक्त आ गया है कि आज के विद्यार्थी एवं युवा पीढ़ी नौकरी के अलावा स्वरोजगार पर सोचें नौकरी खोजने वाले के , बजाय नौकरी देने वाला बने , आज भी देश में प्रतिवर्ष खरबों रुपए का आयात सिर्फ चीन से किया जाता है जो टिकाऊ भी नहीं होते हैं। इन आयातित चीजों को देश में क्या नहीं बनाया जा सकता है बिल्कुल बनाया जा सकता है नवयुवकों में इच्छा शक्ति होनी चाहिए । शिक्षकों के संबोधन के बाद जॉब सीकर एवं जॉब प्रोवाइडर विषय पर डिबेट के लिए दो ग्रुप बनाकर डिबेट कराया गया , विवेकानंद ग्रुप की अगुवाई दीपक राम एवं शिवानी प्रकाश एवं सुजीत कुमार कर रहे थे , तथा विनोबा भावे ग्रुप की अगुवाई सालेह नाज , मनोज कुमार एवं प्रमोद कुमार कर रहे थे , अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा स्वदेशी सहकारिता स्वावलंबन एवं उदिता पर प्रकाश डाला गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई, कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन रंजन , निकिता , अभिषेक , शाइस्ता ,खुशबू , प्रिया , उपेंद्र आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## अलसा सोरेन: आदिवासी बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड झारखंड का उद्देश्य शिक्षा रोजगार से जोड़ना।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू।**

बोकारो: हरला थाना अंतर्गत तिलका मांझी सामुदायक भवन में आदिवासी बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड झारखंड Reg 01/ HQ/2017श्री आलसा सोरेन ABUSSL के केंद्रीय अध्यक्ष तथा जिला कोडिनेटर श्री अजय टुडू जी के नेतृत्व में बैठक की गई, बैठक में भिन्न भिन्न जगहों से छात्र छात्राओं ने एव किसानों की उपस्थित हुए श्री अलसा सोरेन केंद्रीय अध्यक्ष जी ने सभी से परिचय करते हुए आदिवासी बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड झारखंड (ABUSSL ) के कार्यों एव उनके मूल्य उद्देश्य को बहुत ही बारीकी से बताया उन्होंने कहा की कोई ऐसा झारखंड में समिति या संघठन, कोप्रेटिक सोसायटी नही जो आदिवासी की उत्थान की बात करता हो एक मात्र ABUSSL ही है जो आदिवासी विकास उत्थान का बात करता है ABUSSL का उद्देश्य है सभी आदिवासी भाई बहन एव किसानों को शिक्षा रोजगार से जोड़ने की बात करता है साथ ही इस समिति से जुड़ने हेतु शेयर होल्डर की बात भी सामने आई सोरेन जी ने कहा सभी छात्र छात्राओं को ABUSSL के द्वारा प्रधान मंत्री सारथी योजना में निशुल्क शिक्षा से लेकर रोजगार तक का गरेंटी लेती है उनके साथ आए



किसानो के लिए भी स्कीम बताया किसानो को 90'/. सब्सिडी के साथ ड्रिप इरिगेशन टपक सिंचाई को देने की बात कही ये ड्रिप इरिगेशन झारखंड के सभी किसानों को देने की बात कही गई, तथा कई तरह के योजनाओ के बारे में जानकारी दी, केंद्रीय अध्यक्ष जी ने कहा सभी जिला प्रखण्ड पंचायत में कोडिनेटर की जरूरत है जो इस कोडिनेटर के लिए सिर्फ आदिवासी ही आवेदन कर सकते है, उन्होंने अपनी लिखतम तथा वक्ता के साथ बहुत ही बारीकी से बताया, इस कार्यक्रम में उपस्थित चंद्र कांत मूर्ति, सुनीता कुजूर, अनु किस्कू, झरिया उराव, सुनील किस्कू, जीवन हेंब्रम, जीतराम मुर्मू, मोहन गगराई,सनयाल मुंडा आदि उपस्थित हुए।

# मंत्री ने सुनी समस्या, 6 मजदूरों को लाने के लिए चलाई ट्रेन

**दैनिक समाज जागरण , ईचागढ़/कुकड़ू , झारखंड**

कुकड़ु : सोशल मीडिया पर एक सामाजिक कार्यकर्ता के ट्वीट ने गुजरात में फंसे 6 मजदूरों की मदद के लिए सरकार को जागरूक किया है। यह घटना कुकड़ु प्रखंड के गांव दुलमी में हुई है, जहां सामाजिक कार्यकर्ता गौरांग दत्त ने मंत्री सत्यानंद भक्ता को ट्वीट करके समस्या का समय पर संज्ञान दिलाने का प्रयास किया।

मजदूरों के बंधक हो जाने की खबर के बाद, गौरांग दत्त ने ट्वीट में इस मामले को उजागर किया और मंत्री सत्यानंद भक्ता जी को टैग करके संज्ञान में लाने का प्रयास किया। उन्होंने लिखा, "मंत्री जी, कुकड़ु प्रखंड के 6 मजदूर गुजरात में बंधक के रूप में हैं। कृपया उनकी मदद करें और उन्हें घर वापस आने की सुनिश्चित करें।"

इसके परिणामस्वरूप, मंत्री सत्यानंद भक्ता जी ने इस समस्या को संज्ञान



में लिया और जल्दी ही कड़ी मेहनत करते हुए मजदूरों को घर वापस लाने के लिए कदम उठाये। आज, गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन से 6 मजदूर एक ट्रेन में चढ़कर अपने घरों की ओर बढ़ रहे हैं।

मजदूरों के परिजनों ने मंत्री सत्यानंद भक्ता जी और गौरांग दत्त जी का आभार व्यक्त किया और उनके समर्थन और साहस के लिए धन्यवाद दिया।

यह घटना दिखाती है कि सोशल मीडिया के माध्यम से आम लोग सरकार से संवाद करने और समस्याओं का समाधान करने के लिए अपने आवाज का उपयोग कर सकते हैं।

# सालखान मुर्मू खुद असामाजिक व्यक्ति, आदिवासी समाज को कहता है असंविधानिक : महल

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलःचांडिल डैम शीश महल में पातकोम दिशोम पारगाना बाबा रामेश्वर बेसरा के अध्यक्षता में माझी बाबाओं एवं मुंडाओं का बैठक हुआ विगत 12 सितंबर 2023 को पूर्वी सिंभूम जिला के केड़ुकोचा मैदान से झारखंड सरकार ने आदिवासी समाज के प्रमुख माझी-गोडेत-पारगाना, मुंडा-मानकी आदि को घर और बाइक देने का घोषणा किया, घोषणा के दूसरे दिन ही बीजेपी के पूर्व सांसद सालखान मुर्मू ने उक्त घोषणा को असवैधानिक बताया है और पीआईएल करने की धमकी भी दिए हैं।

सालखान मुर्मू के द्वारा इस बयान को देने के बाद माझी पारगाना महल ने सालखान के विरोध में आज बैठक किए जिसमें माझी बाबाओं ने कहा सालखान मुर्मू आदिवासी समाज को नीचा दिखाकर परंपरा रीति-रिवाजों को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं, और बाइक देने का विरोध ईर्ष्या के भावना से किया है, अगर



सालखान पीआईएल दायर करते हैं तो इसका जवाबी कार्रवाई माझी पारगाना महल करेगा।

इस विषय पर पातकोम दिशोम माझी पारगाना महल का बैठक कुकड़ू के चोकेगाड़िया में 1 अक्टूबर को और नीमडीह के हेबेन में 8 अक्टूबर को बैठक किया जाएगा और इसके बाद 15 अक्टूबर को पुरे पातकोम दिशोम ईचागढ़, चांडिल, नीमडीह, कुकड़ू का बैठक शीश महल में किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से माझी बाबा इंर्दो मुर्मू, सुसेम मार्डी, श्यामल मार्डी, बुद्धेश्वर किस्कु, लखई हांसदा, अंजित किस्कु, सोमचांद मार्डी, गोपाल मुर्मू, अरून सोरेन, तारास मुर्मू, बितन हांसदा, परेश हांसदा, महेंद्र टुडू, जगन्नाथ किस्कु, धिरेन हांसदा, नारान हांसदा, हिरो हांसदा, जितेन मार्डी आदि उपस्थित थे।

# पटमदा-बोड़ाम के 23 स्कूलों में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नव साक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान द्वारा पटमदा प्रखंड के 17 स्कूलों में रविवार को आयोजित की गई। इसमें 18 से अधिक उम्र वाले एक हजार निरक्षर महिला व पुरुष परीक्षार्थी शामिल होने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 819 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। बोड़ाम प्रखंड के 900 परीक्षार्थियों के लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। जिसमें 455 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। परीक्षा सुबह 10 बने से दोपहर 2 बजे तक ली गई।

बीईईओ प्रभाकर कुमार ने मध्य विद्यालय पटमदा एवं बाकी सेंटरों में संकुल साधन सेवियों ने निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों में पटमदा प्रखंड के मध्य विद्यालय बनकुंचिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा, अपग्रेड हाइस्कूल जोड़सा, मध्य विद्यालय बांगुड़दा, उत्क्रमित मध्य



विद्यालय गोपालपुर, मध्य विद्यालय काशमार, मध्य विद्यालय कमलपुर, मध्य विद्यालय माचा, मध्य विद्यालय कुमीर, अपग्रेड हाइस्कूल गोबरघुसी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामनी, मध्य विद्यालय पटमदा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आगुईडांगरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटमदा बस्ती, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रांगाटांड़ व मध्य विद्यालय दिघी में परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

जबकि बोड़ाम प्रखंड में मध्य विद्यालय माधवपुर, प्राथमिक विद्यालय हलुदबनी, उच्च विद्यालय बोड़ाम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहाड़पुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगमोहनपुर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारियादा में सेंटर बनाया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई है।

# महिला बिल पे भी वर्तमान सरकार कर रहे हैं जुमलेबाजी प्रवीण सिंह कुशवाहा

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) महिला आरक्षण को लेकर पटना पूर्व प्रत्याशी श्री प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा की महिला आरक्षण बिल का सपना



इंदिरा गांधी श्री राजीव गांधी एवं सोनिया गांधी ने देखा था वह सकार हो रहा है '

लगातार कांग्रेस सरकार ने महिला आरक्षण व महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने का काम किया है ताकि महिला देश में सामने लाया जाए । महिला आरक्षण को लेकर विशेष शास्त्र बुलाया गया था लगता था कि था कि कल से ही महिला को आरक्षण आरक्षण मिलने लगेगा लेकिन उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का बिल इमिटेशन होगा तब ये आरक्षण दिया जाएगा इसका मतलब साफ है कि जैसे जुमलेबाजी पहले करते आ रहे हैं हर मुद्दे पर आज भी जुमलेबाजी कर रहे हैं बीजेपी इतनी ही संस्कारी पार्टी तो तो उस समय क्यों नहीं समर्थन किया जब कांग्रेस लोकसभा में महिला आरक्षण बिल लेकर आया था महिलाएं समझ रही है वर्तमान सरकार जुमलेबाजी करते आ रहे हैं आज भी जुमलेबाजी कर रहे हैं महिलाएं समझ रही है यह सरकार हर घर की बचत को कहां पहुंचा दिया है देश की महिलाएं जाग चुकी है वर्तमान सरकार सिर्फ जुमलेबाजी कर रही है इसके सिवाय कुछ नहीं आने वाले लोकसभा चुनाव में यही महिला खुद निर्णय लेगी की वर्तमान सरकार की





# पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां के महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई,पत्रकारों के हित में हुई चर्चा

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 24 सितंबर 2023: सरायकेला जिले के एकमात्र सरकारी मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां के जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सरायकेला स्थित परिसदन में संपन्न हुई. क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई उक्त बैठक में आज के परिवेश में हो रही पत्रकारिता पर गंभीर चर्चा की गई, जिसमें समाज हित एवं राष्ट्रहित में स्वच्छ पत्रकारिता पर विशेष रूप से बल दिया गया. बैठक का संचालन क्लब के महासचिव मोहम्मद रमजान अंसारी ने किया. बैठक में कुल सात प्रस्तावो पर चर्चा किया गया. जिसके तहत सांगठनिक सशक्तिकरण को लेकर कार्य करने. प्रखंडवार त्रैमासिक बैठक करने का निर्णय लिया गया. साथ ही क्लब के जरूरतमंद सदस्यों के लिए क्लब की ओर से किए गए सहयोग की एक स्वर में सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया. सर्वसम्मति से



निर्णय लिया गया कि क्लब द्वारा सामाजिक कार्यों के लिए विशेष रूप से सहयोगात्मक कदम बढ़ाया जाएगा. बैठक में क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष सुमंगल कुंडू (केबु दा) कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मेहता, प्रमोद कुमार सिंह, संजय मिश्रा, सुमन मोदक, बानेश्वर महतो, पारस कुमार होता, राहुल चंद्रा, आशीष झा, बलराम पंडा, रणवीर कुमार, सुमित सिंह, शंभू कंसारी, अजय कुमार महतो, उमाकांत कुमार कर, परमेश्वर गोराई उर्फ बाबू, अंकित शुभम, अभिषेक कुमार मिश्रा, अभय कुमार मिश्रा, संतोष कुमार, रविकांत गोप, अरुण कुमार मांझी, सुनील कुमार गुप्ता, खगेन चंद्र महतो, कल्याण पात्रा, जगन्नाथ चटर्जी, विश्वरूप पंडा, रासबिहारी मंडल, सुधीर गोराई, सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे.

# 20 सूत्री अध्यक्ष शक्तिपद महतो का शवयात्रा में शामिल हुए आम से खास

## विधायक सविता महतो भी शवयात्रा में हुए सामिल

**दैनिक समाज जागरण, शेखर सुमन, ईचागढ़, झारखंड**

ईचागढ़ --सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड के बरिष्ठ झामुमो नेता सह 20 सूत्री अध्यक्ष स्व शक्तिपद महतो का पार्थिव शरीर रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। पार्थवी शरीर रांची रिम्स से गांव आते ही पुरे गांव शोक में डूबा। शव यात्रा में आम से खास सामिल होकर आत्मा कि शांति की कामना किया। ईचागढ़ विधायक सविता महतो भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मालूम हो कि 20 सुत्री अध्यक्ष का शनिवार दोपहर दो बजे के करीब रांची के रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वही उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मालूम हो कि विगत दिनों उनका तबियत बिगड़ने से परिजनों ने बेहतर ईलाज के लिए टीएमएच अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहां उनका 15 दिनों से अस्पताल के सीसीयु में चला और वे स्वस्थ होकर घर लौटे थे। शुक



वार सुबह को उनका तबीयत फिर से बिगड़ने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया जहां इलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। वही उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक सविता महतो ने पार्टी व निजी स्तर पर अपूर्णिय क्षति बताया। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इन्द्रजीत महतो ने बताया कि कल रिम्स में 20 सुत्री अध्यक्ष का निधन कि सुचना मिलते ही क्षेत्र में शोक का लहर दौड़ पड़ा । उन्होंने कहा कि इनका स्वभाव और कर्मठता का लोग कायल थे। उनका निधन से क्षेत्र में अपूरनिय क्षति हुई है। मौके पर बीडीओ राकेश गोप, थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार,झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो,जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील महतो सहित सैकड़ों समर्थक व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर साधा निशाना, जाति जनगणना को लेकर किया काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन

**समाज जागरण फिरदौस अहमद**

भागलपुर बिहार जाति जनगणना पर रोक लगाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी जहां एक तरफ एड़ी चोटी एक कर दी है वहीं दूसरी तरफ उसके खिलाफ जनता दल यूनाइटेड ने पूरे सूबे में हल्ला बोल प्रदर्शन शुरू कर दिया है, कहीं मसाल जुलूस तो कहीं काला पट्टी लगाकर विरोध पर प्रदर्शन तो कहीं मौन जुलूस निकाल कर जदयू के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते दिख रहे हैं इसी बात आज भागलपुर के कचहरी चौक पर भी जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं ने जमकर नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जाति



जनगणना पर रोक लगाना चाहती है यह कतई बर्दाशत करने वाली बात नहीं है यह कहीं से सही नहीं है शायद भारतीय जनता पार्टी के मंशुवे ठीक नहीं वह किसी भी हालत में 2024 के चुनाव में नहीं आ पा रही है इसलिए वह बौखलाई हुई है । प्रदर्शन के दौरान जनता दल यूनाइटेड भागलपुर शाखा के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रदर्शन में मौजूद थे।

# आर पी डी लीगल एंड फाइनेंस कंसल्टेंट सेंटर एलएलपी ने मनाया अपना 15वा वर्षगांठ

**समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) के प्रमुख निकटतम विधिक और वित्त सलाहकार केंद्र, " आर पी डी लीगल एंड फाइनेंशियल कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड" RPD Legal & Financial Consultant Pvt. Ltd.), अपने 15वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी व्यक्तित्वों और समाजसेवियों ने उपस्थित होकर समाज को संदेश दिया कि कैसे कानूनी रूप से भविष्य की आर्थिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री डॉक्टर प्रोफेसर जवाहर लाल तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति और अति विशिष्ट अतिथि श्री मिथिलेश कुमार, सी० टी० एस० प्राचार्य, भागलपुर, सर्वेशतम कुमार सहायक निर्देशक, सीआईडी पुलिस विभाग श्री सत्यनारायण प्रसाद, लोक अभियोजन, भागलपुर उपस्थित रहे क इस महोत्सव में डॉक्टर विनोद कुमार, डॉक्टर डीपी सिंह, डॉक्टर आनंद मिश्रा, डॉक्टर पंकज बसक, ईशान सिन्हा और अन्य कई महत्वपूर्ण व्यक्तित्व भी उपस्थित थे। एवं विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक ओर एल० आई० सी० ऑफ इंडिया के प्रबंधक व विकाश पदाधिकारी उपस्थित थे। इस खास अवसर का मंच संचालन समाजसेवी श्री कमल जयसवाल ने किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सुखद बनाया। इस अवसर पर, आरपीडी के डायरेक्टर पवन कुमार साह और रानी कुमारी



ने उपस्थित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया। इसके साथ ही, आरपीडी से जुड़े सभी व्यवसाय व्यक्तित्वों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पवन कुमार साह,एवं रानी साह आरपीडी के डायरेक्टर ने इस मौके पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि कैसे कानूनी रूप से भविष्य में होने वाली आर्थिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने आरपीडी के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग व इससे सम्बंधित सभी प्रकार की सेवाएँ, जीएसटी से संबंधित सभी प्रकार की सेवाएं, कंपनी और एलएलपी की पंजीकरण, और विभिन्न प्रकार की लेखा-वित्त व ऑडिट सेवाएं शामिल हैं। आरपीडी के सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपने ग्राहकों को भविष्य में उनके आर्थिक मामलों का सुरक्षित समाधान प्रदान करने के लिए अपने संकल्प को मजबूती से प्रकट किया। आरपीडी लीगल एंड फाइनेंशियल कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के सभी सदस्यों ने इस समर्पण के साथ आरपीडी के ग्राहकों का समर्थन करने और उनके विश्वास का आभारी हैं, और वे इस अद्भुत पथ मिलन का अपने साथ मनाने की उम्मीद करते हैं। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सुश्री प्रियल राज के द्वारा किया गया।

# वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने डेंगू के रोकथाम हेतु बस्तियों में किया छिड़काव

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 24 सितंबर 2023:झ रविवार की सुबह मानगो स्थित छायानागर बस्ती में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए शहर की



ऊजार्वान समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने जगह जगह ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया,साथ ही डेंगू के रोकथाम हेतु बास्तिवासियों के बीच जागरूगता अभियान चलाया और आस पास पानी के जमाव को रोकने की सलाह दी ताकि बास्तिवासी व शहरवासी डेंगू के प्रकोप से सुरक्षित रह सके ।अभियान में शामिल हरि सिंह राजपूत,संदीप जंघेल,गगनदीप सिंह,गुरमीत सिंह,अंकित श्रीवास्तव,उमा महेश,अभिषेक झा,राहुल सिंह,प्रवीण,राहुल व अन्य शामिल थे ।

# गणेश पूजा के उपलक्ष्य में हुआ रंगारंग कार्यक्रम, भाजपा नेता विनोद राय ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण, शेखर सुमन ,सरायकेला, झारखंड**

ईचागढ़ - सरायकेला- खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुदा में श्री श्री गणेश पूजा सार्वजनिक समिति कुदा द्वारा सात दिवसीय गणेश मेला का आयोजन किया गया। मेला में कई रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं पुरूलिया मानभूम आर्केस्ट्रा धमाका का उद्घाटन भाजपा नेता विनोद राय ने सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार , विकास



ठाकुर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं मेला में कुंदन कुमार,कणिका कर्म कार,राजा मुखर्जी एवं पुरूलिया मानभूम आर्केस्ट्रा धमाका के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक डांस पर लोगों का जमकर मनोरंजन कराया। मेला में कुरमाली झुमर ,भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। वहीं मीना बाजार का भी लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया । रविवार को मेला का समापन किया गया। वहीं भाजपा नेता विनोद राय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सुदुरवर्ती गांव में इस तरह का विशाल आयोजन सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ से जहां मन को संतोष मिलता है, भावना में सुधार होता है, वहीं मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों का मनोरंजन होता है। उन्होंने कहा कि हमारे परम्परा को बचाए रखने के लिए कुदा के ग्रामीणों द्वारा इतना बड़ा आयोजन करना गांव का एकता को दशार्ता है। वहीं थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इतना बड़ा आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने जो शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किया यह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि तिरूलडीह थाना क्षेत्र में लोगों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर समाजिक व धार्मिक कार्यक्रम भाईचारा व सद्धावना के किया जाना चाहिए।

# दुर्गा पूजा महासमिति भागलपुर इकाई द्वारा सभी मेडपति व पूजा समिति के सदस्यों के साथ अहम बैठक

**समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा**

भागलपुर बिहार इस साल दुर्गा पूजा 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगा इसको लेकर भागलपुर दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा आज एक अहम बैठक रखी गई जिसमें आज अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष और संरक्षक पद के लिए चुनाव किए गए ,दुर्गा पूजा शांति व सौहार्द के साथ मनाने के लिए आज सभी दुर्गा मंदिर के मेडपति एवं सदस्यों को बुलाया गया और भाईचारे




व शांति सौहार्द के साथ इस त्योहार को संपर्क करने की अपील की गई गौरतलब हो कि इस साल दुर्गा पूजा 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू हो जाएगा परंतु षस्थि तिथि से शुरू होने वाली पूजा 20 अक्टूबर से शुरू होगी और दसवीं के लिए 24 अक्टूबर के दिन विसर्जन से समाप्ति होगी, दुर्गा पूजा महासमिति के वर्तमान अध्यक्ष अभय कुमार घोष ने बताया कि इस बार डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ा हुआ है हम लोग हर वार्ड में जाकर दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से डेंगू मरीज से मिलेंगे और उन्हें उचित इलाज भी करेंगे साथ ही साथ हर वार्ड में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव फॉगिंग एवं साफ-सफाई भी कराई जाएगी जिससे पर्व त्यौहार में किसी तरह की खलल ना आए वहीं उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर प्रशासन से भी गुहार लगाई गई है उम्मीद है प्रशासन की भी पूरी मदद मिलेगी।उधर नाथनगर पूजा समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू यादव ने भी पूजा समिति के सदस्यों को शुभकामना देते हुए कहते हैं दुर्गा पूजा भागलपुर में शांति सद्भाव भाईचारे का संदेश स्थापित करता है। मौके पर महामंत्री देवाशीष बनर्जी ,संरक्षक भावेश यादव, प्रोफेसर शिव शंकर सिन्हा, प्रोफेसर शिवकुमार भगत, अमरकांत मंडल ,राजेंद्र लाल, अशोक राय व अन्य